बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 15 मई 2024
वर्ष 34, अंक 108, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम 16
कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लिट्टे श्रीलंका में अपनी गतिविधियां चला रहा एक संगठन है लेकिन इसके समर्थक, हमदर्द और एजेंट भारतीय क्षेत्र में हैं।

### ईडी के सामने पेश हुए झारखंड के मंत्री आलम

**रांची।** झारखंड के मंत्री और कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम अपराह्न करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। आलम ने संघीय एजेंसी के कार्यालय में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से कहा, मैं कानून का पालन करता हूं... मैं पूछताछ का सामना करने के लिए यहां आया हूं। ईडी ने आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ नकदी के साथ गिरफ्तार किया था।

### मोदी, ठाकुर के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समेत भाजपा के कई अन्य नेताओं की ओर से आम चुनाव 2024 में अप्रैल-मई के दौरान कथित तौर पर नफरती भाषण देने के खिलाफ उन पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

# आईएमए अध्यक्ष की बिना शर्त माफी को सुप्रीम कोर्ट ने किया अस्वीकार्य

नई दिल्ली, एजेंसी



**पतंजलि केस**

- नाराज कोर्ट ने कहा-आप अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते
- रामदेव, बालकृष्ण की अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा। सुनवाई के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आरवी अशोकन ने हालिया साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ दिए गए अपने बयानों के लिए पीठ से बिना शर्त माफी मांगी लेकिन अदालत ने अस्वीकार्य कर दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने अशोकन से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि आराम से सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार दें और अदालत पर आक्षेप लगाएं। पीठ ने आईएमए के वकील से कहा कि अदालत संगठन के अध्यक्ष के माफीनामे को स्वीकार करने की इच्छुक नहीं है। अशोकन ने साक्षात्कार में पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले को लेकर सवालों के जवाब दिए थे।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर किया जाए।

# थोक महंगाई बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

**लगातार दूसरे महीने बढ़कर अप्रैल में 1.26 प्रतिशत पर पहुंची**

- ईंधन-बिजली के साथ खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने का असर



अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईंधन और बिजली के साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है। फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही।

मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

**मुद्रास्फीति 3.3% रहने का अनुमान**

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है। अभी तक जिंस कीमतों का रुख देखते हुए डब्ल्यूपीआई के मई और जून में दो प्रतिशत के पार जाने का अनुमान है। इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

**सितंबर-अक्टूबर तक नरमी की उम्मीद**

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सितंबर/अक्टूबर, 2024 तक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है क्योंकि कई खरीफ फसलें मंडियों में आना शुरू करेंगी। विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में महंगाई दर में कमी आई और यह 0.42 प्रतिशत रही।

# हिंदू-मुस्लिम किया तो सार्वजनिक जीवन जीने के योग्य नहीं रहूंगा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज चैनल के साक्षात्कार में कही मन की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



नामांकन दाखिल करते प्रधानमंत्री मोदी।

- बोले-गोधरा दंगों के बाद उनकी छवि जानबूझकर खराब की गई

**अमृत विचार :** चुनावी माहौल में मतों के ध्रुवीकरण को लेकर चल रही आम चर्चा के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुसलमानों को लेकर मन की बात साझा की है। मंगलवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं बचपन से मुस्लिम परिवार के साथ रहा हूं बल्कि मेरे कई अच्छे मुस्लिम मित्र हैं। मैं जिस दिन हिन्दू-मुसलमान करूंगा उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। ऐसा नहीं करूंगा, ये मेरा संकल्प है।

लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उम्मीदवार के रूप में तीसरी बार पर्चा भरने के बाद प्रधानमंत्री ने मुसलमानों के प्रति अपनी धारणा को जगजाहिर किया। सवाल उठा कि, आप ये धारणा तोड़ने में सफल क्यों नहीं हो पाए कि आप मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं? मोदी बोले, यह मुद्दा मुसलमान का नहीं है, निजी तौर पर मुसलमान कितने भी मोदी के साथ होंगे, लेकिन एक निश्चित विचार का प्रभाव है, जो उनको आदेश करता है कि आप ये करो-वो करो। उसी के आधार पर वह फैसला करता है।

मोदी ने बताया कि, मेरे घर के अगल-बगल सारे मुस्लिम परिवार हैं। हमारे घर में ईद भी मनती थी। ईद के दिन घर पर खाना नहीं बनता था। मुस्लिम परिवारों से मेरे यहां खाना आ जाता था। मुहर्रम में हमारा ताजिये के नीचे से निकलना अनिवार्य होता था, यह हमें सिखाया गया था। प्रधानमंत्री के मुताबिक 2002 में गोधरा कांड के बाद सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब की गई। ज्यादा बच्चों वाले बयान पर बोले कि मैंने ना हिन्दू कहा, ना मुसलमान। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी ये हाल है। मैंने कहा है कि उतने बच्चे हों जिसका लालन-पालन कर सको।

**मोदी ने किया वाराणसी से तीसरी बार नामांकन**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। उन्होंने अपने प्रस्तावकों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। इससे पहले उन्होंने गंगा नदी और काल भैरव को नमन किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं।

**कई राज्यों के सीएम और केंद्रीय मंत्री हुए शामिल**

मोदी के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, प्रफुल्ल पटेल, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस, अनिल बलूनी आदि की मौजूदगी रही।

## भीमा कोरेगांव केस में गौतम नवलखा को मिली जमानत



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवाद संबंध मामले में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन. भट्टी ने नवलखा की जमानत पर लगी बंबई हाईकोर्ट की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे। विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे। प्रतिवादी पक्ष यथाशीघ्र 20 लाख रुपये का भुगतान करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं।

# दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईमेल से भेजे धमकी भरे संदेश, जांच में कुछ नहीं मिला
- पहले भी 20 अस्पतालों, हवाई अड्डो को मिली थी धमकी

राष्ट्रीय राजधानी के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को मंगलवार को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे दो दिन पहले दिल्ली के 20 अस्पतालों, हवाई अड्डे और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें चार अस्पतालों में बम होने की खबर मिली जबकि दिल्ली पुलिस के मुताबिक सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, ईमेल यूरोप स्थित मेलिंग सेवा कंपनी 'बीबल डॉट कॉम' से भेजे गए थे, जिसमें वही सामग्री थी जो रविवार को अस्पतालों को भेजी गई ईमेल में थी।

धमकी में कहा गया कि मैंने आपकी इमारत में विस्फोटक उपकरण रखे हैं। उनमें अगले कुछ समय में धमाका होगा। यह कोई धमकी नहीं है, आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, अन्यथा निर्दोष लोगों का खून बहने की जिम्मेदारी आप पर होगी।

**पंतनगर एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी**

**पंतनगर।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। आनन-फानन एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करते हुए बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिलने पर अधिकारियों ने चैन की सांस ली।

# गलत ऑपरेशन पर 25 लाख का हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला, 12 प्रतिशत ब्याज भी लगाया
- अयोध्या के सुनीता हेल्थ केयर सेंटर की चिकित्सक ने बरती लापरवाही

**अमृत विचार :** राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक महिला का गलत आपरेशन करने पर अयोध्या के सुनीता हेल्थ केयर सेंटर की चिकित्सक डॉ. सुनीता पर 25 लाख 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। इस पर 12 प्रतिशत अलग से ब्याज भी देना होगा।

अयोध्या के अमानीगंज पठान टोलिया निवासी हनुमान प्रसाद ने बताया कि पत्नी मालती देवी पेट में हमेशा दर्द रहता था। मई 2018 में आवास विकास कॉलोनी स्थित सुनीता हेल्थ केयर सेंटर में प्रोपराइटर डॉ. सुनीता ने दो लाख रुपये जमा कर मालती के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया।

छह दिन तक घाव नहीं भरा तो पांच लाख रुपये और जमा कराकर आंत का दोबारा ऑपरेशन किया। इससे हालत बिगड़ने पर मेयो हास्पिटल लखनऊ ले गए। वहां के चिकित्सकों ने पहला ऑपरेशन गलत होने से मल-मूत्र घाव से निकलना बताया और उनकी सलाह पर पांच लाख रुपये जमा कर फिर से ऑपरेशन कराया। कुछ दिन बाद पत्नी को डिस्चार्ज कराया और डॉ. सुनीता से खर्च की रसीदें मांगी तो नहीं दी। इस पर उन्हें नोटिस भेजा तो नाराज होकर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। तब राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया।

जिसकी सुनवाई पीठासीन सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने की।

न्यायालय ने कहा कि पहला ऑपरेशन गलत होने से इंटेस्टाइन पंक्चर हुए।

इस वजह से घाव से मल-मूत्र आने लगा। इसमें डॉ. सुनीता और अस्पताल दोषी हैं। आदेश दिया कि पीड़ित को हर्जाना के तौर पर 15 लाख रुपये व 10 लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना के ऑपरेशन से सुनवाई की तिथि तक 12 प्रतिशत अलग से ब्याज के साथ 30 दिन में अदा करें। इससे अधिक समय होने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा। इसके अलावा वाद व्यय 25 हजार लगाया। जो 30 दिन में न देने पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

# दिल्ली शराब नीति केस में ईडी बनाएगी `आप` को आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट में कहा-दाखिल करेंगे नई चार्जशीट
- मनीष सिसोदिया की जमानत का किया विरोध

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाएगी। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही।

ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष कहा कि मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को सह-आरोपी बनाया जा रहा है। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए आरोपी व्यक्तियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। सिसोदिया के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई धनशोधन और भ्रष्टाचार मामले में लोगों को अभी भी गिरफ्तार कर रही हैं और मुकदमे की सुनवाई जल्द पूरा होने का कोई सवाल ही नहीं है।

## 30 लाख की अफीम के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने मंगलवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2-3 के पूर्वी छोर पर 30 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एनसीबी और जीआरपी भी शामिल रही। महिला तस्कर झारखंड की रहने वाली है। वह अफीम लेकर बरेली जा रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी विमल कुमार सिंह ने बताया कि अफीम की तस्करी को लेकर काफी समय से सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस दौरान जानकारी मिली कि प्रमिला नामक महिला दो किलो अफीम लेकर झारखंड से बरेली जा रही है।

# दिल्ली में आयकर विभाग की इमारत में लगी आग, एक अधिकारी की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी



बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए पहुंचे अग्निशमन कर्मचारी।

- दमकल कर्मियों ने दो महिलाओं समेत सात को बचाया
- अग्निशमन विभाग की 21 गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं

दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में कार्यालय अधीक्षक सतेंद्र कुमार (46) की मौत हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक व्यक्ति को मामूली चोट आई जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि हमें दोपहर 3.07 बजे आयकर विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने कुल 21 दमकल गाड़ियां भेजी हैं। पुलिस को भी जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में, इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर शरण लिए हुए दिखे। दमकल कर्मियों ने लोगों की सीढ़ियों की सहायता से बाहर निकलने में मदद की।

## एसएफजे के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

- लिखे थे खालिस्तान समर्थक नारे

**चंडीगढ़ / बठिंडा।** काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) बठिंडा और जिला पुलिस ने पंजाब और दिल्ली में बठिंडा सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों में बठिंडा के गांव जीवन सिंह वाला निवासी गोगी सिंह और तलवंडी साबो के गांव जियोन सिंह वाला निवासी जॉनी है, तीसरे की पहचान फरीदकोट के गांव दोआद के प्रीतपाल सिंह के रूप में हुई है, जिसे बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है।

**समृद्धि** | लखनऊ में 2014 से घटता गया रकबा, मांग और दाम बढ़ने से फिर लहलहाई फसल

# रामदाना की बढ़ी पैदावार से किसान हुए मालामाल

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गोसाईगंज क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा किसान एफपीओ के माध्यम से करने लगे खेती



**अमृत विचार :** राजधानी के गोसाईगंज क्षेत्र के किसानों ने फिर से रामदाना की खेती पर भरोसा जताया है। 2014 के बाद से इसका रकबा घटकर न के बराबर पहुंच गया था लेकिन दो वर्षों से किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के माध्यम से एक हजार से ज्यादा किसान रामदाना की खेती करने लगे हैं। इसमें गेहूं के बराबर लागत और अधिक मुनाफा देख अन्य ब्लॉकों के किसान भी आकर्षित हुए हैं। गोसाईगंज क्षेत्र रामदाना की बेल्ट कही जाती है। यहां एफपीओ ने वर्ष 2022 में 500 एकड़ से खेती की शुरुआत की थी और 2023 में रकबा बढ़कर एक हजार एकड़ हो गया। इस वर्ष 1500 एकड़ में पैदावार का लक्ष्य रखा गया है। रामदाना खरीफ की फसल है, जो लखनऊ से लगे बाराबंकी व रायबरेली के कुछ क्षेत्र में होती है। राजस्थान में सबसे ज्यादा पैदावार होती है। लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र के किसान अक्टूबर से दिसंबर तक इसकी खेती करते हैं। इसकी वजह राजस्थान की अन्नपूर्णा प्रजाति है।

**15 हजार की लागत में 84 हजार से ज्यादा की हो रही कमाई**

एक एकड़ में रामदाना की खेती में 15 हजार रुपये खर्च आता है। गोसाईगंज में जो उत्पादन हो रहा वह एक एकड़ में 12 क्विंटल तक है। वर्तमान में रामदाना का भाव लगभग 72 रुपये किलो है। लागत निकालकर एक एकड़ में इसकी खेती से 84 हजार रुपये से ज्यादा कमाई हो रही है।

**बढ़ा रकबा, कोलकाता में बिक्री**

नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने बताया कि रामदाना से गजक, पट्टी, हलवा, लड्डू आदि खाद्य पदार्थ बनते हैं। इधर दो वर्ष से रामदाना का बिस्कुट और कन्फेक्शनरी में इस्तेमाल होने से मांग के साथ दाम बढ़े हैं। इसे देखते हुए किसान फिर से खेती करने लगे हैं। इनके द्वारा तैयार रामदाना कोलकाता की फैक्ट्रियों से ज्यादातर बेचते हैं। कुछ किसान निर्यात भी करते हैं।

> जिले में रामदाना की खेती पूर्व में बड़े पैमाने पर होती थी, जो धीरे-धीरे घटती गई। जो अब एफपीओ के माध्यम से इसे बढ़ा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम आए हैं। जल्द अन्य क्षेत्रों में भी अधिक पैदावार होगी। - **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

## एक नजर

### चौथे चरण में हुआ कुल 58.22 प्रतिशत मतदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर कुल 58.22 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने मंगलवार को मतदान की ताजा रिपोर्ट जारी की। जारी रिपोर्ट के अनुसार खीरी में सबसे ज्यादा 64.68 प्रतिशत व कानपुर में सबसे कम 53.05 प्रतिशत मतदान हुआ। अन्य सीटों में शाहजहांपुर (अजा) सीट पर 53.36 प्रतिशत, धौरहरा में 64.54 प्रतिशत, सीतापुर में 62.54 प्रतिशत, हरदोई (अजा) में 57.52 प्रतिशत, मिश्रिख (अजा) में 55.89 प्रतिशत, उन्नाव में 55.46 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 59.08 प्रतिशत, इटावा (अजा) में 56.36 प्रतिशत, कन्नौज में 61.08 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.78 प्रतिशत व बहराइच (अजा) में 57.42 प्रतिशत मतदान हुआ।

### सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे : केशव मौर्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को बाराबंकी, बस्ती और अम्बेडकरनगर मे आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा कार्यालय से साझा जानकारी के अनुसार मौर्य ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को खतरा बताने वाले अखिलेश यादव व राहुल गांधी के राजनैतिक अस्तित्व का खतरा है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जो पाकिस्तान भीख मांग रहा है वह चाहता है कि भारत में कांग्रेस की सरकार बने, जिससे पाकिस्तान के हालात सुधर सकें।

### लगभग डेढ़ करोड़ कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में एक करोड़ 69 लाख 38 हजार रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई, जबकि अब तक कुल 419 करोड़ 35 लाख 49 हजार रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की जा चुकी है। सहारनपुर की गंगोह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 66 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

### मुझे खरीदने और तोड़ने की कोशिश हुई : उमर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पहली इंडी गठबंधन की ओर से गाजीपुर में आयोजित सभा में उसका पुत्र उमर अंसारी पहुंचा। अफजाल अंसारी के नामांकन के बाद सपा कार्यालय पर सभा में उमर अंसारी ने आरोप लगाया कि मेरे परिवार को तोड़ने के साथ ही मुझे खरीदने की कोशिश की गई। मुकदमों से डराया जा रहा है। यह कोशिश करने वालों का पता होना चाहिए कि हम किस परिवार से हैं।

# 5वें चरण में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

## लखनऊ समेत 14 सीटों पर 144 प्रत्याशी मैदान में, निर्वाचन आयोग ने शुरू की मतदान की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चार चरणों में मतदान के बाद अब भारत निर्वाचन आयोग ने 5वें चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ, अमेठी व रायबरेली समेत कुल 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व सीट पर 20 मई को मतदान होगा। भाजपा व विपक्षी दल अपने प्रत्याशियों को जिताने की जुगत में लग गए हैं। इस चरण की लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। 5वें चरण में कई दिग्गज प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

निर्वाचन आयोग ने सभी सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए मतदाताओं को सूचना पर्ची उपलब्ध कराने के लिए गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया है। आयोग के निर्देश के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग के निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 14 में से 13 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा ने पिछले चुनाव में रायबरेली सीट जीतने की भरसक कोशिश थी, पर कांग्रेस से सोनिया गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की थी, जबकि अमेठी सीट पर राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा था।

इस सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने जीत हासिल की थी। इसी तरह, लखनऊ से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर ने विजय हासिल की थी।

इस चरण की महत्वपूर्ण समझी जाने वाली सीटों में इस बार मोहनलालगंज (अजा) सीट पर कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी, बसपा से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ सीट पर कुल 10 प्रत्याशियों में से भाजपा से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, सपा से पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा व बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक चुनाव मैदान में हैं। रायबरेली सीट पर कुल आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस से राहुल गांधी व बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव प्रत्याशी हैं। अमेठी के कुल 13 प्रत्याशियों में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, कांग्रेस से किशोरी लाल शर्मा व बसपा से नन्हे सिंह चौहान प्रत्याशी हैं। चुनाव में इन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।



**20 मई को होगा मतदान**

### कहां से कौन मैदान में

● **जालौन (अजा) -प्रत्याशी छह**
सपा-नारायण दास अहिरवार
भाजपा-भानु प्रताप सिंह वर्मा
बसपा-सुरेश चन्द्र गौतम

● **झांसी-प्रत्याशी-10**
भाजपा-अनुराग शर्मा
कांग्रेस-प्रदीप जैन 'आदित्य'
बसपा-रवि प्रकाश,
अपना दल (कमेरावादी)-चंदन सिंह

● **हमीरपुर-प्रत्याशी-11**
सपा-अजेन्द्र सिंह लोधी
बसपा-निर्दोष कुमार दीक्षित
भाजपा-कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल

● **बांदा-प्रत्याशी-12**
सपा-कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल
बसपा-मयंक द्विवेदी
भाजपा-आरके सिंह पटेल
अपना दल (कमेरावादी)-प्रमोद आजाद

● **फतेहपुर-प्रत्याशी-15**
सपा-नरेश चन्द्र उत्तम पटेल
भाजपा-निरंजन ज्योति
बसपा-मनीष सिंह सचान

● **कौशाम्बी (अजा) -प्रत्याशी-10**
सपा-पुष्पेन्द्र सरोज
भाजपा-विनोद कुमार सोनकर
बसपा-शुभ नारायण
अपना दल (कमेरावादी)-नरेन्द्र कुमार

● **बाराबंकी (अजा) -प्रत्याशी-13**
कांग्रेस-तनुज पुनिया
भाजपा-राजरानी रावत
बसपा-शिव कुमार दोहरे,

● **फैजाबाद-प्रत्याशी-13**
सपा-अवधेश प्रसाद
भाजपा-लल्लू सिंह
बसपा-सच्चिदानन्द पांडेय

● **कैसरगंज-प्रत्याशी-चार**
भाजपा-करण भूषण सिंह
बसपा-नरेंद्र पांडेय
सपा-भगत राम

● **गोंडा-प्रत्याशी-आठ**
भाजपा-कीर्तिवर्धन सिंह
सपा-श्रेया वर्मा
बसपा-सौरभ

● **लखनऊ पूर्व विधान सभा-प्रत्याशी-4**
बसपा-आलोक कुशवाहा
कांग्रेस-मुकेश सिंह चौहान
भाजपा-ओपी श्रीवास्तव



मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य।

# चुनाव में मतदाताओं की उत्साह के साथ हो भागीदारी : रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बाद हो गर्व की अनुभूति
- 'बुलावा टोली' के जरिए मतदाताओं से किया जाए सम्पर्क

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह के साथ भागीदारी जरूरी है। प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बाद गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। निर्वाचन अधिकारी 'बुलावा टोली' के जरिये मतदाताओं से सम्पर्क बनाकर मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्य करें। रिणवा मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पांचवें व छठे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों में और गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता के पास मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता सूची में उसका नाम देखते हुए मतदान कराया जाए।

निर्वाचन क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने और इस पर बीएलओ की उपस्थिति व मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वोटर असिस्टेंस बूथ की पहचान के लिए संकेतक भी लगाए जाएं। मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाए।

# विपक्षियों का इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार बचाओ अभियान : नड्डा

संवाददाता, अमेठी



**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षियों का इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार बचाओ अभियान है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर संकेत करते हुए कहा कि जो अमेठी का नहीं हुआ, वह रायबरेली का क्या होगा। नड्डा मंगलवार को अमेठी रामलीला मैदान में पार्टी प्रत्याशी स्मृति इरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके शासनकाल में चीनी घोटाला, लैपटॉप, अनाज, हेलीकॉप्टर व चारा घोटाले हुए हैं। राहुल गांधी संविधान लेकर घूमते हैं पर संविधान के विरुद्ध पिछड़ी जातियों का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को दे दिया।

उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्र बनने का सपना लेकर चल रहा है। भारत 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है। अगले पांच वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस दौरान तीन करोड़ नए मकानों का निर्माण होगा। पांच वर्षों में बिजली बिल मुफ्त होगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनेंगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 70 वर्ष पार कर चुके सभी महिला-पुरुषों का पांच लाख का निशुल्क इलाज कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेठी में कृषि विज्ञान केंद्र समेत अनेक विकास कार्य हुए हैं। अमेठी को देश को बड़े नगरों की लाइन में लाकर खड़ा किया गया है। कांग्रेस को राष्ट्र विरोधी, राम विरोधी व सनातन विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कोर्ट में राम को काल्पनिक कहा था। राहुल, सोनिया गांधी, लालू व अरविंद केजरीवाल सब 'पैरोल' पर हैं कुछ भ्रष्टाचारी जेल में हैं।

### 7वें चरण में 13 सीटों के लिए कुल 317 नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 7वें चरण की 13 सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम 134 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 317 नामांकन हो चुके हैं। सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस सीट पर कुल आठ प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। प्रत्याशी 17 मई को नाम वापसी कर सकेंगे। 1 जून को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को महराजगंज में नौ, गोरखपुर में 16, कुशीनगर में पांच, देवरिया में दो, बांसगांव (अजा) में पांच, घोसी में सात, सलेमपुर में छह, बलिया में नौ, गाजीपुर में सात, चंदौली में छह, वाराणसी में 27, मिर्जापुर में 19 व राबर्ट्सगंज (अजा) सीट पर 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी, राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से दो प्रत्याशियों मुनिया व जीतेन्द्र कुमार और अपना दल (सोनेलाल) से पिंकी सिंह ने नामांकन किया।

# किसानों का कर्ज होगा माफ : राहुल

संवाददाता, उरई/झांसी

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को झांसी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चुनावी जनसभा कर किसानों और नौजवानों का दर्द बयां कर वोट मांगे। कहा, केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने झूठे वादे करने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। इससे पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जालौन में सभा कर कहा कि भाजपा ने बुंदेलखंड को धोखा दिया है, जिसका इस चुनाव में जवाब देना होगा।

झांसी में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप जैन के पक्ष में माहौल बनाने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। गठबंधन की सरकार देश में क्रांतिकारी काम करेगी। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। नौजवानों को नौकरी देंगे। नरेन्द्र मोदी ने देश के 22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है, लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया।

उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों और नौजवानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जालौन में इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि चार चरणों के चुनाव में भाजपा धराशायी हो गई है।




झांसी में आयोजित जनसभा में गदा लहराते सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी।

- झांसी में राहुल गांधी ने अखिलेश यादव के साथ की सभा

# रायबरेली के पुलिस अधीक्षक के खिलाफ एसआईटी गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईजी रेंज व डीआईजी सुरक्षा टीम में शामिल
- 03 जुलाई को लिया जाएगा एसपी अभिषेक का बयान

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश पर रायबरेली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ डीजीपी ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दी है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी में डीआईजी सुरक्षा वीके सिंह भी शामिल हैं। जांच शुरू कर दी गई है और 03 जुलाई को एसपी अभिषेक अग्रवाल का बयान लिया जाएगा। रायबरेली के खीरो थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था।

महिला याचिकाकर्ता गोमती मिश्रा (70) ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे अलख मिश्रा (29) को पुलिस ने 31 मार्च की रात चोरी करने और हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जहां से गिरफ्तारी की गई वहां एक पेट्रोलपंप है। पेट्रोलपंप पर लगे सीसीटीवी में गिरफ्तारी का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे अलख के पास एमबीए डिग्री है। अलख का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चोरी के झूंठे मामले में फंसाया गया है। कारणों का हवाला देते हुए उसने कहा कि बेटे अलख मिश्रा ने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को निजी वाहन देने से इनकार कर दिया था। इसी से नाराज होकर एसपी ने अन्य आरोपों में बेटे को गिरफ्तार कराया। याचिका में रायबरेली जनपद के खीरो और सरेनी थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की भी मांग की थी।

एडीजी, लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि मुख्यालय से एसआईटी का गठन कर दिया गया है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई है। जो भी रिपोर्ट आएगी, उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा।

### आईजीआरएस पर 2022 से 10 विभागों की शिकायतें लंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर आईं शिकायतों (संदर्भ) की अफसरों ने अनदेखी की। शासन ने प्रदेशभर में दर्ज शिकायतों की समीक्षा की तो पोर्टल पर वर्ष 2022 से अप्रैल 2024 तक 10 विभागों की शिकायतें लंबित और डिफाल्ट श्रेणी में मिलीं। 15 दिन में इनका निस्तारण न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी गई है।

शासन की समीक्षा में उच्च शिक्षा विभाग की सबसे ज्यादा 4,196 शिकायतें लंबित और डिफाल्ट मिलीं। इसी तरह अवस्थापना एवं ओद्योगिक विकास की 325, ऊर्जा 301, बेसिक शिक्षा 210, न्याय विभाग 170, खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन 414, नगर विकास 118, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन 113, समाज कल्याण 108, पशुपालन 104 व पंचायती राज विभाग की 10 से अधिक शिकायतें रहीं। सभी शिकायतों को 15 दिन के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। लंबित मामले मिलने पर संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी गई है।

# अयोध्यावासियों को बीएसएनएल की 4जी सेवा इसी माह से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राम नगरी अयोध्या में इसी महीने के आखिर तक बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को 4जी की सेवा मिलने लगेगी। राम मंदिर बन जाने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है तो बीएसएनएल ने अपने टावरों को अपडेट किया। 41 नए बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशन) लगा दिए।

बीएसएनएल मुख्यतः धार्मिक स्थलों को प्राथमिकता दे रहा है जिससे कि आने वाले पर्यटकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। अयोध्या में लगातार पर्यटकों की आवाजाही रहती है। वहां बीएसएनएल उपभोक्ताओं को 4जी सेवा नहीं मिल पा रही है। अब 4जी सेवा शुरू होने से उनका इंटरनेट की स्पीड में इजाफा होगा। इसके आलावा वाराणसी और प्रयागराज में लगभग 300 बीटीएस लगाए गए हैं और जून की आखिर तक इन शहरों की 150 जगहों पर बीएसएनएल की 4जी सेवा शुरू हो जाएगा।

4G BSNL Connecting India

- महीने के आखिरी हफ्ते से मिलने लगेगी बीएसएनएल की 4जी सेवा
- वाराणसी और प्रयागराज में जून तक शुरू हो जाएगी 4जी सेवा

> अयोध्या में 4जी की सुविधा इस महीने की आखिर तक शुरू हो जाएगी। और इसके बाद वाराणसी और प्रयागराज में जून तक कुछ जगहों पर 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। इस साल की आखिर तक प्रदेश के 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं को 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उपभोक्ताओं को निशुल्क सिम बदलने की सुविधा दी जा रही हैं।
>
> -अभिनव कुमार वर्मा, उप महाप्रबंधक मोबाइल सेवा (परियोजना)

### संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर रहा है विपक्ष : जयंत चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है, इसलिए वह संविधान और आरक्षण के मुद्दे उठाकर जनता को भ्रमित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में न तो संविधान को खतरा है और न ही आरक्षण को कोई खतरा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, लखनऊ में रालोद के प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उप्र. के चार चरणों के चुनाव से स्पष्ट हो गया है कि सभी सीटों पर एनडीए का पलड़ा भारी है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को बताया कि जयंत चौधरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नामांकन में शामिल होने के वास्ते लखनऊ पहुंचे थे। यहां उन्होंने, प्रदेश पदाधिकारियों को सभी जिलों में एनडीए से समन्वय बना कर काम करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने एनडीए के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में रालोद कार्यकर्ताओं की मजबूत भूमिका निभाने के लिए संगठन को निर्देश दिए हैं।

# डॉ .एके सचान के खिलाफ केजीएमयू कसेगा शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी की सिफारिश को राज्य सरकार ने लिया संज्ञान जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** केजीएमयू में फार्माकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.ए के सचान के खिलाफ शिकंजा कसेगा। ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों पर कार्रवाई केजीएमयू प्रशासन करेगा। इसके लिए केजीएमयू प्रशासन द्वारा आगामी कार्यपरिषद में प्रकरण रखा जायेगा। राज्य सरकार ने कार्रवाई करने के निर्देश 11 मई शनिवार को अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद केजीएमयू प्रशासन को दिए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल ने उपनिदेशक, प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ के 1 मई 2024 के पत्र का संज्ञान लेते हुए केजीएमयू कुलपति को पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.एके सचान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की सिफारिश की है। ईडी द्वारा की जांच व कार्रवाई की संस्तुति और संबन्धी पत्र भी केजीएमयू को प्रेषित किए गए हैं। मालूम हो कि विभागाध्यक्ष डॉ.एके सचान के खिलाफ, प्राइवेट प्रैक्टिस, निजी अस्पताल संचालन और आय से अधिक संपत्ति आदि आरोप लग चुके हैं। ईडी ने स्वयं से संज्ञान लेकर आय से अधिक संपत्ति की जांच की थी। जांच में डॉ. सचान के पास आय से अधिक अकूत संपत्ति मिली थी, बीते दिनों जांच रिपोर्ट को भेजते हुए ईडी ने राज्य सरकार से सीबीआई जांच करने की सिफारिश भी की थी।

### ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फर्जी काल सेंटर खोलकर विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों के द्वारा संचालित किए जा रहे फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने सरगना को ओम प्लाजा अपार्टमेंट से पकड़ा। इसके खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज है। एसटीएफ डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि फर्जी काल सेंटर खोलकर एक गिरोह द्वारा वेबसाइट संचालित की जा रही है। जिसके माध्यम से फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। सोमवार की शाम सूचना मिली कि फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाला सरगना मो. दानिश ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट के कार्यालय संख्या 6 में मौजूद है। जिसके बाद उसे पकड़ा गया।

# एसपी ने कराई किरकिरी, बचाव में जुटे अधिकारी

विनय सिंह, लखनऊ

## सीतापुर हत्याकांड

- अफसरों ने बुधवार तक खुलासे का किया दावा
- मनोरोगी और नशेड़ी वाली थ्योरी से बैकफुट पर पुलिस

**अमृत विचार :** सीतापुर हत्याकांड में अपनी गलतियों के कारण चर्चा में आए एसपी सीतापुर के कारण जहां एक ओर विभाग की किरकिरी हो रही है, वहीं अब उच्चाधिकारी एसपी का बचाव भी कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि थाने में दी गई तहरीर में मनोरोगी और नशेड़ी होने की बात लिखी थी, इसलिए बोल दिया था। जघन्य हत्याकांड के कारण एसपी दबाव में रहे होंगे।

मालूम हो कि सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के छह सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इस पर सीतापुर पुलिस ने बिना ठोस छानबीन के हत्याकांड में मृतक अनुराग को ही हत्याकांड का आरोपी बताया था। इसके अलावा नशेड़ी और मनोरोगी भी बता दिया था। हालांकि जब जांच आगे बढ़ी तो सीतापुर पुलिस के दावों को पोल खुल गई। एसपी के बयान को लेकर पुलिस मुख्यालय के शीर्ष अधिकारी भी हैरत में थे। बाद में यह बयान सोशल मीडिया एवं मीडिया आदि प्लेटफार्मों पर वायरल होने के बाद विभाग की किरकिरी होने लगी। हालांकि शीर्ष अधिकारी ने देरी न करते हुए तत्काल आईजी तरुण गाबा को भेजा और बाद में एडीजी अमरेंद्र कुमार सेंगर स्वयं पहुंचे। एसटीएफ ने भी जांच में सहयोग करना पड़ा। जांच की प्रगति को लेकर शीर्ष अफसर अभी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। हालांकि बुधवार को खुलासा करने की बात जरूर कह रहे हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र बोले, रिश्तेदार नहीं, लेकिन न्याय मिले

सीतापुर हत्याकांड में मृतका प्रियंका सिंह (35) की रिश्तेदारी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के परिवार से जोड़ते हुए कुछ खबरें पूरे दिन सोशल मीडिया में वायरल होती रही। इसको लेकर पुलिस के शीर्ष अफसरों ने भी अनभिज्ञता जाहिर की। अमृत विचार संवाददाता ने वीर बहादुर सिंह के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के सभापति जितेंद्र बहादुर सिंह से इस विषय पर बात की। उन्होंने बताया कि मृतका के परिवार से हमारे परिवार की कोई सीधी रिश्तेदारी नहीं है। लेकिन अगर किसी को न्याय मिलता है तो अच्छी बात है। मुझे घटना के बारे में मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिली है।



> दरअसल पुलिस को दी गई तहरीर में मनोरोगी और नशेड़ी जैसी बात लिखी हुई थी। संभवत: इसीलिए एसपी ने बोल दिया होगा। जघन्य हत्याकांड के कारण जिले का शीर्ष अधिकारी बहुत दबाव में होता है। फिलहाल एसपी सही दिशा में जांच कर रहे हैं। लगातार जांच रिपोर्ट ली जा रही है। बुधवार शाम तक हम घटना के अनावरण की स्थित में आ जाएंगे।
>
> -अमरेंद्र सिंह सेंगर, एडीजी, लखनऊ जोन

# किसान सीखेंगे प्राकृतिक खेती का तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 17 से 25 तक बच्चों की छुट्टी के बाद लगेगी पाठशाला
- द मिलियन फार्मर्स स्कूल के तहत विद्यालयों में होगा आयोजन

**अमृत विचार:** प्रदेश में 17 से 25 मई तक द मिलियन फार्मर्स स्कूल (किसान पाठशाला) लगेगी जहां किसानों को खरीफ फसलों के साथ प्राकृतिक खेती की विधि बताई जाएगी। आपदा से निपटने तक के तरीके भी विशेषज्ञों द्वारा सिखाए जाएंगे।

जिलों की ग्राम पंचायतों पर 17 से 25 मई तक दो दिवसीय किसान पाठशाला का कृषि विभाग आयोजन करेगा। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की छुट्टी होने के बाद दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक पाठशाला लगेगी। इस डेढ़ घंटे की पाठशाला में खरीफ फसलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कृषि और उद्यान विभाग के विज्ञानी व पशुपालन, उद्यान, सिंचाई, मत्स्य, सहकारिता आदि विभाग के अधिकारी किसानों को धान की सीधी बोवाई, दलहन-तिलहन, मक्का व अन्य फसलों की कम लागत पर पैदावार की विधि बताएंगे। विभागों द्वारा योजनाएं, संसाधन और लाभ देने की जानकारी दी जाएगी। इसमें गोआधारित प्राकृतिक खेती मुख्य विषय रखा गया है। प्रगतिशील व पुरस्कृत किसान अपने अनुभव साझा करेंगे। पराली प्रबंधन, कृषि उत्पादक संगठन बनाना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, आपदा प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

# राहुल गांधी की तरह भागकर नहीं जाएंगे वायनाड : दिनेश

## भाजपा प्रत्याशी ने श्री सरस्वती इंटर कॉलेज में नुक्कड़ जनसभा को किया सम्बोधित, मतदाताओं से की पक्ष में वोट देने की अपील

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों का सम्मान दांव पर लगा है। दोनों दल मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह भी जिले में जगह-जगह नुक्कड़ सभा करके भाजपा के लिए जनता का समर्थन प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार की दोपहर बाद उन्होंने कस्बा खीरों के श्री सरस्वती इंटर कालेज के मैदान में एक नुक्कड़ जनसभा को सम्बोधित किया।

दिनेश प्रताप सिंह के साथ अन्य नेताओं ने भी रायबरेली में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से अपील की। दिनेश सिंह अंतिम सांस तक रायबरेली वासियों की सेवा करते-करते यहीं की पावन मिट्टी में लीन हो जायेगा। राहुल गांधी की तरह भागकर किसी वायनाड नहीं जायेगा। दिनेश सिंह रायबरेली वासियों के सुख दुख में चौबीसों घण्टे उपस्थित मिलेगा। आगामी 20 मई को कमल के फूल वाला बटन दबाकर मोदी के हांथों को मजबूती प्रदान करिए। क्योंकि यह समय देश के साथ रायबरेली के विकास और सम्मान का है। विपक्षी दल केवल चुनाव के समय आपका वोट हासिल करने के लिए दिखाई देते हैं, लेकिन दिनेश सिंह हर समय आपके साथ खड़े मिलेंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में महिला पुरुष और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।



खीरों में आयोजित नुक्कड़ सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी ने की नुक्कड़ सभा

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार की दोपहर गुरुबक्शगंज चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने एक नुक्कड़ जनसभा की। दिनेश प्रताप सिंह के साथ रायबरेली में कमल खिलाने के लिए आये मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने भी सभा को सम्बोधित किया। सर्वप्रथम मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने सभा को सम्बोधित करते हुए रायबरेली के भाजपा के सांसद प्रत्यासी दिनेश प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर मोदी के हांथों को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। दिनेश सिंह ने मतदाताओं से कहा कि आगामी 20 मई को कमल के फूल वाला बटन दबाकर मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करिए। इस नुक्कड़ सभा में कृष्णजीवन तिवारी, उमेश प्रताप सिंह, उदय भान सिंह, शम्मी सिंह, गया प्रसाद लोधी, नन्हे शुक्ला, ब्रजेश सिंह, संजय शुक्ला, लाले शर्मा, ब्रजेश सिंह, बीरेन्द्र सिंह, लाला गुप्ता सहित हजारों की संख्या कार्यकर्ता और सर्मथक मौजूद रहे।



भाजपा के सांसद प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### विकास के नाम पर वोट मांग रही भाजपा : दिनेश

**सेमरी, रायबरेली।** मंगलवार को खीरों विकास क्षेत्र के सेमरी मंडल में नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता कर रहे ह्रदेश कुमार बाजपेई ने सेमरी बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विकास के नाम पर वोट मांग रही है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया जिससे दुनिया में देश का मान बढ़ा है। इस अवसर पर हरचंदपुर विधानसभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, सेमरी मंडल प्रभारी तिलक सिंह, प्रेम तिवारी, जिला संयोजक मुकेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, सुरेश त्रिवेदी, अंजनी कुमार दीक्षित, कौसलेश सिंह लालू, शिवम दीक्षित, नरेश लोधी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के जुमले को जान चुकी है जनता : पायलट

**राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित**

बछरावां, रायबरेली



चुनावी सभा को संबोधित करते राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट।

**अमृत विचार।** बछरावां विकासखंड की सेंहगो ग्राम सभा में आज राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता सचिन पायलट ने आज सेंहगो ग्राम सभा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनावी सभा को संबोधित किया।

भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 2 करोड लोगों को नौकरी देंगे, भाजपा ने कहा था किसानो की आमदनी दुगना करेंगे, लेकिन वे अपने नारो में विफल रहे हैं, उसी तरह 400 पार वाला नारा भी विफल होगा। जनता उनके जुमले को जान चुकी है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा में 20 मई को पांचवें चरण में चुनाव निर्धारित है। जिसके तहत भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता जनता को अपने-अपने विकास कार्य व घोषणा पत्र के बारे में अवगत करा रहे हैं। बछरावां विकासखंड के ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी अपनी टीम के साथ इस चुनावी जनसभा के दौरान मौजूद रहे। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### गांधी परिवार में दिखती है संकल्पों को पूरा करने जैसी जिद : डॉ. पंकज श्रीवास्तव

**रायबरेली, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल गांधी ने रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नामांकन करके सौ साल पुराने रिश्ते को नई चमक दे दी है। राहुल और रायबरेली के बीच खून का रिश्ता है। खून का रिश्ता सिर्फ एक मां से जन्म लेने वालों के बीच नहीं होता, यह धरती माता के लिए खून बहाने वाली संतानों के बीच भी होता है। रायबरेली नेहरू-गांधी परिवार की राजनीतिक दीक्षा भूमि है जिसका ऋण चुकाते हुए इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक ने यहां की सांसद बनकर अभूतपूर्व सेवा की। सेवा की वही मशाल अब राहुल गांधी के हाथ में है। उन्होंने बताया कि रायबरेली और नेहरू-गांधी परिवार का यह रिश्ता 1930 के नमक आंदोलन से और पुख़्ता हुआ। यही नहीं, आजादी के आंदोलन के दौरान लिये गये संकल्पों को पूरा करने की जैसी जिद इस परिवार में दिखती है, दूसरे किसी में नहीं। राहुल गांधी जब मोहब्बत का पैगाम लेकर पूरे भारत को पैदल नापते हैं तो रायबरेली के लोग रोमांचित हो उठते हैं। उन्हें लगता है कि इस यज्ञ में वे भी आहुति दे रहे हैं।

# भाजपा ने कांग्रेस पर लगाए आरोप चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** चुनावी तारीख नजदीक आते ही जहां सियासी गर्मी की तपिश लगातार बढ़ रही है वही अब आरोप और प्रत्यारोप का का भी दौर शुरू हो गया है। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी पर गम्भीर आरोप लगाया है।

पत्रकार वार्ता कर दिनेश सिंह ने बताया कि कांग्रेस के हजारों लोग जो बाहर से आए हैं वह गांव गांव जाकर एक पेपर में जनता से हस्ताक्षर करवा रहे हैं। जिसमें उनको बताया जा रहा है कि जैसे ही हमारी सरकार बनती है एक लाख रुपए आपको मिल जाएगें। इस तरह का प्रलोभन देकर यहां वोट मांगा जा रहा है, जो आचार संहिता के अनुसार प्रलोभन देकर वोट मांगना आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस प्रत्याशी इस तरह का प्रलोभन देकर वोट मांगने का काम कर रहे हैं। दिनेश प्रताप सिंह ने इस मामले पर नाराजगी जताते हुए चुनाव आयोग से दखल देने की मांग की है। बीते दिनों से चल रहे प्रचार के तहत कांग्रेस नेताओं द्वारा रायबरेली को राहुल गांधी का घर बताने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग कभी रायबरेली नही आते है वह अब चुनाव के समय अपना घर बता रहे है। उन्होंने राहुल गांधी को घेरते हुए कहाकि वह चुनाव के समय कब कहा अपना घर बताने लगे यह तो किसी को नही पता। अब रायबरेली के साथ धोखा देने वालो को जनता सबक सिखाएगी।

# कांग्रेस की सरकार बनते ही मिलेगी नौकरी : मुकेश



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हिमांचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** मंगलवार को हिमांचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली की वोटर लोकसभा चुनाव में संसद में प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं, इसलिए अपने महत्व को समझिए और राहुल गांधी को अधिकार मतों से जिताएं। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही बेरोजगारों को नौकरी मिलेगी।

उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने राहुल गांधी से बंगला तक ले लिया लेकिन वह विचलित नहीं हुए। उपमुख्यमंत्री क्षेत्र के बैरुआ गांव में आयोजित नुक्कड़ सभा में राहुल गांधी के लिए वोट मांग रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमांचल प्रदेश में लोग राहुल गांधी से मिलने को तरसते हैं जबकि आप सब उनसे रोज मिल रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा राहुल के नाम से आज भी डरती है। प्रधानमंत्री से सीना तानकर मुकाबला करते हैं जबकि भाजपा सरकार ने पहले सदस्यता छीनी फिर बंगला छीन लिया, लेकिन राहुल गांधी विचलित नहीं हुए। वह पूजीपतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग सांसद नहीं प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं। इससे अपने महत्व को समझिए और राहुल को रिकार्ड मतों से जिताए। उन्होंने कहा केंद्र में गठबंधन सरकार बनते ही बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और हर गरीब महिलाओं के खाते में एक लाख सालाना आएंगे। संचालन राजन मिश्रा व आभार संजीव पांडे एडवोकेट ने व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक अशोक सिंह, सुधा द्विवेदी, सुरेंद्र शर्मा, गिरीश बहादुर सिंह, मोहम्मद इमरान हाशमी, शिवमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं से अभद्रता का आरोप

रायबरेली

**अमृत विचार।** पार्टी का प्रचार कर रही कांग्रेस की महिला सभा की शहर अध्यक्ष ने एक बार युवक पर प्रचार सामग्री फाड़ने और अभद्रता का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगा है कि महिला कार्यकर्ता अयोध्यापुरी वार्ड में शहर अध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा अपनी कार्यकर्ताओं के साथ गारंटी कार्ड लोगों के बीच में वितरित कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसी वार्ड का स्थानीय निवासी एक युवक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं शहर अध्यक्ष को गारंटी कार्ड बांटने और प्रचार करने से रोक महिलाओं के साथ बदसलूकी कर दी।

उसने जोर जबरदस्ती से महिलाओं के हाथ से गारंटी कार्ड खींच लिया। महिला कार्यकर्ता ने जब अपने संगठन के उच्च पदाधिकारियों को मोबाइल फोन द्वारा सूचित करने की कोशिश की,तो उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। वही कार्यकर्ताओ के साथ घटी घटना के बाद प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक, अनिल यादव, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव आदि मौके पर पहुंच गए। अध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है।



घटना के बाद शहर कोतवाली में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### अच्छे अंक अर्जित करने पर विद्यालय में जश्न का माहौल

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जारी परीक्षा नतीजे में कक्षा 10 में बेनी माधव पब्लिक स्कूल सुरीली का रिजल्ट 70 प्रतिशत रहा। विद्यालय के 29 बच्चों में सभी उत्तीर्ण घोषित हुए। विद्यालय की छात्रा रेनू शर्मा ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। जबकि करुणा 79 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर व विशाल 78 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बच्चों की सफलता पर प्रबंधक राजू तिवारी व प्रधानाचार्य आरके सिंह ने खुशी व्यक्त की है। इस दौरान कॉलेज में जश्न का माहौल है।

### 'अमृत विचार' की मुहिम — सही कल चुनते हैं आदर्श वोटर

**रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ के न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज की कक्षा 10 की छात्रा शैली तिवारी ने अपनी कलाकृति के माध्यम से आदर्श वोटर के बारे में बताया कि आदर्श वोटर ही सही कल चुनते हैं, क्योंकि वह जमीनी हकीकत समझते हैं। इस चुनाव मैदान में चाहे जो भी उतरे, जीतना आपका जरूरी है। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।




# सीबीएसई बोर्ड : बेहतर प्रदर्शन पर वर्चस्व सम्मानित

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के आए रिजल्ट में क्षेत्र के श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता के बेटे वर्चस्व राज गुप्ता ने हाईस्कूल में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लखनऊ पब्लिक स्कूल अहिया रायपुर में पांचवा व जिले में आठवां स्थान अर्जित किया है। वर्चस्व ने माता-पिता एवं गुरुजनों को गौरवान्वित कर दिया है।

वर्चस्व राज गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है। वर्चस्व ने बताया कि आगे चलकर वह वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। लखनऊ पब्लिक स्कूल अहिया रायपुर के प्रधानाचार्य अमित पाठक व विद्यालय के शिक्षकों ने वर्चस्व को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं दी।



वर्चस्व को सम्मानित करते हुए एलपीएस के प्रधानाचार्य अमित पाठक।

### रिमझिम और अनन्त ने पीएमश्री केवी में किया टॉप

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल इण्टरमीडिएट के आए परीक्षा परिणामों में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में हाईस्कूल में रिमझिम श्रीवास्तव व इण्टरमीडिएट में अनन्त बाजपेई ने सर्वोच्च अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉप किया है। इण्टरमीडिएट में अनन्त बाजपेई ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान अर्जित किया। सुजल ने 86 .6 प्रतिशत, सलोनी यादव ने 86 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान अर्जित किया है। हाईस्कूल में रिमझिम श्रीवास्तव ने 475 अंक व दर्शिका बाजपेई ने 443 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान व अंशिका ने 383 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान अर्जित किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# रायबरेली में मतदान के लिए पहुंची पंजाब पुलिस का हुआ स्वागत



ऊंचाहार में पंजाब पुलिस का किया गया स्वागत। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पंजाब पुलिस की दो बटालियन ऊंचाहार पहुंची है। जिसका स्थानीय पुलिस ने स्वागत किया है। पंजाब से आई यह बटालियन स्टेट आर्म पुलिस की है। पंजाब से आई एक बटालियन में कुल 90 जवान है। इस प्रकार से कुल 180 जवान मंगलवार को ऊंचाहार पहुंचे। इन्हे एनटीपीसी के डीएवी कालेज में रोका गया है। ऊंचाहार पहुंचने पर कोतवाल अनिल सिंह के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने पंजाब पुलिस के जवानों को माला पहनाकर स्वागत स्वागत किया है। दोनो बटालियन के जवानों के ठहरने और उनकी सुविधा का प्रबंध स्थानीय पुलिस द्वारा किया गया है। इन जवानों को आगामी बीस मई को मतदान ड्यूटी में जाना है। स्वागत करने वालों में कोतवाल के अलावा एनटीपीसी पुलिस चौकी इंचार्ज प्रशांत द्विवेदी, उपनिरीक्षक अनिल सिंह, आरक्षी कमल कुमार सिंह, विवेक कुमार और अनिल यादव शामिल थे।

## सार-संक्षेप

### रेलवे स्टेशन का एडीजी रेलवे ने किया निरीक्षण



रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग यात्री से बात करते एडीजी रेलवे। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को रेलवे स्टेशन का एडीजी रेलवे जय नारायण सिंह ने निरीक्षण किया। कायाकल्प के तहत चल रहे काम को देखने के लिए आये एडीजी ने स्टेशन के चारो ओर घूम कर वहां पर मिलने वाली व्यवस्थाओं का देखा। उन्होंने कहा कि अभी तक लगभग 24 कैमरे लग गए है। 3 पीटीजेड कैमरे भी लगे है। इस दौरान एडीजी ने कहाकि रेलवे की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है। एडीजी ने रेलवे स्टेशन के चारों तरफ घूम घूम कर निरीक्षण किया, उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से बातचीत की। यात्रा के लिए स्टेशन पर बैठे मुसाफिरों से बात करते हुए कई लोगो से बात करते हुए कहाकि आप कहा तक सफर करेंगे। इस दौरान स्टेशन पर बैठे एक बुजुर्ग यात्री से बड़ी ही शालीनता से बात की। वही वन्दे भारत ट्रेन में पथराव को लेकर सवाल पर कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान नही करना चाहिए। उन्होंने कहाकि ट्रेन में बाहर भी कैमरे लगे हुए है, जिससे कोई बच नही सकता। जो लोग पकड़े जाते है उनके खिलाफ कार्यवाई की जा रही है। इस दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर आलोक मौर्य सहित जीआरपी एसओ सदर कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह सहित रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित शिविर में मौजूद लोग।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को जगतपुर संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी मिशन दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संत निरंकारी सेवा दल द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें आध्यात्मिक के साथ शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञान प्रसारक बसंत लाल ने प्रशिक्षण में भाग लेने वालो का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर ताराचंद, पूनम, चंद, पवन कुमार, हरदीप, प्रीतम, हरकेश, बाबूलाल, महेश, आशा, रेखा, पूनम, लक्ष्मी, पूजा, सीमा, रूपाली, कर्मावती, उषा देवी, पूजा देवी आदि समस्त साध संगत मौजूद रहे।

### एसजेएस की भव्या का हुआ स्वागत



मेधावी छात्रा का स्वागत करते एसजेएस के शिक्षक। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** एसजेएस पब्लिक स्कूल की छात्रा भव्या आलोक श्रीवास्तव ने सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में 98 .2 अंक लाकर जिले का मान बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम निकलने के बाद आज स्कूल पहुंचने पर भव्या व आलोक श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। भव्या, आलोक श्रीवास्तव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। संस्थान की प्रधानाचार्य डा बीना तिवारी ने भव्या, आलोक श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि 98 .2 अंक प्राप्त करके जिले की वरीयता सूची में दूसरा स्थान पाना बहुत बड़ी सफलता है। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि इस बार दसवीं के परीक्षा परिणाम में 30 से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। संस्थान की वरीयता सूची में भव्या, आलोक श्रीवास्तव 98 .2 फीसदी अंको के साथ पहले नंबर पर प्रभलीन कौर 97 .6 फीसदी अंको के साथ दूसरे नंबर पर और प्रतिज्ञा ठाकुर 97 .2 फीसदी अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### प्रेक्षक ने किया संवेदनशील बूथों का निरीक्षण

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रेक्षक बाबूलाल मीणा मंगलवार की शाम महराजगंज क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वही महराजगंज कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



केंद्र का निरीक्षण करने जाते पुलिस प्रेक्षक।

### पीड़ित ने अवैध निर्माण रुकवाने की लगाई गुहार

**लालगंज, रायबरेली।** पीड़ित महिला ने अवैध निर्माण रोकवाने के लिए तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता को ध्यानपूर्वक सुनकर तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने पुलिस व राजस्व निरीक्षक को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। ईश्वरीगंज मजरे खजूरगांव थाना लालगंज निवासी महिला पप्पू कुमारी ने बताया कि उसके पति राजबहादुर पूर्ण रूप से आंखों से अंधे हैं जिनके नाम भूमि है जिसके बंटवारे का मुकदमा एसडीएम साहब लालगंज के न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने एवं नवनिर्माण करने से पक्षों को रोका गया है परन्तु न्यायालय द्वारा पारित आदेश का उल्लंघन करते हुए गांव के ही सीताराम पुत्र बिंदई दिनेश कुमार, कमलेश कुमार, उमेश कुमार पुत्र गण सीताराम जबरन विवादित भूमि पर निर्माण कर रहे हैं। जिसे रोकने के लिए 112 नंबर पुलिस को सूचित किया गया जो मौके पर आई परंतु स्थगन के बावजूद निर्माण को नही रोका। पीड़ित महिला ने तहसीलदार लालगंज को प्रार्थना पत्र देकर अपनी व्यथा से अवगत कराया। तहसीलदार ने पुलिस व राजस्व निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया, तब जाकर विपक्षी का निर्माण कार्य रोका गया।

### ब्रम्हभोज में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



ब्रम्हभोज में मौजूद हजारों श्रद्धालु। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शिवगढ़ नगर पंचायत में शिवगढ़ कस्बा स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय दिव्य श्रीराम कथा के समापन पर ब्रह्मभोज आयोजित किया गया। जिसमें पुण्य की लालसा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मन्दिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मागी। श्रीराम कथा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन महन्त गुरु प्रसाद यज्ञसैनी द्वारा किया गया। अपराहन 2 बजे से शुरू भण्डारा देर रात तक चला। ब्रम्हभोज में पहुंचे युवा समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, शंकर सुमन, विकास वैश्य, दीपक अवस्थी, पूर्व प्रधान अखिलेश मिश्रा, अमित मिश्रा, लवकुश मिश्रा, दिलीप अवस्थी, शालू गुप्ता, धूम जायसवाल सहित हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ज्योति यज्ञसैनी, कोमल यज्ञसैनी, सानू यज्ञ सैनी, सुनीता यज्ञसैनी, शिवांशी यज्ञसैनी, लाडो यज्ञसैनी, कान्हा यज्ञसैनी शिवदेवी शर्मा, कपिल गुप्ता, भोला कश्यप आदि मौजूद रहे।

# ससुरालीजनों पर मां-बेटे की हत्या का आरोप

## मृतका की भाभी ने लगाया आरोप, सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सलोन, रायबरेली



ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पारिवारिक कलह के चलते मां-बेटे को एक साथ जहर देकर ससुरालीजनों ने मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मायके पक्ष में होते ही कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति-ससुर को हिरासत में ले लिया। वही मुकदमा पंजीकृत ना होने से नाराज मायके पक्ष के लोगों ने दोनों मां-बेटे के शवों को दफनाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

कोतवाली अंतर्गत पूरे बोधी मजरे इच्छनगोढा गांव की रहने वाली रीना (35) पत्नी धर्मेंद्र और उसके बेटे रितिक (8) की सोमवार सुबह मौत हो गई थी। थोड़ी देर बाद छोटी बेटी रियांशी (4) की भी हालत बिगड़ी तो बहन के ससुराल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने उसे एम्स में भर्ती कराया था। वही मायके पक्ष के दबाव में पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था। इधर मृतका की भाभी अनीता पत्नी आशीष निवासी तरकोलवा बाराडीह का कहना है कि उसकी ननद और भांजे को जहर देकर ससुराल पक्ष के लोगो ने मार डाला है। जबकि छोटी बेटी को भी जहर दिया था, लेकिन समय रहते उसे एम्स में भर्ती कराकर बचा लिया गया। उसने बताया कि सोमवार सुबह उसकी ननद रीना ने फोन पर बताया कि सास ससुर और पति उसे जहर देकर जान से मार देने की बात कर रहे है। थोड़ी देर बाद दोनो की मौत की सूचना दी गई। वही घटना के 36 घण्टे बीत जाने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मुकदमा नही दर्ज किया तो मायके पक्ष के लोग आक्रोशित हो उठे। मंगलवार दोपहर पीएम हाउस से शव गांव पहुंचने पर मृतका के भाई ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इस दौरान पुलिस और मायके पक्ष के लोगों में आधे घण्टे तक बहसबाजी होती रही। पुलिस का कहना था कि पति और ससुर पुलिस की हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि करीब एक घण्टे बाद पुलिस ने मृतका के भाई आशीष की तहरीर पर पति धर्मेंद्र, ससुर शिव बहादुर, जेठ रबिन्द्र जेठानी, ननद अनिता और सास समेत सात लोगो के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल जितेंद प्रताप सिंह का कहना है कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत सात लोगो पर हत्या का केश दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# संदिग्ध अवस्था में घर में मिला किशोरी का शव

▸▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** घर में संदिग्ध अवस्था में किशोरी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका की मां खेत से वापस घर लौटी तो मामले की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना सोमवार देर शाम की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर उधवन निवासी इंद्रपाल रोजी रोटी के लिए अपने बेटे के साथ शहर में मजदूरी करते हैं। उनके घर में उनकी पत्नी और पुत्री पूनम (17 वर्ष) रहती थी। सोमवार की शाम को पूनम घर में अकेली थी। उसकी मां खेत में काम करने गई थी। देर शाम जब उसकी मां वापस घर लौटी तो पूनम का शव घर की चारपाई पर पड़ा हुआ था, जिसे देखकर मां के होश उड़ गए। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग उसके घर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर पूरा गांव सन्न रह गया। घटना की सूचना मृतका की मां ने कोतवाली पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि मृतका किशोरी दो साल से बीमार चल रही थी। उसे मनोरोगी बताया जा रहा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी की मौत का असली कारण पता लगाने के लिए उसके शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद तदनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा सप्तमी पर चला सफाई अभियान



मां गंगा सप्तमी के अवसर पर पूजा-अर्चना करते समिति के पदाधिकारी।

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** मंगलवार को दक्षिण वाहिनी मां गंगा महर्षि गोकर्ण एवं राजा भगीरथ की तपोस्थली गोकर्ण तीर्थ गोकना घाट पर मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति एवं गंगा विचार मंच द्वारा मां गंगा सप्तमी के अवसर पर सर्वप्रथम बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। घाटों व मंदिरों की साफ-सफाई की गई। उसके बाद पतित पावनी मां गंगा जी की विधीवत पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की गई।

इस मौके उपस्थित लोगों ने मां गंगा को निर्मल एवं स्वच्छ बनाने, घाटों सहित सार्वजनिक स्थलों को गंदा न करने, पर्यावरण बचाने व वृक्षारोपण करने की भी शपथ ली गई तथा गंगा किनारे लगे वृक्षों को जल दान किया गया और लोगों को वृक्षों को इस तपती धूप में सिंचाई करने की सलाह दी गई। संस्था के सचिव वरिष्ठ पुरोहित पंडित जितेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मां गंगा मोक्षदायिनी है, हम सब की प्राण हैं, करोड़ लोगों की आस्था व जीवन यापन का केंद्र है। घाटों सहित सभी मंदिरों की साफ-सफाई करनी चाहिए।, हम सभी लोग जल के एक-एक बूंद का सदुपयोग करें फल, फूल, सब्जी, पौधे लगाकर जल का सदुपयोग कर सकते हैं। उक्त अवसर पर अर्पित कुमार, छोटू भाई, राम प्रकाश दीक्षित, लवकुश, निर्मल कुमार, संतराम मौर्य, मनीष दीक्षित, जीतू वर्मा, सुरेश यादव, लवलेश सिंह, अनुज सिंह, राहुल सिंह, शंकर लाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पानी के लिए हुआ खूनी संघर्ष, सात लोग घायल

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** हैंडपंप में पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से सात लोग घायल हुए हैं। जिन्हें परिजनों द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फकीर का पुरवा मजरे उसरैना गांव निवासी लल्लू की बेटी उर्मिला सोमवार की देर शाम पड़ोसी के श्रीपाल के दरवाजे लगे सरकारी इंडिया मार्का नल से पानी भरने गई थी। किसी बात को लेकर श्रीपाल के परिवार के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी और दोनों पक्ष एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों में लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में एक पक्ष से लल्लू तथा उनकी पत्नी फूलकली, बेटी उर्मिला तथा बेटा सुनील व दूसरे पक्ष से श्रीपाल के चचेरे भाई राजेंद्र, चचेरा पोता सन्तोष कुमार तथा उसकी चचेरी बहू प्रियंका घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## दुकान बंद करके घर जा रहे व्यापारी पर हमला, गंभीर

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। दुकान बंद करके अपने घर जा रहे व्यापारी पर पीछे से ईंटों से प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। घटना सोमवार देर शाम की है। क्षेत्र के गांव पचखरा निवासी रवि निर्मल की जमुनापुर गुमटी के पास दुकान है। सोमवार की देर शाम वह दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था। रास्ते में ईश्वरदासपुर रेलवे स्टेशन के पास पचखरा बाजार के बीच उसके गांव के एक व्यक्ति ने ईंटों से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह जमीन पर गिर गया। उसके बाद हमलावर भाग गया। पीड़ित ने रात में ही कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक-डंपर में भिड़ंत, पांच घायल

डलमऊ, रायबरेली



खंती में गिरे डंपर के पास खड़े लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को ट्रक और डंपर की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसकी चपेट में आए चार बाइक सवार और एक डंपर क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें आसपास के क्षेत्रीय लोगों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जगतपुर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

मंगलवार को डलमऊ-जगतपुर मार्ग पर जगतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जट का पुरवा गांव के पास डलमऊ से जगतपुर की ओर जा रहे ट्रक और जगतपुर से डलमऊ की ओर आ रहे डंपर की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। तभी डलमऊ से घर जाते समय साई ग्राम के पूर्व प्रधान जयशंकर गांव के ही शिव प्रसाद के साथ अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बाइक से रिश्तेदार के घर जा रहे थे। सुरेश कुमार निवासी रूस्तमपुर रायबरेली व साथ में बैठे शेरगंज भदोखर थाना क्षेत्र निवासी माईदीन के साथ डंपर क्लीनर संदीप कुमार 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आसपास के क्षेत्रीय लोगों द्वारा एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां पर क्लीनर संदीप कुमार और शिव प्रसाद की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पूर्व ग्राम प्रधान जयशंकर को सीधे जिला अस्पताल ले जाया गया। मौके से ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि जगतपुर थाना क्षेत्र में हादसा हुआ है।

## पत्नी व नाबालिग पुत्री से छेड़खानी का आरोप

मौदहा (हमीरपुर)। नगर के एक युवक ने अपने ही मोहल्ले के युवक पर पत्नी व नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। नगर के पूर्वी तरौस निवासी एक युवक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका और पत्नी का विवाद हो जाने के कारण वह घर से बाहर चली गई। तभी रास्ते में मोहल्ले का अज्जू उसे मिल गया और समझाने बुझाने के बाद उसे अश्लीलता भरी बातें करने लगा। जिस पर उसकी पत्नी उसकी भावना को समझते हुए अपने घर आ गई। तभी आरोपी उसके घर में आया और घर में मौजूद नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध किया तो आरोपी उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# हाउस कैप्टन चुनाव की प्रक्रिया का द्वितीय व अंतिम चरण संपन्न

▸▸ सभी उम्मीदवारों व उनके एजेंटों ने मतदान केंद्र का लिया जायजा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** विबग्योर पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज शक्ति नगर में लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को समझाने के लिए छात्र-छात्राओं के मध्य हाउस कैप्टन चुनाव की प्रक्रिया संपंन कराई गई। जिसके अंतर्गत हाउस कैप्टन चुनाव की प्रक्रिया का प्रथम चरण शनिवार को हुआ था। प्रथम चरण में सावित्रीबाई फुले एवं अहिल्याबाई होल्कर के मतदाताओं ने मतदान किया। सावित्रीबाई फुले हाउस के मतदान में रूद्र प्रताप ने पीठासीन अधिकारी, आशी पाल ने प्रथम मतदान अधिकारी, असरा नासिर ने द्वितीय मतदान अधिकारी, खुशबू ने तृतीय मतदान अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी के





मतदाताओं को जागरूक करते विबग्योर पब्लिक स्कूल के छात्र।

रूप में समर्थ सिंह, अयान अली एवं प्रिंसी गुप्ता ने चुनाव को सुव्यस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया। अहिल्याबाई होल्कर हाउस के मतदान में सैफ शेख ने पीठासीन अधिकारी, सुनैना प्रजापति



हाउस कैप्टन चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कराती पीठासीन अधिकारी।

ने प्रथम मतदान अधिकारी, आकृति यादव ने द्वितीय मतदान अधिकारी, अली हुसैन ने तृतीय मतदान अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी के रूप में आदर्श सिंह, दीपेश सोनी, तृप्ति सिंह एवं आरजू बानों ने चुनाव को सुव्यस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया। सभी उम्मीदवार एवं उनके एजेंट ने समय-समय पर मतदान केंद्र का जायजा भी लिया। इस चुनाव प्रक्रिया में सभी बच्चों ने उत्सावपूर्वक हिस्सा लिया। हाउस कैप्टन चुनाव की प्रक्रिया का द्वितीय एवं अंतिम चरण आज संपन्न हुआ। द्वितीय चरण में सरोजिनी नायडू एवं राजिया सुल्तान हाउस के मतदाताओं ने मतदान किया। सरोजिनी हाउस के मतदान में आकाश ने पीठासीन अधिकारी, जान्हवी पांडे ने प्रथम मतदान अधिकारी, मनीषा पाल ने द्वितीय मतदान अधिकारी, ईशा प्रजापति ने तृतीय मतदान अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी के रूप में ओम सिंह, जीत रस्तोगी, दिव्या सोनी और सांभवी ने चुनाव को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया। राजिया सुल्तान हाउस के मतदान में अतुल धीमान ने पीठासीन अधिकारी, आलिया जेहरा ने प्रथम मतदान अधिकारी, शरद ने द्वितीय मतदान अधिकारी, सोनम प्रजापति ने तृतीय मतदान अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी के रूप में जतिन, हर्षित सैनी, समरीन एवं असरा नसीर ने चुनाव को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया। सभी उम्मीदवार एवं उनके एजेंट ने समय समय पर मतदान केंद्र का जायजा भी लिया। वोटिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पीठासीन अधिकारियों ने अपने-अपने केंद्र की मतदान पेटी को प्रधानाचार्य के पास जमा किया। मतगणना एवं परिणाम 22 मई को घोषित किया जाएगा। इलेक्शन का मुख्य उद्देश्य बच्चो को इलेक्शन प्रक्रिया को समझाना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना, देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझाना एवं एक-एक वोट की कीमत को समझाना था। इस प्रक्रिया में सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# दबंगों ने ढाबे पर बैठे युवक पर किया फायर

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर रोड पर स्थित एक ढाबे पर बैठे एक युवक की तलाश में कार से आए दो दबंगों ने युवक को देखते ही फायर झोंक दिया। गनीमत रही की गोली युवक को नहीं लगी। मौके पर जमा भीड़ को देखकर हमलावर युवक कार से मौके से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हमलावर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और देर रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के पूरे छेदी गांव निवासी शशिकेश यादव सोमवार की शाम रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित एक ढाबे पर बैठा था, तभी उसकी तलाश में आए एक कार से दो युवकों ने उसे देखकर गाड़ी रोकी और उतरते ही गोली चला दी। गनीमत रही कि शशिकेश यादव बाल-बाल बच गया, तभी ढाबे पर मौजूद भीड़ को देखकर हमलावर युवक कार से मौके से भाग निकले। शशिकेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की और रात करीब 11 बजे हमलावर युवक शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर के प्रतीक यादव व थाना क्षेत्र के सम्राट नगर पीएसी कॉलोनी के विनीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विनीत सिंह के पास से एक तमंचा 315 बोर भी बरामद किया। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर चार-पांच दिन पहले मारपीट हुई थी। मारपीट की रंजिश में ही दोनों युवक शशिकेस यादव को ढूंढने निकले थे और ढाबे पर मिलते ही उसके ऊपर फायर कर दिया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। शशिकेश की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी विनीत सिंह व प्रतीक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# गोपाल के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में सम्मानित किये गये मेधावी और मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के कक्षा 12 के मेधावियों ने छलांग लगा दी है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर विद्यालय के शिक्षकों ने सभी मेधावियों को सम्मानित किया।

कक्षा 12 में क्रमशः कुशाग्र त्रिपाठी 94.4, आदर्श पटेल 93.4, उमेश चौधरी 93.2, आदित्य राजपूत 92.2, रचित मिश्रा 90.4, अभयनाथ त्रिपाठी 88.8, अमर सिंह व आर्यन सिंह 88.6, आदेश निर्मल 86.2 व अनुराग ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एनडीए पास कर देश की सेवा करेंगे समर्थ



केंद्रीय विद्यालय गोराबजार में कक्षा 10 के छात्र समर्थ शुक्ल ने सीबीएसई परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। समर्थ आगे और अच्छे से मेहनत करके एनडीए की परीक्षा पास करके देश की सेवा करने की भी सोच रखते हैं। नियमित 4 से 6 घंटे पढ़ाई करके उसने यह अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय परिवार ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की है। समर्थ की मां गृहणी एवं पिता साधारण किसान हैं। पूर्व सभासद पूनम तिवारी ने बच्चे के घर जाकर बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा मिठाई खिला कर मुंह मीठा कराया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को
इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मेरा नाम **विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र राम शंकर पाण्डेय निवासी ग्राम पो ककवन कानपुर** है। लेकिन बैंक खाते विनोद कुमार पुत्र राम शंकर दर्ज है। लेकिन मेरा सही नाम विनोद कुमार पाण्डेय ही है। अतः इसी नाम से मुझे जाना जाय।

सूचना
सूचित करना है कि मेरी पालिसी संख्या 214727295 में मेरा नाम चंद्र शेखर सिंह दर्ज है, जबकि बैंक पासबुक, आधारकार्ड में मेरा नाम शेखर सिंह है। अतः चंद्र शेखर सिंह व शेखर सिंह दोनों नाम मेरे हैं और अब से मुझे **शेखर सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह, निवासी-पश्चिम पुरवा मुजेड़ बेलसर, तहसील- तरबगंज जिला गोंडा** के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र बमबहादुर को गलत चाल- चलन के कारण अपनी चल- अचल संपत्ति एवं संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके किसी कृत्य से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। - प्रेमलाल यादव पुत्र मनीराम यादव, निवासी- ग्राम- जैतापुर, तहसील - तुलसीपुर, जिला- बलरामपुर

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम राजेश अग्रवाल था। वर्तमान में मैंने अपना नाम राजेश कुमार अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझे राजेश कुमार अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाये।- **राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र बृजमोहन लाल अग्रवाल पता भटनागर कालोनी वार्ड द्वारिकापुरी लखीमपुर खीरी**

सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ZAHIDA BEGAM W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO था। जो कि आज दिनांक 30.04.2024 को मैंने अपना नाम बदलकर ZAHIDA KHATOON W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO **निवासी- मोहल्ला- काजीपुरा उत्तरी, थाना को0 नगर जनपद बहराइच** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जाये।

सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र राहुल कुमार मिश्र व रोहित कुमार मिश्र हैं और बालिग है मेरे बड़े पुत्र राहुल कुमार मिश्र का चाल चलन ठीक नहीं है और परिवार के सदस्यों व मुझे प्रताड़ित करता है। मैं अपने बड़े पुत्र से त्रस्त होकर उसे अपने संपत्ति से बेदखल करता हूं, उसके किसी कार्य से हमारा कोई वास्ता नहीं है। **-विंदेश्वरी प्रसाद मिश्र पुत्र राजमन, हरनाटायर, मनकापुर गोंडा**

NOTICE
I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar Lucknow do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1334/II-529 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Mrs. Punam Gupta W/o Sanjeev Kumar. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367624 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

NOTICE
I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar, Lucknow, do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1333/II-528 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Sanjeev Kumar S/o Late L.L. Gupta. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367638 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

## एक नजर

### हत्या के मामले में वांछित दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सफदरगंज पुलिस टीम ने औरेला रसूलपुर थाना क्षेत्र सफदरगंज निवासी सनी व पिंटू ऊर्फ अंगद जो कि हत्या के मामले में वांछित चल रहे थे पुलिस ने दोनों को राजापुर रोड से गिरफ्तार कर लिया।

### 38 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन लोग पकड़े गए

**बाराबंकी : अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। असन्द्रा पुलिस ने 18 लीटर कच्ची शराब के साथ एक, सुबेहा पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक, व जैदपुर पुलिस टीम ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### जुर्माना देकर छूटे दोषी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय मंगलवार को महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले थाना क्षेत्र बड़वल निवासी अरविंद वर्मा व शिवम वर्मा को न्यायालय ने पांच सौ रुपये का जुर्माना व न्यायालय उठने तक आरोपी को न्यायालय में उपस्थित रहने की सजा सुनाई। न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा के साथ पांच सौ रुपये जुर्माना देकर अभियुक्त रिहा हो गये।

### आठ वांछित सहित नौ पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अभियान के तहत मंगलवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने आठ वांछित अभियुक्तों एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जबकि नौ लोगों को शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की।

# हमारे एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं: योगी

## फैजाबाद के प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में दरियाबाद में मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित



दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास मैदान में आयोजित जनसभा में मंच से जनता का अभिवादन स्वीकार करते सीएम योगी।


सभा को संबोधित करते योगी।

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान को लेकर दिये गये बयान पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान समर्थक रामद्रोही जान लें कि हमारे पास भी एटम बम है और यह एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं बना है।

योगी ने मंगलवार को यहां एक चुनावी जनसभा में कहा कि इस देश में रामभक्त और रामद्रोही हैं। रामभक्त राम मंदिर से उत्साहित हैं तो रामद्रोही नाखुश हैं। रामभक्तों पर गोलियां चलाने वाले यह लोग कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। मोदी का विरोध सिर्फ रामद्रोही और पाकिस्तान ही कर रहे हैं। रामभक्त ही राष्ट्रभक्त हैं। वे भारत के उत्थान के बारे में सोचते हैं तो रामद्रोही पाकिस्तान का राग अलाप रहे हैं। वे कहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ मत बोलो-उसके पास एटम बम है। पाकिस्तान समर्थक रामद्रोही जान लें कि हमारे पास भी एटम बम है, हमारा एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं बना है। यह लोग एक तरफ एटम बम की धमकी से भारत के दुश्मनों का उत्साह बढ़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ राम मंदिर का विरोध कर राम को अपमानित कर रहे हैं। फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास मैदान में योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस-सपा की नीतियों और नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि रामद्रोही नाखुश हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है, यह राम भक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में जन्मभूमि पर आतंकी हमला होता था और आतंकियों पर दायर मुकदमे वापस लिए जाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला के विराजमान होने में अयोध्या के आमजन का बड़ा योगदान है, क्योंकि आपके वोट के बल पर मोदी को ताकत मिलती है। विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आस्था से खिलवाड़ कर अयोध्या में रामलला के मंदिर को क्षतिग्रस्त कर गुलामी के ढांचे को स्थापित किया था, लेकिन आपके वोट की बदौलत इसे हटाने और मंदिर बनाने की ताकत मिली। 22 जनवरी को जब 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और प्रभु रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान हुए। आपके दर्शन करने से प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद का सर्वाधिक सौभाग्य मुझे और मोदी जी को प्राप्त होता है, क्योंकि आप की दुआ हमें लगती है। अब अयोध्या में लाखों का जनसैलाब दर्शन करने उमड़ रहा है।

उन्होने कहा कि भारत में शासन की सबसे अच्छी व्यवस्था रामराज्य मानी गई। फिर भी ऐसे कौन लोग थे, जिनकी वजह से रामलला को उनकी जमीन से वंचित किया गया। विडंबना है कि स्वतंत्र भारत में 70 वर्षों तक कहना पड़ा कि अयोध्या धाम राम की जन्मभूमि है। यहां मंदिर बनना चाहिए। हमें प्रमाण और श्रीराम को खुद साक्ष्य जुटाना पड़ा। यह परिस्थिति उन लोगों ने पैदा की, जो राम मंदिर बनने से प्रसन्न नहीं हैं। आपने लल्लू सिंह को वोट दिया तो मोदी जी प्रधानमंत्री बने और सतीश शर्मा को वोट दिया तो मैं मुख्यमंत्री बना। आपकी वजह से रामभक्त सत्ता में आए तो रामलला विराजमान हुए। सीएम ने कहा कि हमें रामलला के विराजमान होने का पुण्य मिला है, सपा-कांग्रेस को वोट देकर पाप का भागीदार नहीं बनना है। इस मौके पर फैजाबाद के सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह, दरियाबाद विधायक व प्रदेश के खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिला प्रभारी अवनीश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्र, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत आदि मौजूद रहे।

### की अपील-जो राम को लाए हैं, आप उनको लाएंगे

मुख्यमंत्री योगी ने अपील की कि जो राम को लाए हैं, आप उनको लाएंगे। सीएम ने 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कर लल्लू सिंह को पिछली बार से दोगुने वोट से जिताने का संकल्प दिलाया। बोले तब मेहनत सार्थक होनी चाहिए अन्यथा कांग्रेस व सपा के लोग पहले से ही हमें कठघरे में खड़ा करते हैं। मोदी ने बिना चेहरा देखे सबका विकास किया है। अयोध्या में महाराजा राजर्षि दशरथ के नाम पर मेडिकल कॉलेज भी बन गया। जो कभी नहीं हुआ, वह मोदीराज में हुआ है। दोनों लड़के (राहुल-अखिलेश) झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं। यह जीते तो मिलकर लूटेंगे और हारेंगे तो टूटेंगे।

### भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है

योगी ने कहा कि अयोध्या का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि के नाम पर बना। गरीबों के लिए बने भोजनालय माता शबरी के नाम पर है। आश्रय स्थल निषादराज के नाम पर है। विकास के अनेक कार्य हुए। यहां एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन व फोरलेन-सिक्सलेन सड़के हैं। पहले माफिया हावी होते थे। अब उनका राम नाम सत्य हो रहा है। हमें रामराज्य की परिकल्पना को साकार करना है तो इसके लिए भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाना है। योगी ने कहा कि महाराज दिलीप ने गोमाता को बचाने के लिए शेर के सामने अपना शरीर प्रस्तुत कर दिया था। वहीं इंडी गठबंधन कहता है कि हमारी सरकार बनी तो अल्पसंख्यकों को रुचि के अनुसार खानपान की छूट देंगे।


डीसीएम में बैठकर मुख्यमंत्री का भाषण सुनते लोग। अमृत विचार

### पंडाल पड़ा छोटा, वाहनों पर बैठकर लोगों ने योगी को सुना

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** जनसभा में उमड़े जन सैलाब के चलते बनाया गया पंडाल छोटा पड़ गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पेड़ों और पास में खड़ी गाड़ियों पर बैठकर सीएम योगी का भाषण सुना।

# संविधान नहीं, खतरे में राहुल-अखिलेश का भविष्य : केशव

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा


भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में सभा को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री।

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार की कब्र पर फातिहापढ़ने वाले अखिलेश यादव को रामलला के दर्शन करने की फुर्सत आज तक क्यों नहीं मिली। राहुल और मायावती भी अयोध्या दर्शन को क्यों नहीं गए। भाजपा से लोकतंत्र व संविधान को खतरा नहीं है, बल्कि राहुल व अखिलेश के भविष्य को खतरा है। ये बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। सपा और कांग्रेस के लोग वोट बैंक की राजनीति करते हैं। इनको जिहाद, पाकिस्तान और जिन्ना के नाम पर वोट चाहिए, लेकिन जनता राम के नाम पर, राष्ट्र के नाम पर और विकसित भारत के नाम पर वोट देने का काम कर रही। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कन्नौज में कमल खिल गया है। 20 मई को रायबरेली में खिलने जा रहा है। यह दोनों जोड़ीदार 4 तारीख के बाद भागने जा रहे हैं। लोकसभा प्रत्याशी राजारानी रावत को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग हर बूथ से 370 वोट बढ़ा दीजिएगा। डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आप लोगों के नाम संदेश भेजा है। राम राम भेजा है। सभा में प्रत्याशी राजरानी रावत, एमएलसी अवनीश पटेल, अंगद सिंह, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने विचार रखे। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने बुके भेंट कर और जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर डिप्टी सीएम का स्वागत किया।

# इंडिया गठबंधन की चल रही आंधी: पुनिया

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


जनसंपर्क के दौरान पूर्व सांसद पीएल पुनिया व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोदी और योगी को सत्ता का अहंकार है। चार चरणों के संपन्न हुए चुनावों में देश की जनता ने भाजपा के अहंकार का अपने वोट की ताकत से सफाया कर दिया है। संसदीय क्षेत्र बाराबंकी ही नहीं, पूरे देश में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी भाजपा को सत्ता से विदा करेगी।

ये बातें पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने मंगलवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के प्रत्यासी तनुज पुनिया के समर्थन में विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप के बड़े भाई अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित सभाओं में कहीं। उन्होंने कहा कि देश की जनता में भाजपा सरकार के प्रति काफी गुस्सा है। इसीलिये राहुल गांधी व अखिलेश यादव ने भाजपा के विरोधी दलों के साथ नफरत फैलाने वाली ताकतों से लड़ने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया। कांग्रेस ने देश की 140 करोड़ जनता को 5 न्याय और 25 गारंटी दी है। इन गारंटियों को अमली जामा पहनाने के लिये देश की सरकार में बदलाव जरूरी है। इसके लिये 20 मई को सम्पन्न होने वाले चुनाव में इण्डिया गठबंधन के साथियों के साथ अपने बूथ पर मजबूती के साथ तनुज पुनिया को वोट करना है। जन सम्पर्क अभियान के क्रम में इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने नगर पालिका परिषद बाराबंकी के लखपेड़ाबाग वार्ड तथा विकास खण्ड बंकी के ग्राम मंजीठा में व्यापक जन सम्पर्क अभियान चलाया।

# भाजपा को सिर्फ सत्ता से मतलब : गोप

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


हैदरगढ़ के छंदरौली में चौपाल को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप।

**अमृत विचार :** लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश करने वालों को जनता इस चुनाव में करारा जवाब देगी। अब सत्ता में आना तो दूर तीन अंकों का आंकड़ा पार कर पाना भी भाजपा के लिए मुश्किल होगा। 4 जून को इस तानाशाह सरकार का जाना तय हो चुका है।

यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने मंगलवार को विधानसभा हैदरगढ़ के ग्राम छंदरौली में पूर्व प्रधान महेश वर्मा द्वारा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित ग्राम चौपाल में कहीं। गोप ने कहा कि मौजूदा दौर में छात्र, नौजवान, किसान और बेरोजगार कोई भी अपनी बात नहीं कह सकता। अगर कोई कहना भी चाहता है तो उसको लाठी के दम पर दबाने का काम किया जाता है। क्योंकि मौजूदा सरकार को अवाम की समस्याओं से नहीं, सिर्फ सत्ता से मतलब रह गया है। भाजपा सरकार के दिल में छात्रों, किसानों और महिलाओं के प्रति न संवेदना है और न ही तकलीफों से सरोकार। ऐसी संवेदनहीन सरकार को अब सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। आप सब इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को जिताकर लोकसभा भेजने का काम करें। जिससे इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र में की गई घोषणाओं का लाभ किसानों, नौजवानों और महिलाओं को मिल सके। इस दौरान पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राज्यमंत्री ने ई-रिक्शा से विभिन्न स्थानों पर किया जनसंपर्क


ई-रिक्शा से जनसंपर्क करने जाते राज्यमंत्री। अमृत विचार

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक व खाद्य एवं रसद व नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की एक तस्वीर दिनभर चर्चा में रही। जिसमें वह ई-रिक्शा में पर बैठकर लोगो से जनसंपर्क करते दिखे। वह ई-रिक्शा पर बैठकर तमाम लोगों के पास पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में पहुंचने की अपील की।

### अपने वोट की ताकत दिखाइये : विधायक


जनसंपर्क करते सपा विधायक फरीद महफूज किदवाई। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिस तरह स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की परवाह न करके संघर्ष किया था, आज फिर वैसा ही समय आ गया है। जब स्वतंत्रता और संविधान के लिए कुछ कर गुजरने की ज़रूरत है। संविधान सेनानी की तरह घर से निकलिए और अपने भविष्य के लिए वोट डालकर अपने वोट की ताक़त दिखाइए। जो रुकावट रास्ते में आए, उसको एकता की ताक़त से पार करके, वोट डालकर आइए। यह बातें पूर्व मंत्री/विधायक फरीद महफूज किदवाई ने कुर्सी विधानसभा एवं रामनगर विधानसभा में जनसंपर्क के दौरान कहीं। उन्होंने ग्राम धरौली, गुरसेल, दिकोलिया पोस्ट खासी सराय छहंदवल, हबीपुर आदि गांवों डोर टू डोर भ्रमण किया और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता फैजान किदवई, विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एंबुलेंस चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा


हादसे के बाद रोड के किनारे खड़ी एंबुलेंस। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़-भिटरिया रोड पर मंगलवार को 108 नंबर की एंबुलेंस मरीज को लेने जा रहा थी। उसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक मुड़ गयी। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया और एम्बुलेंस दाहिने पड़े किनारे ईंटों के ढेर पर जाकर रुक गई। यह संयोग था कि घटना के वक्त एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। मंगलवार को एम्बुलेंस के कर्मचारियों को सूचना मिली कि देवीगंज में एक मरीज की तबियत ज्यादा गंभीर है। ऐसे में एम्बुलेंस चालक एंबुलेंस लेकर देवीगंज के लिए जा रहा था। एंबुलेंस कोतवाली क्षेत्र के टड़िया के पहले ही पहुँचा था। तभी सामने से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली ने अचानक से मोड़ दिया। जिससे एम्बुलेंस ने सूझबूझ से किनारे पड़े ईटो के ढेर में घुस गई।

# गैंगस्टर मामले में पत्रावली से हटा मुख्तार का नाम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश, एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्तार अंसारी से जुड़े गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने मुख्तार की मृत्यु होने के उपरांत उनका पत्रावली से नाम हटा दिया है। सुनवाई के दौरान इसी मामले से जुड़े शेष अन्य अभियुक्तों की गैर हाजिरी माफी उनके अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को दी गई जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बताते चलें कि मुख्तार अंसारी के विधायक होने के कारण इस मामले की सुनवाई विशेष एमपी एमएलए कोर्ट में अभी तक हो रही थी। मुख्तार की मौत के कारण एमपी एमएलए कोर्ट ने पत्रावली को गैंगस्टर एक्ट की विशेष अदालत को स्थानांतरित कर दी है जहां गैंगस्टर कोर्ट के विशेष जज नीतीश राय की कोर्ट में अब मामले की सुनवाई होगी।

# कुंभ एक्सप्रेस के पहियों में लगी आग

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही कुंभ एक्सप्रेस के पहियों से अचानक आग निकलने लगी। अचानक पहियों से निकलता धुआं कुछ देर में बोगियों में फैलने लगा। यह देखकर यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन रोकी गई। ट्रेन रुकते ही सहमे यात्री कूद कूदकर ट्रेन से बाहर भागे। जिसके बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब चालीस मिनट बाद आग को बुझाकर ट्रेन को आगे के लिये रवाना किया गया। त्रिवेदीगंज क्षेत्र के मंगलपुर गांव के पास हावड़ा से देहरादून जा रही कुंभ एक्सप्रेस के यात्रियों ने देखा कि ट्रेन के पहियों से तेज आग और धुआं निकल रहा है। पहियों से निकलने वाला धुआं इतना तेज था कि कुछ देर में ही बोगियों में भरने लगा। सुबह लगभग 6:10 बजे ट्रेन में हुई इस घटना से ट्रेन सवार यात्री सहम गए। यात्रियों ने इसकी सूचना लोको पायलट को दी। जिसके बाद ट्रेन को मंगलपुर के पास रोका गया। ट्रेन के पहियों में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई तो अधिकारी अलर्ट हुए और आगे पीछे से आ रही ट्रेनों को भी अलर्ट किया गया। इस बीच ट्रेन में आग लगने के डर से यात्री कूद-कूदकर बाहर भागे। कई यात्रियों ने तो अपना सामान भी ट्रेन से नीचे उतार लिया। लगभग चालीस मिनट बाद फायर सेफ्टी किट की मदद से आग को बुझायी गयी। स्टेशन मास्टर राजेश वर्मा ने बताया कि गाड़ी में ब्रेक बैंडिंग (ब्रेक लेदर) के चिपकने से धुआं और आग लगी थी। मेंटेनेंस टीम ने आग को बुझा दिया था। भीषण गर्मी के चलते ट्रेन के पहियों के घर्षण के कारण ऐसा हो सकता है।


ट्रेन के पहियों से उठता धुआं।

## चलती ट्रेन से गिरकर अधेड़ घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राप्तीसागर एक्सप्रेस से भतीजे के साथ यात्रा कर रहा चाचा अचानक ट्रेन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां पर हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मोतिहारी, बिहार निवासी शिव बालकराम (50) भतीजे सुभाष के साथ राप्तीसागर एक्सप्रेस से केरल जा रहा था। जब ट्रेन बुढ़वल जंक्शन से आगे ग्राम नहामऊ के पास पहुंची। उसी समय शिवबालकराम ट्रेन से नीचे गिर गया। गार्ड ने यात्री को ट्रेन से नीचे गिरा देख तत्काल गाड़ी रुकवाई और घायल यात्री के पास पहुंचा।

**चुनावी चौपाल** | पौने तीन करोड़ की लागत से बने बस स्टॉप के अंदर न आकर बाहर से ही निकल जाती हैं बसें

# हैदरगढ़ में ट्रेनों का ठहराव न होने से परेशान हैं यात्री

**हैदरगढ़, बाराबंकी**


हैदरगढ़ में मतदान करने की शपथ लेते नागरिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है। होटलों और चाय की दुकानों पर चुनाव की ही चर्चा सुनाई पड़ रही है। बाराबंकी लोकसभा सीट से इस बार कौन बाजी मारेगा, लोग इसका आंकलन करने में जुटे हैं। इस बीच लोगों को मतदान के लिये जागरुक करने के लिए अमृत विचार की टीम सोमवार को हैदरगढ़ पहुंची।

लोगों ने हैदरगढ़ में ट्रेनों के ठहराव, बस स्टेशन पर बसों के न आने और चौराहे से सीधे निकल जाने, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी जैसे कई अहम मुद्दे उठाए। चौपाल में मौजूद आशुतोष शुक्ला ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज अस्पताल जाने पर टिटनेस का इंजेक्शन तक नहीं मिल पाता। उसे मेडिकल स्टोर से खरीदना पड़ता है। विनय त्रिवेदी ने हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा उठाया और कहा कि हजारों यात्री प्रतिदिन विभिन्न शहरों के लिए यहां यात्रा करते हैं। फिर भी अधिकांश ट्रेनों का ठहराव नहीं होता। उन्होंने ट्रेनों के ठहराव की मांग की। अन्नू तिवारी ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का मुद्दा उठाया और कहा कि निजी स्कूलों की किताबें उनके द्वारा चिह्नित दुकानों पर मनमाने दामों पर खरीदनी पड़ती हैं। यही नहीं, इस बार विद्यालयों ने मनमाने ढंग से फीस में 10 फीसदी की बढ़ोतरी करके मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ने का काम किया है। रोहित मिश्रा ने नगर में खेल मैदान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मैदान न होने से युवा अपनी प्रतिभा का विकास नहीं कर पा रहा है। नितिन मौर्य ने पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बने बस स्टेशन पर लंबी दूरी की बसों के न आने का मुद्दा उठाया और कहा कि बसों के न आने से यात्री मुख्य चौराहे पर धूप में खड़े होकर बस का इंतजार करने को विवश होते हैं। वहीं चौराहे पर भीड़ होने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। जिनमें कई लोग अब तक जान गंवा चुके हैं। चौपाल में मौजूद लोगों ने मतदान की शपथ ली।

# लोकसभा चुनाव में खर्च होगी 12 करोड़ की धनराशि

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपंन कराने के लिए इस बार जिला प्रशासन को करीब 12 करोड़ रुपये का बजट मिला है। बजट की इस धनराशि से चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों के मेहनताना से लेकर ईंधन, स्टेशनरी व बूथ आदि को तैयार करने में खर्च किया जा रहा है। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार की देखरेख में निर्वाचन विभाग टेंडर आदि के माध्यम से संबंधित फर्मों को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के आधार पर भुगतान करेगा।

केंद्र सरकार द्वारा इस आवंटित बजट से चुनाव कराने वाले कार्मिकों को आयोग द्वारा निर्धारित मेहनताना की धनराशि दी जाएगी। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। वहीं चुनाव में लगे छोटे-बड़े वाहनों के ईंधन पर भी कई करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा लाखों की धनराशि स्टेशनरी आदि पर खर्च हो रही है। वहीं बूथों को तैयार करने में भी इसी बजट का सहारा लिया जाता है जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार की देखरेख में निर्वाचन विभाग संबंधित फर्मों को गाइडलाइन के अनुसार कई स्तर से पत्रावलियों की जांच के बाद भुगतान करता है।

### पीठासीन अधिकारियों को मिलेगा सर्वाधिक ड्यूटी भत्ता

चुनाव में पीठासीन अधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इसलिए इन्हें भत्ता भी सबसे अधिक मिलेगा। पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन ही बैंक खाते में धनराशि भेजी जाएगी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय अधिकारी को भत्ता मिलेगा। साथ ही हल्का नाश्ते के लिए सिर्फ 150 रुपये अलग से दिए जाएंगे। पीठासीन अधिकारी को 1550 रुपये मिलेंगे। जबकि मतदान कर्मचारी प्रथम को 1150 रुपये तो मतदान कर्मचारी द्वितीय को 900 और मतदान कर्मचारी तृतीय को 850 रुपये मिलेंगे। इसी तरह रिजर्व कार्मिकों की बात करें तो पीठासीन को 850, मतदान कर्मचारी प्रथम और द्वितीय को 650-650 और मतदान कर्मचारी तृतीय को 450 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा वीडियो ग्राफी कार्मिक, सेक्टर, जोनल, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, आरओ, एआरओ सहित मतगणना कार्मिक, पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर को नकद नहीं उनके बैंक खाते में पैसा भेजा जाएगा। चुनाव में करीब 18 हजार से अधिक मैनपावर लगेगा। इन्हें चुनाव आयोग मानदेय देता है। विभागवार कार्मिकों की फीडिंग के दौरान ही सेलरी अकाउंट दर्ज कर दिया गया है।

> लोकसभा चुनाव को लेकर करीब 12 करोड़ का बजट मिला है। इससे चुनाव में लगे कार्मिकों को मानदेय के साथ वाहनों के ईंधन, स्टेशनरी, नाश्ते पर गाइडलाइन के आधार खर्च किया जाएगा। कार्मिकों के खाते में मानदेय भेजा जाएगा।
>
> -सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

**स्टेशनरी व ईंधन पर भी खर्च होंगे करोड़ों :** पोलिंग पार्टियों को चुनाव साग्रमी के बस्ते के साथ निर्वाचन कार्य में काफी स्टेशनरी आदि का प्रयोग होता है। फर्म के द्वारा स्टेशनरी का सामान निर्धारित रेट के हिसाब से निर्वाचन विभाग को उपलब्ध कराया जाता है। इस पर भी लाखों की धनराशि खर्च होगी। वहीं चिन्हित 13 पेट्रोल पंपों से लिए जा रहे ईंधन का भुगतान भी करोड़ों में होने की उम्मीद है। चुनाव में छोटी-बड़ी मिलाकर तीन हजार से अधिक वाहन लगे हैं। कुछ वाहन डीजल व पेट्रोल तो कुछ वाहन सीएनजी युक्त है। आयोग ने वाहनों को ईंधन देने को लेकर भी मात्रा व दर एवरेज के आधार पर तय की है।

## एक नजर

### नौकरी के नाम पर 10 लाख लेने का आरोप

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले तीन सगे भाइयों सहित दो अन्य के खिलाफ भुक्त भोगी ने थाने पर प्राथमिक दर्ज कराई है। जनपद बाराबंकी के थाना सफदरगंज अंतर्गत ग्राम बधौरा रतन सिंह निवासी बच्चा राम वर्मा ने थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिक में थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम मदनापुर निवासी आकाश, पप्पू सिंह, व वासुदेव सिंह, अनिल सिंह वह एक अज्ञात के विरुद्ध थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया की 4 वर्ष पूर्व उक्त लोगों ने नौकरी दिलाने के लिए 10 लाख रुपये नगद एडवांस लिए थे उसके बाद काफी समय बीत जाने के बाद नौकरी नहीं दिला सके। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर 9 लाख आरटीजीएस द्वारा एक लाख रुपए चेक द्वारा ले लिया। और प्रार्थी को तीन फर्जी जॉइनिंग लेटर डाक द्वारा रेलवे में नौकरी का भेज दिया। संबंधित कार्यालय जाने पर उन लोगों को पता चला की नियुक्त पत्र फर्जी है। थानाध्यक्ष लोनी कटरा ने बताया मामले की जांच करने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### चोरी की चार बाइकों के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख पुलिस टीम ने चोरी की चार बाइकों के साथ चार शातिर चोरों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इन चोरों का एक गिरोह है। जो बाराबंकी सहित आप पास के जिलो में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। मुखबिरों की सहायता से थानाध्यक्ष अमरसिंह की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्वारा बनाई गई टीम ने लखनऊ के थाना क्षेत्र सुशान्त गोल्फ सिटी निवासी उदित कुमार, थाना क्षेत्र सतरिख के ग्राम तिंदवानी निवासी गिरजा शंकर, थाना क्षेत्र सुशान्त गोल्फ सिटी के ग्राम बुद्दू खेड़ा निवासी अरविंद कुमार को ग्राम तिंदवानी के नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की चार बाइकें बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दो दिन पहले ग्राम भोजपुर थाना क्षेत्र सतरिख स्थित खेत से चोरी एक बाइक चुराई थी।

# दुबई में बिकेगा जिले में उत्पादित करेला, भिंडी, लौकी और आम

## अफसरों ने सब्जी लदे वाहन को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ एयरपोर्ट किया रवाना

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में उत्पादित करेला, भिंडी, लौकी और आम अब दुबई में भी बिकेगा। मंगलवार को अफसरों की एक टीम ने सब्जियों से भरे वाहन को गांव से हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया। एयरपोर्ट से सब्जी दुबई भेजी जाएगी।

विकास खंड हरख के लक्ष्मणपुर गांव में राम आसरे एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा मंगलवार को खाड़ी देश दुबई में बिक्री के लिए करेला, लौकी, भिंडी और आम भेजा गया। वाहन को उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, अपर जिला कृषि अधिकारी एबी सिंह व वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक गणेश चंद मिश्रा ने लक्ष्मणपुर गांव पहुंचकर वाहन को हरी झंडी दिखाया। अफसरों की टीम ने लक्ष्मणपुर तथा सलारपुर गांवो में जाकर बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा की जा रही करेला, लौकी, भिंडी और आम की प्रगतिशील खेती देखी। खेती करने के तरीके को समझा। किसानों ने अफसरों को खेती करने का तरीका भी बताया। उन्नतशील खेती देखकर अफसरों की टीम ने किसानों की प्रशंसा की। इसके बाद लक्ष्मणपुर गांव पहुंचकर अफसरों ने करेला भिंडी, लौकी और आम से लदे पिकअप वाहन को लखनऊ स्थित एयरपोर्ट के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लक्ष्मणपुर गांव के प्रगतिशील किसान नीरज कुमार पटेल ने बताया कि अधिकारियों के प्रयासों से लौकी, करेला, भिंडी और आम को बिक्री के लिए दुबई भेजा जा रहा है।



सब्जी लदे वाहन को लखनऊ एयरपोर्ट रवाना करते कृषि विभाग के अधिकारी।

### निर्यात में हो रही वृद्धि

दुबई समेत यूरोपीय देशों में सब्जियों की मांग तेजी से बढ़ी है। फल और सब्जियों के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जो जिले के किसानों के लिये काफी अच्छी बात है। किसानों के उत्पाद विदेश में निर्यात होंगे तो उन्हें मुनाफा भी कई गुना ज्यादा होगा।

-महेश कुमार श्रीवास्तव, जिला उद्यान अधिकारी

## प्रशिक्षण से गायब रहे 29 कर्मचारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम व जीजीआईसी कक्ष में चल रहे प्रशिक्षण में मंगलवार को दोनों पालियों में 29 कर्मचारी गायब रहे।

इनमें पहली पाली में 15 तो दूसरी पाली में 14 कर्मचारी शामिल रहे। गायब रहे कर्मचारियों को विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के साथ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करने के निर्देश प्रभारी अधिकारी कार्मिक व सीडीओ अ.सुदन ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

**19 दिनों में हुई 57,933 वाहनों की जांच :** लोकसभा चुनाव को लेकर चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान जारी है। प्रभारी अधिकारी व डीएफओ आकाश वधावन ने बताया कि मंगलवार को 21 चेक पोस्ट पर कुल 4314 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। बीते 26 अप्रैल से 14 मई तक 57,933 वाहनों की जांच की गयी है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चढ़ाई चादर


देवा पहुंचे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल अहमद सिद्दीकी।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल अहमद सिद्दीकी ने मंगलवार को कस्बा देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर चादर चढाकर अमन और चैन की दुआ मांगी और उसके बाद अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पंचायत देवा में नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमील अहमद एवं अन्य कार्यकर्ताओं वार्ता कर चुनाव के बारे चर्चा की और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर एक जुट होकर मेहनत करने की अपील की। इस मौके पर जितेंद्र निगम, आकाश शुक्ला सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाईपास रोड पर खुला सियारामा हॉस्पिटल


हास्पिटल का उद्घाटन करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा टिकैतनगर में बाईपास रोड पर सियाराम हॉस्पिटल का उद्घाटन महाराज अतुल भारद्वाज एवं खाद्य रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किया। सियाराम हॉस्पिटल के अंदर प्राइवेट वार्ड, जनरल वार्ड, ऑपरेशन थिएटर आईसीयू रूम सहित आधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित इलाज की उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई है। इस मौके पर पुरुषोत्तम तिवारी, सपन जैन, सभासद राजकुमार रावत, प्रदीप द्विवेदी, विकास द्विवेदी, राजकुमार पांडे व नगर पंचायत टिकैत नगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे।

### टीन शेड रखने को लेकर विवाद, केस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत एक गांव में टीन शेड रखने को लेकर एक व्यक्ति को पड़ोसियों ने लाठी डंडे से पीटा। पुलिस ने इलाज करवाने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर करवाई शुरू की। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मिर्जा का पुरवा मज़रे मुरार पुर निवासी शिवम कश्यप ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही पडोसी राम लखन से एक दीवाल को लेकर पुरानी रंजिश है। सोमवार को शाम के वक्त टीन शेड रख रहा था। तभी राम लखन अपने भाई और पिता के साथ आ कर गलौजगाली देने लगे और लाठी डंडे से तीनों ने पीट दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर करवाई की जा रही है।

### अमर व आदित्य ने रोशन किया नाम

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय के पड़ोस में स्थित लालपुर गांव निवासी शिक्षक देवेंद्र प्रताप श्रीवास्तव के पुत्र अमर श्रीवास्तव ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल शहीद पथ लखनऊ से 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अमर श्रीवास्तव इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। वहीं दूसरी और इंडोरामा पब्लिक स्कूल जगदीशपुर अमेठी से इंटरमीडिएट परीक्षा 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र के हरिपालपुर गांव निवासी संतोष कुमार मिश्रा एवं माता सुषमा मिश्रा के पुत्र आदित्य कुमार मिश्रा का लक्ष्य बीटेक करना है।

### प्राची ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का बढ़ाया मान



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर हैदरगढ़ में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्या भारती संस्कृत शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर छात्र निबंध प्रतियोगिता का भी विभिन्न वर्गों में आयोजन हुआ। जिसमें देश भर की 36 समितियों के किशोर वर्ग के 500 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया किशोर वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर हैदरगढ़ की छात्रा प्राची सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय समाज एवं अपने परिवार का मान बढ़ाया है। विद्या भारती संस्कृत शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र हरियाणा ने विजेता छात्रा को प्रमाण पत्र एवं 510 का साहित्य देकर के सम्मानित किया। निबंध प्रतियोगिता का परिणाम आते ही विद्यालय में छात्रों एवं अध्यापकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय में समारोह पूर्वक छात्रा को सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार ने सम्मानित किया। इस मौके पर पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष राम शरण साहू अधिवक्ता हरिओम चौरसिया उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह ने इस उपलब्धि को गौरव का क्षण बताते हुए सभी छात्रों को प्राची सोनी से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री सौम्या अवस्थी और उप प्रधानमंत्री एवं अनुशासन प्रमुख आयुष गुप्ता को हरि ओम चौरसिया ने शपथ दिलाई और पूर्व प्रधानमंत्री बहन दर्शिका शुक्ला ने माला पहनकर स्वागत किया। आयुष गुप्ता को विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया।

## जिला बार कार्यकारिणी ने वकीलों के साथ की बैठक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने कलेक्ट्रेट स्थित चैंबर भवन में अधिवक्ताओं के साथ बैठक की तथा वकीलों की समस्याएं जानने का प्रयास किया। बैठक की शुरुआत करते हुए पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने रिकार्ड रूम में निरीक्षण करने की समस्या, धारा 24, 80की समस्या उठाई और कहा कि इन दोनों प्रकार के वादों में रिपोर्ट आने के बाद विरोधी पार्टी को नोटिस नही दी जाती। वसीयत वाले केसों में जबरन लेखपाल का बयान कराया जाता जो गलत। इसी तरह आरपी गौतम, आशीष तिवारी, विनय वर्मा, नंद किशोर यादव, सर्वेश मौर्य, नरेंद्र मिश्रा, सुरेश श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश तिवारी, राम गोपाल शुक्ल आदि ने समस्याओं की फेहरिस्त रखी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष हिसाल बारी ने कहा कि सभी समस्यायों के निराकरण हेतु एक ज्ञापन जिलाधिकारी को जल्द सौंपा जाएगा। बैठक में महामंत्री अशोक वर्मा, अंशुमान सिंह, प्रदीप बाजपेई सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## हरे पेड़ों की धड़ल्ले से जारी है कटान

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** आए दिन प्रतिबंध हरे पेड़ों की कटान जारी है। हरख वन व सतरिख थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में अमृत सरोवर तालाब के पास लगे प्रतिबंधित आम पांच पेड़ों को वन माफिया के द्वारा बिना परमिट के काट दिए गए। डीएफओ आकाशदीप बधावान का कहना है की अवैध कटान को लेकर विभाग पूरी तरह सक्रिय हैं, कहीं पर भी कटान होती है तो एसडीओ को भेजकर जांच की जाती है।

## बीएलओ पर्ची के साथ घरों में दे रहे गाइड

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी: अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट में चुनाव आयोग की ओर से घर-घर मतदाता पर्ची के साथ वोटर गाइड (मतदाता मार्ग दर्शिका) 'कैसे डालें वोट' का भी वितरण किया जा रहा है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर चुनाव में सभी परिवारों के लिए वोटर गाइड वितरित करने में बीएलओ इसे ले जाकर घर-घर मतदाता पर्ची के साथ दे रहे हैं। प्रत्येक परिवार में पांच सदस्य माने जाते हैं। इस लिहाज से जितने मतदाता हैं उसके पांचवें हिस्से के बराबर परिवारों को मतदाता मार्गदर्शिका दी जा रही है। मार्ग दर्शिका में खास बात यह है कि मतदान कैसे करें व मतदान के लिए अनुमोदित पहचान अभिलेख क्या होंगे आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवीपैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई गई है। इसके अलावा मतदान केंद्र के आसपास मतदान के दौरान क्या करें और क्या न करें आदि के संबंध में भी मतदाताओं को जानकारी दी गई है।


पर्ची के साथ वोटर गाइड देते बीएलओ।

## फर्स्ट वोटर

### पहली बार डालूंगा वोट


लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार वोट डालने का मौका मिला है। इसके लिए उत्साह है। स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को मत दूंगा। सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए।

-मोहम्मद स्वाले

### लोगों को करूंगा जागरूक


पहली बार वोट देकर सांसद चुनने का मौका मिला है। सभी लोगों को मतदान अवश्य करना चाहिए। मैं मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करूंगा।

-श्याम दीक्षित

### पहली बार चुनूंगा सांसद


पहली बार सांसद चुनने के लिए वोट देने का मौका मिला है। देश के विकास के लिए अपना वोट करूंगा। खुशी है कि लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

-शिवम

### दोस्तों को करूंगा प्रेरित


मैं पहली बार वोट दूंगा। इसके साथ ही अपने दोस्तों को मतदान के लिए प्रेरित करूंगा। मतदान करते वक्त रोजगार, देश की सुरक्षा जैसे मुद्दे जहन में होंगे।

-आदर्श पटेल

## ईवीएम में होंगे कुल 14 बटन, अंतिम होगा नोटा का

### मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर के छात्र कृत वर्मा ने मतदान करने के लिए बैलेट यूनिट पर कुल बटनों की संख्या के संबंध में मतदाताओं के सवाल का जवाब अपने चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा ऐसा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर भेजें। अमृत विचार चित्र के माध्यम से आपका सवाल और जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा।




## बोरे में मिला नर कंकाल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा स्थित सुबेहा मार्ग पर बोरे में बन्द एक किशोर का कंकाल मिलने से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। नगर पंचायत हैदरगढ़ स्थित सुबेहा रोड पर आम पेड़ के नीचे खंती में 14 वर्षीय बच्चे का शव कंकाल के रूप मे बरामद हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक शव की पहचान लड़का अथवा लड़की के रूप में नहीं हो सकी है।। पास पड़ोस के निवासियों ने बताया कि बोरा एक सप्ताह पूर्व से पड़ा दिखाई दे रहा था। लेकिन किसी ने पुलिस को सूचना देना उचित नहीं समझा। घटना की सूचना किसी राहगीर ने दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

**बैठक** | 17 मई को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे मोदी

# पीएम की रैली की तैयारियों में जुटी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पीएम नरेंद्र मोदी 17 मई को भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में जनसभा करेंगे। रैली में विशाल जनसमूह पीएम मोदी के स्वागत में उमड़ेगा। रैली की व्यवस्थाओं के प्रमुखों की बैठकों का दौर लगातार जारी है। जर्मन हैंगर पांडाल का एक हिस्सा एवं मंच बनकर लगभग तैयार है। मंगलवार को रैली प्रभारी बसंत त्यागी ने रैली स्थल पर साज सज्जा एवं अन्य तैयारियों की समीक्षा की। व्यवस्था में लगाए गए कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिले में चौथी बार पधार रहे हैं। भीड़ की दृष्टि से पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने हैं। बाराबंकी पूर्वांचल का द्वार कहा जाता है। इस रैली में जो माहौल बनेगा वह जिले में प्रतिद्वंद्वियों के हौसले पस्त करने के साथ ही पूर्वांचल में होने वाले छठे और सातवें चरण के मतदान के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और नई ऊर्जा का संचार करेगा। सह प्रभारी संजीव प्रताप सिंह ने महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित अन्य मोर्चे के जिला अध्यक्षों को साज सज्जा एवं पंडाल के विभिन्न ब्लॉकों में जिम्मेदारियां सौंपी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, गुरु शरण लोधी, अनूप यादव, शील रत्न मिहिर, विजय आनंद बाजपेई, राकेश वर्मा, देवेंद्र सिंह ज्ञानू, सर्वेश अवस्थी, रामेश्वरी त्रिवेदी, बृजेश रावत, रचना श्रीवास्तव, नवीन सिंह, रविकांत शुक्ला, जंग बहादुर पटेल, पवन जैन, सीए अश्वनी श्रीवास्तव, कैप्टन विजय श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह ज्ञानू, शिवस्वानी वर्मा, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे।


बैठक करते भाजपा प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी एवम सह प्रभारी संजीत प्रताप सिंह।

## हैंडपंप को ठीक कराने की मांग

**महादेवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड सूरतगंज के ग्राम पंचायत लोधौरा के नट पुरवा मोहल्ला में अनुसूचित जाति के बीस घर बने हैं। उनके पीने के लिए सिर्फ एक ही इंडिया मार्का हैंडपंप लगा हुआ है। वह भी करीब दो वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। लोगोंने इसे ठीक कराने की मांग कीक है।

नट पुरवा के ग्रामीणों के द्वारा कई बार सचिव, ग्राम प्रधान से मौखिक शिकायत कर चुके है। उसके बावजूद भी आज तक हैंडपंप दुरुस्त नही किया गया है। केवल रिबोर के नाम पर सचिव ग्राम प्रधान के द्वारा मनमाना पैसा तो निकाल लिया जाता है, परंतु हैंडपंप सही नही कराया जाता है।



## एक नजर

### पुजारियों ने की गर्भगृह में एसी लगवाने की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अभी तक रामलला के गर्भगृह में एसी नही लग सका है। इसे लेकर पुजारियों ने ट्रस्ट से एसी लगाए जाने की मांग की है। पुजारी प्रेमचंद त्रिपाठी के अनुसार जल्द ही यह सुविधा प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि रामलला की पूजन विधि के साथ सुविधाओं को भी बढ़ाया जा रहा है। गर्भगृह में एसी लगाने और अन्य सुविधाएं बढ़ाने की ट्रस्ट ने तैयारी शुरू कर दी है।

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

तारुन अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र के नेतवरी चतुरपुर मजरे हरिपाल का पुरवा के पास सोमवार रात्रि एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुभाष (20) पुत्र कमला प्रसाद निवासी बीकापुर राममहर थाना गोसाईगंज के रूप में हुई है। वो जीविकोपर्जन के लिए रामपुर भगन में मोमोज की दुकान चलाता था। रात में रामपुरभगन से घर जा रहा था। थानाध्यक्ष तारून ओपी राय ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### समय से पहुंचें डॉक्टर, नहीं तो होगी कार्रवाई

अयोध्या, अमृत विचार : जिला चिकित्सालय में गत दिनों इमरजेंसी में एक डॉक्टर व युवक के बीच हुए वाद-विवाद के बाद सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने मंगलवार को चेतावनी पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि है कि इमरजेंसी ओपीडी में किसी भी अपरिचित व्यक्ति को प्रवेश न दें। सभी डॉक्टर समय से अस्पताल पहुंचे। अमूमन देखा जाता है कि मरीज पहले पहुंच जाते हैं और डॉक्टर राउंड की बात कहकर देर से पहुंचते हैं। कई बार यही विवाद का कारण बनता है। इसलिए सभी चिकित्सक व कर्मी अपने कक्ष में समय से पहुंच जाएं। आदेश का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 48 घंटे बिजली व पानी को तरसे लोग

## परेशानी : राममंदिर के निकट की सबसे बड़ी कॉलोनी जलवानपुरा में मचा हाहाकार

**200** परिवारों का छिना चैन, आक्रोशित लोगों के हंगामे के बाद हरकत में आई पॉवर कॉर्पोरेशन की टीम

अयोध्या कार्यालय



अंडरग्राउंड केबल की मरम्मत के लिए खोदा गया गड्ढा।



अंधेरे में हैंडपंप से पानी भरतीं महिलाएं।

> अयोध्या के जलवानपुरा में लो-वोल्टेज की समस्या है। अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट है, जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। लापरवाही और देरी का आरोप बेबुनियाद है। शीघ्र ही आपूर्ति सुचारू की जाएगी। टीम अपना काम कर रही है। – **प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम, अयोध्या**

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में तब्दील हो रही अयोध्या में पॉवर कॉर्पोरेशन की लापरवाही और अनदेखी से राममंदिर के निकट की सबसे बड़ी कॉलोनी जलवानपुरा के 200 से अधिक परिवार 48 घंटे से बिजली व पानी के लिए तरस गए। भीषण गर्मी में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेयजल न मिलने से हाहाकार मच गया। कहीं कोई सुनवाई नहीं होने पर लोगों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित लोगों ने सोमवार देर रात उपकेंद्र का घेराव कर जमकर हंगामा किया। लोगों का गुस्सा इस बात पर था कि फॉल्ट नहीं दुरुस्त कर सके तो कम से कम शिकायत तो सुन लेते। इसके बाद हरकत में आई पॉवर कॉर्पोरेशन की टीम ने अंडरग्राउंड केबल में आई खराबी को दुरुस्त करने की कवायद शुरू की। कर्मचारियों ने 12 घंटे लगातार कार्य कर आपूर्ति को मंगलवार की शाम 8:30 बजे बहाल किया।

अयोध्या धाम के हनुमान कुंड वार्ड की जलवानपुरा कॉलोनी राम मंदिर के निकट की सबसे बड़ी कॉलोनी है। रविवार की दोपहर बाद अंडरग्राउंड केबल में खराबी आने से क्षेत्र में वोल्टेज लो की समस्या आ गई। रात दस बजे के करीब आपूर्ति बंद हो गई। काफी देर तक इंतजार करते रहे, लेकिन सुचारू नहीं हुई। इसके बाद लोगों ने अधिकारियों के फोन करना शुरू किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बिजली नहीं आने से पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया। भीषण गर्मी में सोमवार और मंगलवार दो दिन बिजली व पानी न मिलने से हाहाकार मच गया।

कॉलोनीवासी आशुतोष मिश्र ने कहा कि 48 घंटे से बिजली नहीं होने से घरों में लगे इन्वर्टर भी फेल हो गए। मोटर न चलने के कारण पानी भी नहीं मिल पाया। कुछ स्थानों पर लगे हैंडपंप से पानी भरकर काम चलाया गया। आक्रोशित लोगों ने सोमवार रात उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर कर्मचारियों पर दबाव बनाया। उसके बाद मंगलवार सुबह पहुंची पॉवर कॉर्पोरेशन की टीम ने भूमिगत केबिल में फाल्ट होने की बात कही और गड्ढे की खुदाई शुरू की गई। चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली की सबसे बड़ी समस्या है। कई दिनों से हाई और लो वोल्टेज की समस्या आ रही थी। विभाग को इसकी जानकारी दी गई थी। अगर समय रहते समस्या का निदान हो जाता तो 48 घंटे तक बिजली नहीं गायब होती। राहुल कुमार ने कहा कि बिजली न होने के कारण परिवार के लोग काफी परेशान थे। तबीयत खराब होने की डर से उन्हें दूसरे स्थान पर भेजना पड़ा।

# सीटी स्कैन मशीन फिर बीमार, नई अभी चालू नहीं

अयोध्या कार्यालय

**मरीजों को ढीली करनी पड़ रहीं जेब, पुराने भवन में लगी लिफ्ट भी बंद**



पुराने भवन में पीकू वार्ड तक जाने के लगी लिफ्ट बंद है।

> सीटी स्कैन मशीन पीपीपी मोड पर लगी है। कंपनी को सूचित कर दिया गया है। नई सीटी स्कैन मशीन के लिए अभी एआरबी से अनुमति नहीं मिली है। बंद पड़ी लिफ्ट को चालू करवाया जा रहा है। –**डॉ. डीके सिंह, मीडिया प्रभारी, मेडिकल कॉलेज**

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में लगी सीटी स्कैन मशीन को कोई बड़ी बीमारी लग गई है। वह एक बार फिर से खराब हो गई है, जिसका खामियाजा मरीजों को जेब ढीली कर उठाना पड़ रहा है। उधर, 128 स्लाइस की नई सीटी स्कैन मशीन आज तक चालू नहीं हो सकी। नई-नवेली दुल्हन की तरह उसे अलग ही कक्ष में संजोकर रखा गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन इस पर पूरी तरह से खामोश बैठा हुआ है।

मंडलीय से मेडिकल कॉलेज बना दर्शननगर का अस्पताल अब भले ही 500 बेड का हो गया हो, लेकिन व्यवस्थाएं अभी हायर सेंटर की तरह नहीं मिल रही है। पुराने भवन में लगी लिफ्ट भी बंद पड़ी हैं। सूत्रों के मुताबिक एक का दरवाजा उखड़ गया है तो दूसरी लिफ्ट में पानी भरा हुआ है। उधर, पीछे पीकू वार्ड को जाने वाले भवन में लगी लिफ्ट भी महीनों से खराब पड़ी है, जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। बंद पड़े सीसी कैमरों का फायदा उठाते हुए चोर लगातार परिसर से बाइक उठा ले जा रहे हैं, लेकिन इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। गोंडा से पहुंचीं शोभा ने बताया कि उनके बेटे के सिर में दर्द था। वह दिखाने आई थी तो चिकित्सकों ने सीटी स्कैन लिख दिया। अब निशुल्क सुविधा मिलने के कारण 150 रुपये किराया खर्च कर यहां पहुंच गई, लेकिन मशीन के बंद होने से बड़ी निराशा हाथ लगी है।

## रामभद्राचार्य पर आपत्तिजनक टिप्पणी में दो गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन थाना पुलिस ने धर्मगुरु रामभद्राचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आपत्तिजनक व अश्लील टिप्पणी करने के मामले में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में थाना क्षेत्र के सत्येन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि क्षेत्र के कुलदीप गौड़ ने सोशल मीडिया पर धर्मगुरु रामभद्राचार्य की एक वीडियो अश्लील तरीके से अपलोड की। उस वीडियो डिलीट करने को कहा गया, लेकिन ऐसा नहीं किया। वहीं नरायनपुर निवासी मो. तालिब ने अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी की। थाना प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# 444 में से 36 कॉलेजों ने दिया आय-व्यय व भूमि का ब्योरा

अयोध्या कार्यालय

**सीडीओ ने एक मई को तलब की थी रिपोर्ट, चुनाव बाद कई पर हो सकती है कार्रवाई**

**अमृत विचार :** आय व्यय और भूमि से जुड़े ब्योरे को लेकर वित्त विहीन ही नहीं राजकीय कॉलेजों की भी बड़ी लापरवाही सामने आई है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक मई को मांगी गई रिपोर्ट को लेकर आज 14 दिन बीत गए, लेकिन अभी तक 444 में से केवल 36 कॉलेजों द्वारा ही रिपोर्ट दी गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने समस्त शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और राजकीय कॉलेजों के प्रधानाचार्य को चिट्ठी लिख कर कृषि फार्म, दुकानों और आय व्यय का समस्त ब्योरा मांगा था। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि यदि चुनाव बाद सभी की रिपोर्ट नहीं आती तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने बताया कि इसके अलावा शिक्षकों व कर्मियों की उपस्थिति व शिक्षण कार्य भी संतोषजनक नहीं मिलने पर सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ बैठक कर शासन व विभागीय नियमों के तहत समय सारणी के अनुसार शैक्षिक कार्य कराएं।

# यशपाल मौत मामला : कृषि विवि के आरोपी शिक्षक विशुद्धानंद निलंबित



कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों से बातचीत करते कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**भाई की तहरीर पर पुलिस ने भी दर्ज किया आरोपी पर केस**

**छात्र की आत्महत्या के मामले में कुलपति ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में छात्र द्वारा आत्महत्या करने के मामले में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मंगलवार को आरोपी शिक्षक डॉ. विशुद्धानंद को निलंबित कर दिया। कुलपति ने मृतक के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया। उधर, मृतक छात्र के बड़े भाई हरिवंश की तहरीर पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने केस भी दर्ज किया है।

कृषि विश्वविद्यालय के सरयू छात्रावास के रूम नंबर 82 में बरेली के अमानपुर भगवतीपुर का निवासी एमएससी के छात्र यशपाल सिंह (22) पुत्र मलखान सिंह का शव सोमवार को फंदे से लटका मिला था। इसके बाद भड़के साथियों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। देर रात तक चले प्रदर्शन में छात्रों का आरोप था कि गाइड डॉ. विशुद्धानंद ने मृतक यशपाल की तीन बार मास्टर रिसर्च थीसिस अस्वीकार कर दी और पेपर वर्क को लेकर काफी परेशान किया करते थे, जिसको लेकर यशपाल मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और शिक्षक की प्रताड़ना से आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली है। घटना से आक्रोशित छात्र आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। विवि के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि सोमवार रात लगभग 11 बजे कुलपति धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे। करीब एक घंटे तक बातचीत की सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। कुलपति ने बताया था कि शाम को ही उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दी थी। जो जांच कर रही है। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने तक डॉ. विशुद्धानंद को मसौधा स्थित फसल अनुसंधान केंद्र से संबद्ध किया गया है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि मृतक छात्र के भाई की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।



निलंबन व संबद्ध पत्र।

### 10 लोगों की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित

मंगलवार सुबह कुलसचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने बैठक की। इसमें प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के बाद कुलपति ने आरोपी शिक्षक डॉ. विशुद्धानंद को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि निष्पक्ष जांच के लिए कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक की अध्यक्षता में कुल 10 लोगों की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की है, जिसमें निदेशक प्रशासन एवं परिवीक्षण डॉ. एके सिंह, कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डीके दिवेदी, वानिकी अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक, सामुदायिक विज्ञान अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह, सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह, डॉ. नवाज खान, डॉ. सीएन राम, डॉ. नीरज यादव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राओं के आईडी नंबर के साथ व्यक्तिगत जानकारी समिति दर्ज करेगी। पुख्ता सबूतों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नगर आयुक्त ने घाटों की सफाई के दिए निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अयोध्या धाम में रामपैड़ी, कच्चा घाट, पक्का घाट व आरती स्थल व अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों की धुलाई का काम समय कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान के अंतर्गत अवधपुरी स्थित पार्क में पौधरोपण किया। अभियान में उपस्थित लोगों से भी पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, जोनल मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक कमल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हाईवे किनारे माझा बरेहटा में तेंदुए की आहट

अयोध्या, कार्यालय



जानवर देखे जाने के बाद गांव पहुंचकर जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मी।



खेत में मिले जानवर के पैर के निशान।

**दिखे पैरों के निशान, जांच के लिए पहुंची वन विभाग की टीम**

**अमृत विचार :** छावनी क्षेत्र और सोहावल तहसील के बाद अब लखनऊ हाईवे किनारे स्थित माझा बरेहटा में तेंदुए की आहट है। खेत की तफर सोमवार रात दो जानवर दिखने के बाद गाँव में हलचल मच गई। मौके पर मंगलवार को वन विभाग की टीम जाँच-पड़ताल के लिए पहुंची है। मौके से मिले पैरों के निशान को जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजवाने की कवायद शुरू हो गई है।

मांझा बरेहटा के नेउर का पुरवा निवासी रामजीत गौतम का कहना है कि सोमवार रात खेत की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दिनेश और उमेश ने आहट होने पर टॉर्च जलाई तो उनके खेत के बाएं तरफ दो तेंदुए दिखाई पड़े। इसके बाद हल्ला-गुहार शुरू हुई। लाठी-डंडा लेकर लोगों ने दौड़ाया तो दोनों थोड़ी दूर स्थित गन्ने के खेत में घुस गए।

मौके पर पड़ताल करने पहुंचे वन कर्मी राजेश कुमार और रामछबीले का कहना है कि तेंदुए के पैरों का निशान बड़ा होता है। फ़िलहाल मौके से पैरों के निशान का सैंपल लिया गया है और इसे जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजवाया जाएगा। दो-तीन दिन तक पूरे क्षेत्र की निगरानी कराई जाएगी। वन विभाग मया क्षेत्र के रेंजर तरुन कुमार मौर्य का कहना है कि शिकायत पर मौके पर जाँच के लिए टीम भेजी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### आस्था



सरयू आरती में शामिल होने पहुंचे उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह व झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

### उत्तराखंड और झारखंड के राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड और झारखंड के राज्यपाल मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दोनों को सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रामलला का दर्शन करने के बाद उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य का क्षण है कि अयोध्या में आकर हर एक संस्था हर एक व्यक्ति को रामलला का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। हर एक उत्तराखंडी हर एक भारतीय के लिए यह बहुत ही गौरव का विषय है। वहीं झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी रामलला का दर्शन किया। सीपी राधाकृष्णन के पास तेलंगाना राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार भी है। दोनों ही जगह के राज्यपाल सरयू आरती में भी शामिल हुए।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में फंस गए रोडवेज के सेवा प्रबंधक

अयोध्या कार्यालय

**क्षेत्र में स्थानांतरण के लिए कर्मचारियों से मांगा विकल्प**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के दौरान कर्मचारियों स्थानांतरण के लिए कर्मचारियों से विकल्प मांग रोडवेज के सेवा प्रबंधक फंस गए। उन्होंने यह पत्र 14 मई 2024 को जारी किया है।

बताया गया है कि लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के दौरान न तो किसी कर्मचारी का स्थानांतरण किया जा सकता है और न ही इसकी कार्रवाई शुरू की जा सकती है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति लेनी होती है। बगैर अनुमति ऐसी प्रक्रिया आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में मानी जाती है।

अयोध्या क्षेत्र के सेवा प्रबंधक नीरज सोनकर ने 14 मई को क्षेत्र के सभी सीनियर फोरमैन, सभी जूनियर फोरमैन, सभी मैकेनिक और सभी विद्युत कर को क्षेत्र के अंतर्गत स्थानांतरण के लिए विकल्प दिए जाने के लिए पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया कि क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने के लिए तीन विकल्पों की जरूरत है। 27 मई तक अपने विकल्प कार्यालय को भेजें। विकल्प प्राप्त न होने की दशा में माना जाएगा कि किसी भी इकाई में तैनात करने में आपको कोई भी आपत्ति नहीं है। इसके बाद तो विभाग में हलचल मच गई। चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान स्थानांतरण की प्रक्रिया कैसे शुरू कर दी गई? इस बावत सेवा प्रबंधक नीरज सोनकर से बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन काल रिसीव नहीं हुई।

रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान स्थानांतरण संबंधी प्रक्रिया नहीं शुरू की जा सकती है। स्थानांतरण के लिए विकल्प मांगे जाने का मामला आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आएगा।

**चुनावी जंग** | भरतकुंड में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा

# गड़बड़ हुआ हेलीकॉप्टर, पसीने से तरबतर हुए मंत्री

अयोध्या कार्यालय



हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के बाद हैलीपैड पर खड़े मंत्री संजय निषाद।

**अमृत विचार :** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री संजय निषाद मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में जनसभा करने के लिए भरतकुंड पहुंचे थे। यहां जनसभा के समापन के बाद उनका हेलीकॉप्टर स्टार्ट ही नहीं हो सका। हैलीपैड पर तकरीबन 45 मिनट तक इंतजार करते-करते वह पसीने से तरबतर हो गए। तकनीकी खामियां दूर होने के बाद वो गोरखपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए रवाना हो सके।

इससे पहले उन्होंने नंदीग्राम में जनसभा को संबोधितत करते हुए कहा कि निषाद बिरादरी को अपना सम्मान बचाना है तो भाजपा को वोट दो। अन्यथा सपा-बसपा के लोग निषाद समाज के अस्तित्व को समाप्त करने पर लगे हुए हैं। 570 जातियों में बंटे निषाद बिरादरी के लोगों को एकजुट होकर के भाजपा को वोट देना चाहिए। गरीब मजलूम व निषाद बिरादरी का अस्तित्व तभी सुरक्षित रहेगा।

कहा कि निषाद बिरादरी के लोगों ने श्रीराम को लंका पर विजय दिलाने में अभूतपूर्व योगदान दिया था। आज वह दिन आ गया। निषाद बिरादरी का यह बेटा संजय निषाद समाज के लोगों को यह बताने आया है कि यह वही भरत जी की धरती है जहां से भगवान राम को लंका पर विजय प्राप्त करने का अवसर मिला था। ठीक उसी तरह से निषाद बिरादरी के लोग भाजपा पार्टी के प्रत्याशी लल्लू सिंह को विजयी बनाने के लिए कमल निशान की बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। मंत्री संजय निषाद भरत हनुमान मिलन मंदिर दर्शन के लिए नहीं पहुंचे। इससे संतों में नाराजगी भी रही। संजय निषाद साढ़े पांच बजे के करीब जनसभा करने पहुंचे थे। आधे घंटे जनसभा को संबोधित करने के बाद वह कार से भरतकुंड के ऐतिहासिक सरोवर के नजदीक बने हैलीपैड पर पहुंचे। हेलीकॉप्टर से वह सात बजे के करीब गोरखपुर के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह, भाजपा नेता गिरीश पांडे, जिलाध्यक्ष संजीव, बीकापुर ब्लॉक प्रमुख दिनेश, अवधेश पांडे बादल, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, मंडल अध्यक्ष अमरनाथ, मंडल उपाध्यक्ष राकेश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



चौपाल में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते लोग व मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

# दलित व पिछड़ों की भाजपा ही हितैषी : करुणाकर

पूरा बाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके उनके जीवन स्तर में सुधार किया। जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान दिखाई देने लगी है।

यह बातें मंगलवार को भाजपा नेता करुणाकर पांडेय ने पूरा ब्लॉक के मोहतशिमपुर में दलित व पिछड़ा वर्ग चौपाल में कहीं। कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि अयोध्या का चहुंमुखी विकास हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए तमाम जानकारी योजनाएं चलाई हैं। चौपाल में बसपा छोड़कर आए कई लोगों को जिलाध्यक्ष ने झंडा थमा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल व संचालन ग्राम प्रधान अनूप वर्मा ने किया। अलावलपुर के प्रधान विमलेश राज, पूर्व प्रधान शांतिपुर सुखराम पासवान, इंद्र कुमार प्रियदर्शी, सुरेंद्र कुमार रावत, डॉ अविनाश सिंह, शोभाराम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आचार संहिता उल्लंघन की यहां करें शिकायत

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुटी पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिस पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। चुनाव सेल के जनपदीय नोडल अधिकारी एसपी देहात एके सोनकर ने बताया कि जिला पुलिस ने आमजन से सहयोग हासिल करने की योजना बनाई है। जिसके तहत चुनाव पुलिस मित्र सहायता नंबर 7839860554 जारी किया है। जिस पर कोई भी अपने क्षेत्र में किसी दल, उनके समर्थक या प्रत्याशी की ओर से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अवैध शराब के निर्माण व बिक्री, डरने-धमकाने अथवा प्रलोभन दिए जाने, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण, मारपीट तथा अन्य गतिविधियों की शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## एक नजर

### आर्टिस्ट चन्द्रपाल को मिला अंतर्राष्ट्रीय मदर्स ब्लेस अवॉर्ड

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आर्टिस्ट चंद्रपाल राजभर ने अपने चित्रकारिता, लेखन एवं शिक्षण के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बना चुके हैं। चन्द्रपाल को अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर उनकी रचना मां के ममता की चादर का छांव लिए, मैं चला सारी उम्र वतन के लिए, एक थपकी मिली जब सुकूं की मुझे मैं गगन छू लिया इस वतन के लिए, नामक रचना को अंतर्राष्ट्रीय मदर्स ब्लेस अवार्ड 2024 से अलंकृत किया गया है।

### कलश सज्जा प्रतियोगिता से लोगों को किया जागरूक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कलश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा कलश सज्जा के माध्यम से देश के युवा मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया। साथ ही सभी से अपील की गई कि अपने मत का प्रयोग करते हुए दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सहायक अध्यापक निसार अहमद, पंकज कुमार, राघवेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### वर्तिका की सफलता पर हर्ष

**कादीपुर, अमृत विचार।** स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो इन्दुशेखर उपाध्याय की प्रपौत्री व करामत हुसैन पीजी कॉलेज लखनऊ के अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ वीना उपाध्याय व डॉ प्रशांत उपाध्याय की पुत्री वर्तिका उपाध्याय द्वारा सीबीएसई बोर्ड की दसवी को परीक्षा 2024 में 93 .5 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। वर्तिका उपाध्याय लखनऊ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल ए ब्लॉक साउथ सिटी सीपी सिंह संस्थान की छात्रा है। वर्तिका के द्वारा इस सफलता का श्रेय माता-पिता की प्रेरणा व प्रोत्साहन को दिया है।

# अनुपस्थित रहे 64 कर्मियों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

## मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रेक्षक ने निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लगे मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन का केंद्रीय विद्यालय अमहट में सम्पन्न हुआ। 25 कमरों में संचालित प्रशिक्षण में 10-10 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ सीडीओ ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रेक्षक सामान्य रंजीत कुमार, प्रेक्षक व्यय अजय चक्रवर्ती, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन द्वारा प्रशिक्षण कक्षों में भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक सामान्य, व्यय, पुलिस द्वारा मतदान कार्मिकों से उनके उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया। सीडीओ अंकुर कौशिक ने निरीक्षण के दौरान प्रतिभागियों से सी आर सी कब करेंगे, वीवीपैट का नाम वर्किंग के समय किस स्थिति में रहेगा, टेण्डर वोट कैसे पडेग़ा, टेस्ट वोट में कौन सा अनुलग्नक भरायेंगे आदि पर प्रश्न-उत्तर किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने सभी कक्षों में जाकर मतदान कार्मिकों को दी



प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

जा रही प्रशिक्षण सामग्री पर चर्चा की। डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने बताया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा एम पी एस एप पर वोटर टर्न आउट रिपोर्ट को मतदान दिवस में नियमित अंतराल पर प्रेषित करना है। उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी द्वारा मतदान सामग्री के वितरण की मॉनिटरिंग की गयी। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय, सुनील कुमार सिंह व संतराम यादव ने सभी प्रशिक्षण कक्ष में जाकर मतदान कार्मिकों के कार्य व दायित्व, लिफाफे तैयार करना, ईवीएम कनेक्शन व सील करने की प्रक्रिया पर डेमो दिया।

प्रशिक्षण की पूरी तैयारी व व्यवस्था को देख रहे डा. जनार्दन राय ने बताया कि द्वितीय दिवस के दोनों पालियों में कुल 2000 मतदान कार्मिकों के सापेक्ष 64 अनुपस्थित पाये गये। सीडीओ नोडल अधिकारी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण व्यवस्था द्वारा अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी किया है। पीपीटी और वीडियो चलाने में विपिन कुमार यादव, वकील अहमद, इमरान, आसिफ जमाल, अनुपम द्विवेदी, मनदीप पांडेय, मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, विनोद सिंह ने योगदान दिया। प्रशिक्षकों में सुनील बरनवाल, अखिलेश, वदीयत उल्ला, राजीव सिंह, विजय कुमार, अजय सरोज, नरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह,प्रदीप भार्गव, विनय प्रजापति, रवीन्द्र सिंह सर्वेश सिंह मुनीश, आलोक सिंह,शैलेश मौर्य, दिलीप शर्मा आदि ने जनपदीय मास्टर ट्रेनर के रुप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।

### प्रत्याशियों पर 45 उड़नदस्ते तो 45 स्टेटिक टीमों की नजर

**संवाददाता, सुलतानपुर :** लोक सभा के चुनावी रणभूमि में उतरे प्रत्याशियों के कार्यक्रमों पर उड़नदस्ता टीमें नजर रखें हुई है। तीन उड़नदस्ता टीमें हमेशा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय है। आयोग के आदेश पर अब टीमों की संख्या बढ़ा दी गई है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिले में 45 उड़नदस्ता टीमें व 45 स्टेटिक टीमें गठित की गई हैं। पहले 15-15 टीमों का गठन किया गया था। अब 45 टीमें गठित करते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में शिफ्टवार उनकी ड्यूटी लगा दी गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में तीन टीमें हमेशा गशत करती रहेंगी। प्रत्याशियों व उनके समर्थन में नेताओं के होने वाले कार्यक्रमों के व्यय का भी टीमें लेखा-जोखा लेती रहेंगी। स्टेटिक टीम अपने स्थानों पर चेकिंग करती रहेगी। प्रत्येक टीम में एक मजिस्ट्रेट, दो पुलिसकर्मी, एक वीडियोग्राफर व एक ड्राइवर है। मुख्य कोषाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि इसके साथ ही 10 वीडियोग्राफी टीम लगाई गई हैं। प्रत्याशियों की ओर से कार्यकर्ताओं, नेताओं के कार्यक्रमों व चुनावी प्रचार में किए जाने वाले प्रत्येक खर्च का डेटा भी टीम तैयार करेंगी।

# ट्रेलर की ठोकर से वृद्ध की मौत, अधेड़ घायल

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में श्री हनुमत इंटर कॉलेज गेट के पास हाइवे पर बाइक से जा रहे अमेठी जिले के बुजुर्ग को सुबह करीब छह बजे एक ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चालक तो बच गया, लेकिन बाइक पर पीछे बैठे बुजुर्ग सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो कर गिर पड़े। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। बाइक चालक मामूली रूप से चोटिल हैं। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है।

अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के लुटुवापुर (बसहूं) के रहने वाले पप्पू पांडेय (60) मंगलवार को बाइक से साथी जगन्नाथ के साथ अमेठी जा रहे थे। सुबह छह बजे के करीब हाइवे पर श्री हनुमत इंटर कॉलेज के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर पीछे बैठे बुजुर्ग पप्पू पाण्डेय ट्रेलर की चपेट में आ गए। बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक जगन्नाथ (55) चोटिल हो गए। घटना के आधे घंटे बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। एसओ तरुण कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन गंभीर

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आजमगढ़ से लखनऊ की तरफ जा रही मारुती कार अज्ञात वाहन के टक्कर से पल्टी खा गयी। जिसमें कार सवार चार लोग चोटिल हो गए। घटना के अनुसार रात 3 बजे लखनऊ जा रही मारुती कार माइल स्टोन 110पर पहुंची ही थी कि तेज रफ्तार पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। कार का संतुलन बिगड़ा और वह खड्ड में जाकर पल्टी खा गयी। जिसमें बैठी बिंदू (40), शीला (42), भारती(41) तथा बद्री (40) निवासी थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ गम्भीर रुप से चोटिल हुये। मौके पर पहुंचे यूपीडा सुरक्षा कर्मियों ने चोटिलों को कार से बाहर निकाल सीएचसी कूरेभार भेज दिया है। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मी परमात्मा ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त वाहन को खड्ड से बाहर निकाल लिया गया है। चोटिलों का इलाज चल रहा है।

# राहुल गांधी के मामले में फिर टली सुनवाई

संवाददाता, सुलतानपुर

**अदालत से**

▸▸ अब मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी



**अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वकील ने राहुल गांधी की तरफ से हाजिरी माफी दी।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 27 मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें मंगलवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी। बताते चले एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव के ट्रांसफर के बाद अभी तक उक्त कोर्ट का चार्ज किसी न्यायिक अधिकारी को नहीं मिला है।

### आरोपियों ने किया आत्मसमर्पण, राहत

**सुलतानपुर :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पायारेपट्टी में बीते साल छलकपट से जमीनी बैनामा के नाम पर लाखों रुपये हड़पने व अपमानित करने के दो आरोपियों ने सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। सीजेएम नवनीत सिंह ने प्यारेपट्टी निवासी आरोपी सदरुल हक और ऐरम फातिमा की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपियों के वकील शेख नजर अहमद और अरविंद सिंह राजा ने बताया आरोपी नियमित जमानत की सुनवाई में कोर्ट में हाजिर हुए तथा कोर्ट ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष को सुनने के बाद जमानत मंजूर की है। गांव के इजहारुल हक ने आपराधिक न्यासभंग व अपमानित करने के आरोप में बीते साल 30 मई की घटना में केस दर्ज कराया था।

# युवाओं के सपने को साकार कर रही सरकार: एके शर्मा

- कुड़वार में सांसद प्रत्याशी मेनका गांधी के पक्ष में हुआ युवा सम्मेलन

संवाददाता, सुलतानपुर




कुड़वार में युवा सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूपी सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कुड़वार के एक मैरिज लान में सिटिंग सांसद व बीजेपी प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में बतौर मुख्य अतिथि युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा युवा भारत का भाग्य विधाता है। भाजपा सरकार युवाओं के सपने को पंख देने का काम कर रही है। हम युवाओं के बल 2024 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचेंगे। युवा एक नये भारत का निर्माण करेगा।

उन्होंने युवाओं से मेरा बूथ सबसे मजबूत की अवधारणा को साकार करने की अपील की। ऊर्जा मंत्री ने सिटिंग सांसद मेनका संजय गांधी के विकास कार्यों व उनके कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा सुलतानपुर का सौभाग्य है कि आपको मेनका गांधी जैसी परिश्रमी व जनता के बीच में रहने वाली सांसद मिली है। ये सुलतानपुर के विकास को लेकर अत्यंत संवेदनशील है और सुलतानपुर को यूपी का नम्बर एक जिला बनाएंगी। उन्होंने कहा सांसद मेनका गांधी जीत की नहीं लीड की लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बन रहे औद्योगिक कोरिडोर से सुलतानपुर के हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी।

सांसद मेनका संजय गांधी ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह के संयोजन में आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा युवा देश की वास्तविक शक्ति है। युवा पीढ़ी समाज व देश की रीढ़ है। विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, लोकसभा प्रभारी केके सिंह, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्या एवं क्षेत्रीय मंत्री पवन पाल, जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम के आदेश पर दो पर गैंगस्टर की कार्रवाई

▸▸ नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर किया था वीडियो वायरल

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** डीएम के आदेश पर गोसाईगंज थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने दो लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की है। स्थानीय थाना क्षेत्र के बसौढ़ी गांव निवासी मनराज एक गिरोह चलाता है। जिसका वह सरगना है। साथी आकाश के साथ मिलकर गिरोह को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए अपराध करता है। बीते दिनों स्थानीय थाना क्षेत्र के एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। जिसका वीडियो भी वायरल किया था। जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा भी दर्ज किया था। विवेचना के दौरान उस कुछ और धाराएं लगाई गई थी। 20 अप्रैल को दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। समाज में उक्त लोगों की दहशत से कोई भी उनके खिलाफ केस दर्ज कराने से डरते हैं। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि डीएम के आदेश पर दोनों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा की शुरुआत



मंगल कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील के पौधनरामपुर में रूद्र महायज्ञ व शिवपुराण कथा के शुभारंभ पर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सिर पर कलश धारण कर पीले वस्त्र में महिलाएं मंगलगीत गाते चलती रही। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: कथा स्थल पर विराम हुई। शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक पं चन्द्रदेव महाराज ने भक्तों को शिव महापुराण कथा के महात्म्य का वर्णन कर लोगों को भावविभोर कर दिया। कथा के मुख्य यजमान शिव शंकर सिंह तथा नौरंगी देवी ने बताया कि 19 मई तक प्रतिदिन शाम सात से 10 बजे तक कथा चल रही है। 20 मई को हवन पूजन एवं 21 मई को भण्डारे का आयोजन किया गया है।

### मतदाता जागरूकता: लोकगीत गायन में आरजू प्रथम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय पूरे ऋषि, कुड़वार में लोकगीत गायन प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आरजू द्विवेदी प्रथम स्थान, दिव्या विश्वकर्मा द्वितीय, मनीषा यादव तृतीय, अहम यादव चतुर्थ तथा अंशिका ने पंचम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक भूमिका में इन्चार्ज प्रधानाध्यापक उमेश सिंह रहे। उन्होंने बच्चों से अपने-अपने घरों एवं पास-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की अपील करने को कहा। सहायक अध्यापक मनोज मौर्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले मतदान तब जलपान की जिद आप सभी बच्चों को करना है। इस मौके पर अनिल कुमार, शैबान उल्लाह अंसारी, बलिराम, विपिन कुमार, प्रमोद कुमार, श्रान्त सिद्धे, गंगा सागर एवं मनोज कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

### पोस्टमास्टर प्रीति सिंह को किया सम्मानित



पोस्टमास्टर को सम्मानित करते डाक अधीक्षक।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ के बेलाही के पोस्टमास्टर प्रीति सिंह को मंगलवार को डाक अधीक्षक सुलतानपुर एमएम हुसैन, आईपीपीबी के प्रबंधक पंकज तिवारी एवं डाक सर्वेक्षक अनिल कुमार तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। अपने बेहतर कार्य के लिए प्रीति सम्मानित किए गए।

### पहले करें मतदान, फिर जलपान

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर में राष्ट्रीय हित में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने भैया बहनों को शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने परिवार में और अपने आसपास मतदान से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे। यह हम सब की जिम्मेदारी है। पहले मतदान फिर जलपान करें। इस मौके पर सभी आचार्य बंधु एवं कर्मचारियों ने भी मतदान जागरूकता हेतु शपथ ली।

# तीन सदस्यीय टीम करेगी ग्राम पंचायत का संचालन

▸▸ ग्राम प्रधान की मौत से बाधित हो रहा था विकास कार्य

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** ग्राम प्रधान की आकस्मिक मौत से ग्राम पंचायत का विकास कार्य बाधित हो गया था। डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत के तीन सदस्यों को नामित कर ग्राम पंचायत के संचालन का निर्देश दिया है।

विकासखंड कूरेभार के ग्राम पंचायत सिरवारा के ग्राम प्रधान हसीब अहमद की 22 फरवरी को आकस्मिक मौत हो गई थी। जिसकी सूचना एडीओ पंचायत द्वारा 28 फरवरी को डीपीआरओ को दी गई। प्रधान की मौत से गांव का विकास कार्य बाधित हो गया था। डीपीआरओ ने गांव का विकास कार्य बाधित न हो इसके लिए ग्राम पंचायत के सदस्यों की सूची चार अप्रैल को मांगी थी। छह अप्रैल को ग्राम पंचायत सदस्यों की सूची डीपीआरओ को उपलब्ध कराई गई। जिसके क्रम में डीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत सदस्य रेखा शर्मा, निशा सिंह व कुलदीप को नामित कर ग्राम पंचायत के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी है। डीपीआरओ अभिषेक कुमार शुक्ला ने बताया कि तीन सदस्यों को नामित किया गया है। प्रधान का चुनाव हो जाने के बाद यह आदेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।

# सात्विक मिस्टर तो दीक्षा बनीं मिस फेयरवेल

- साहित्य के बिना समाज का परिवर्तन संभव नहीं : प्राचार्य
- राणा प्रताप पीजी कालेज में हिन्दी विभाग का विदाई समारोह सम्पन्न

संवाददाता, सुलतानपुर



राणा प्रताप महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी में चुने गए मिस व मिस्टर फेयरवेल।

**अमृत विचारः** साहित्य लोगों को संवेदनशील बनाता है। इसके बिना समाज का परिवर्तन सम्भव नहीं है। साहित्य में सात्विक आनंद है। इसलिए हिन्दी साहित्य का अध्ययन महत्वपूर्ण है। हिंदी के विद्यार्थी जीवन के विविध क्षेत्रों में आसानी से सफल हो जाते हैं। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहीं।

वह मंगलवार को महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। परास्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए यह समारोह आयोजित किया था। मां सरस्वती,राणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर शिक्षकों तथा सहपाठियों का स्वागत किया। परास्नातक अंतिम वर्ष के सौरभ , निखिल शर्मा , नेहा चौरसिया आदि ने अपने अनुभव साझा किए । आशुतोष पाण्डेय ने सरस्वती वंदना साक्षी पाण्डेय आदि ने राम स्तुति व हेरा फरहत और आशुतोष राणा ने स्वरचित विदाई गीत प्रस्तुत किया। प्रीति वर्मा और पार्वती सोनी ने नृत्य और कैटवॉक प्रस्तुति का संयोजन किया। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के सात्विक सिंह मिस्टर और दीक्षा अग्रहरि मिस फेयरवेल चुना गया। संचालन एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र इंद्र कुमार भारती, स्वागत असिस्टेंट प्रो. ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि व आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार ने किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रंजना पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विभा सिंह व डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह समेत एम ए हिन्दी के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित शिक्षको व विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का डॉक्टर, इंजीनियर बनने और सिविल सेवा में जाने का सपना

संवाददाता, सुलतानपुर

**सीबीएसई बोर्ड**

▸▸ जिले के मेधावियों ने परीक्षा में सफलता पाकर संजोये सपने



ओजस्वी 95% सृजा 94 .8% अर्पिता 94 .2% समृद्धि 94 .2% शिवा दुबे 93 .8% दृष्टि 93% इकरा 91 .2% पल्लवी 91% चारु 91% आयुक्त 90 .6% खुशी 90 .4%

**अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड की घोषित 10वीं व 12वीं की परीक्षा में जिले के मेधावियों ने परचम लहराया है। अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं में कोई डॉक्टर, इंजीनियर तो कोई सिविल सेवा में जाकर देश सेवा करना चाहता है।

सीबीएसई दसवीं के परिणाम में दृष्टि श्रीवास्तव पुत्री नवीन अंजनेय ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है । आवास विकास कॉलोनी ओमनगर निवासी दृष्टि श्रीवास्तव गोपाल पब्लिक स्कूल ओमनगर की छात्रा हैं तथा उनके पिता पेशे से अधिवक्ता हैं। दृष्टि ने परीक्षा में सफलता का श्रेय माता - पिता , बड़े पिता, बड़ी मॉ और गुरुजनों को दिया है। दृष्टी डॉक्टरी के क्षेत्र को कैरियर बनाना चाहती हैं। परिवार वालों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। सेठ एमआर जयपुरियाः सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की छात्रा सृजा यादव 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पराक्रम प्रकाश वर्मा तथा शिवभूषण शरण सिंह ने हासिल किया।

### एसएन कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूलः

लंभुआ तहसील के एसएन कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ओजश्वी सिंह ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। आदर्श द्विवेदी 93 प्रतिशत और चारू तिवारी ने 91 प्रतिशत लेकर विद्यालय के टॉपर बने। प्रबंधक अनिल द्विवेदी ने बताया कि 10वीं में 65, इंटर में 39 विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

### समृद्धि को मिले 94.2 प्रतिशत अंकः

स्टेला मारिस कॉन्वेंट स्कूल नारायणपुर पयागीपुर की छात्रा समृद्धि त्रिपाठी पुत्री दिनेश कुमार त्रिपाठी ने 10वीं सीबीएसई बोर्ड में 94.2 प्रतिशत अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता दिनेश त्रिपाठी ग्राम विकास ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है। वही छात्रा की मां डॉ रीना त्रिपाठी गनपत सहाय पीजी कॉलेज में गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष के पद पर तैनात हैं। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर के सीबीएसई हाईस्कूल रिजल्ट में पल्लवी यादव पुत्री विनोद यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। पल्लवी के पिता विनोद यादव कम्पोजिट स्कूल मिश्रपुर पुरैना में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है। वहीं, नवयुग इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दोस्तपुर के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के छात्र दिव्यांश पांडेय 95 प्रतिशत, अपराजिता यादव 94.2 प्रतिशत, आशुतोष पांडेय 91.2 प्रतिशत, इकरा 91.2 प्रतिशत, आयुक्त गुजराल 90.6 प्रतिशत, विराट उपाध्याय 90 प्रतिशत, खुशी साहू 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

### डालिम्स सनबीम स्कूल डोभियारा में ब्यूटी को प्रथम स्थान

**बल्दीराय :** तहसील अंतर्गत डालिम्स सनबीम स्कूल डोभियारा के भी बच्चों ने अच्छे अंक हासिल किए हैं। 12वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक पाकर छात्रा ब्यूटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही 89 प्रतिशत अंक पाकर छात्र आर्यन सिंह ने दूसरा स्थान और जियाउर रहमान ने 85 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 10वीं की परीक्षा में शिप्रा तिवारी व आर्या त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पाया है। विज्ञान विषय में दोनों का शत प्रतिशत अंक आया है। 93 प्रतिशत अंक पाकर मोहम्मद अयान ने दूसरा और ऋतुराज सिंह ने 92 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर सफलता पाई है। प्रज्ञा मिश्रा और हर्ष प्रताप सिंह ने 91 .60 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान बनाया है। प्रबंधक निर्मल सिंह ने कहा कि हम समस्त बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। प्रिंसिपल ऋषि कुमार सिंह ने कहा कि हमारे बच्चों ने कड़ी मेहनत किया है। साथ ही शिक्षकों ने भी उन पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। वहीं, रामरति मेमोरियल चिल्ड्रेन स्कूल गायत्री नगर रसूलपुर वलीपुर बल्दीराय की साक्षी गुप्ता 91 .8 प्रतिशत, आयुष मौर्या 87 .6 प्रतिशत, नीशू पाल 83 .8 प्रतिशत, अजय शर्मा 83 .6 प्रतिशत, उत्कर्ष कुमार ओझा 83 .6 प्रतिशत, मरियम बानो 83 .2 प्रतिशत, शिवानी 82 प्रतिशत अंक हासिल किया है। प्रबंधक विक्रम सिंह, शिव प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य दीपांशु सिंह एवं समस्त अध्यापक ने सभी को बधाई दी है।

# हमारे परिवार को गालियां देने के अलावा उनके पास कोई काम नहीं : प्रियंका

## राजीव गांधी को देशद्रोही कहते हैं पीएम, कांग्रेस में शामिल हुए बसपा छोड़ने वाले नेता

अमेठी

**अमृत विचार।** कांगेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने मंगलवार को यहां कहा कि 1980 के दशक में अमेठी में एक नई राजनीतिक परम्परा स्थापित हुई उसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पिता जी ने की थी। हमारे पिता मरते दम तक अमेठी के सांसद रहे । उनके व्यवहार में कभी कोई बदलाव नहीं आया।

प्रधानमंत्री रहते हुए भी उनमें अहंकार दूर-दूर तक नहीं था । वर्तमान प्रधानमंत्री राजीव जी को देश द्रोही कहते हैं। हमारे परिवार को गालियां देने और देश की जनता से झूठ बोलने के अलावा और कोई काम उनके पास नहीं है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनता की समस्याएं सुनना ओर उनका समाधान करना देश के हर नेता का धर्म होना चाहिए। प्रेम, आदर और श्रद्धा का रिश्ता कायम रहना चाहिए। प्रियंका ने काला धन वापस लाने, नोटबंदी, जीएसटी और मंहगाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरा। कहा कि देश में न्याय, सम्मान और भाई-चारे की राजनीति वापस लाने के लिए 20 मई को इंडिया एलायंस के प्रत्याशी के एल शर्मा को भारी मतों से जिताएं। इसके पूर्व रविवार को बहुजन समाज पार्टी छोड़ने वाले बसपा नेता कांग्रेस कार्यालय में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रियंका गांधी वाड्रा के समक्ष कांग्रेस में शामिल हो गए। सभा को बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए राम-लखन शुक्ला, आप के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, किशोरी लाल शर्मा, प्रेम नारायण तिवारी आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह त्रिसुंडी ने किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामफेर गौतम, डा अरविंद चतुर्वेदी, ब्लाक अध्यक्ष देवमणि तिवारी, डा नरेन्द्र मिश्र, राजेश मिश्रा, सोनू सिंह गौतम, सपा विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा, विशेश्वर पटेल, अरूण कुमार मौर्य, कलावती मौर्य, राजीव शुक्ला, पवन कुमार मिश्र, पवन कुमार शर्मा, नौशाद अली, आनंद सिंह राजा ठाकुर, त्रिभुवन गौतम, रामकेदार पासी , सौरभ मिश्र, शुभम् सिंह,,मो आसिफ उर्फ छोटू, धर्मेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



फूल मालाओं से प्रियंका गांधी का स्वागत करते कार्यकर्ता । अमृत विचार

### स्वागत समारोहों व बैठकों में शामिल हुईं प्रियंका गांधी

मंगलवार को प्रियंका गांधी मीटिंग और स्वागत समारोह में शामिल हो रहीं थीं। पहले नहर कोठी, फिर मोहैया केसरिया में प्रियंका ने संबोधन के दौरान अपने पिता राजीव गांधी द्वारा कराए गए विकास कार्यों को बताया। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मैं छोटी थी तो पिता जी ने मुझे प्रचार करने के लिए भेजा तो मैं उस समय बहुत असमंजस में थी कि प्रचार में बोलना क्या है। मन की कसक को दूर करने के लिए मैने पिता जी से पूछा की प्रचार में बोलना क्या है, तो पिता जी ने बताया कि जो विकास कार्य जनता के बीच में सरकार रहते हुए कराए गए हैं उसी को बताना है। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि एक पिता जी प्रधानमंत्री थे जो प्रचार में विकास कार्यों को गिनाने के लिए कहते थे। एक हमारे प्रधानमंत्री और सांसद है जो कहते फिरते हैं कि आपके पास दो भैंस है तो कांग्रेस सरकार आएगी तो उसमें से एक बेच लेगी। प्रियंका गांधी ने स्वागत समारोह और कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कांग्रेस सरकार में कराए गए विकास कार्यों को गिनाने के साथ विपक्ष पर तीखा प्रहार करती रहीं।

### खाद्यान्न योजना को भाजपा ने वोट की फैक्ट्री बनाया

तिलोई ,अमेठी। कांग्रेस की स्टार प्रचारक एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को तिलोई विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा करके तिलोई स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह के आवास पर कांग्रेस नेत्री सुनीता सिंह द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमेठी का चौमुखी विकास कांग्रेस की देन है। मौजूदा सांसद ने अनेक विकास योजनाओं को रोककर अमेठी की दुर्दशा कर दी। खाद्यान्न योजना को भाजपा ने वोट लेने की फैक्ट्री बना लिया है। मेरी मां सोनिया गांधी ने संविधान में संशोधन करवा कर हर व्यक्ति को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था की थी। संविधान बदलने वालों एवं आरक्षण को खत्म करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। प्रियंका गांधी का फुरसतगंज, पीढ़ी, सरायमहेशा, शाहमऊ, मोहनगंज में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। प्रियंका गांधी का काफिला रास्तामऊ इसलामगंज चौराहा पर सैकड़ो लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत किया।

# स्मृति के पास चार मंत्रालय थे, किसी को नहीं दी नौकरी: आलोक शर्मा



कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ।

गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में प्रेस कांफ्रेंस कर दोनों नेताओं के दौरे पर सवाल उठाए। राष्ट्रीय प्रवक्ता में कहा कि आखिर क्या कारण है कि कुछ ही घंटों में सीएम योगी दूसरी बार अमेठी में जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं, जबकि जेपी नड्डा जिस जगह पर जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां पहले से ही नुमाइश लगी हुई है और सिर्फ थोड़ी सी जगह में वो जनसभा को संबोधित करेंगे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि स्मृति ईरानी के पास चार मंत्रालय थे, लेकिन उन्होंने एक भी नौकरी किसी को नहीं दी। भाजपा के जो भी छोटे लीडर थे। उन्होंने सिर्फ पांच सालों तक दलाली की। आज कांग्रेस को ही नहीं भाजपा के लोगों को भी डराया जा रहा है। जिस तरह से भाजपा अमेठी में विभाजन की राजनीति कर रही है वो बिल्कुल ही गलत है। अभी तक जितने भी चरण में मतदान हुए हैं उसे लेकर इलेक्शन कमीशन कोई जानकारी नहीं दे रहा है। जेपी नड्डा से मैं पूछना चाहता हूं कि वो कोई चार काम बता दें जो स्मृति ईरानी ने किए हैं। हमारे तीन सवाल हैं कि आप किस लिए वोट मांगने आए हैं। मोदी ने हमारे घोषणा पत्र पर खूब झूठ बोला है।

हमारे मेनिफेस्टो में कहां लिखा है कि किसी का मंगलसूत्र खींचा जा रहा है इसका जवाब देकर जाएं। हमने मैनिफेस्टो में जो लिखा है उसे सबसे पहले पूरा किया जाएगा। इस मौके पर मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, प्रांजल तिवारी, राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### स्मृति के भंडारे में पहुंचने पर हुआ जमकर विरोध

**अमेठी अमृत विचार।** पाल समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ का फायदा लेने पहुंची भाजपा प्रत्याशी को विरोध का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को कोरारी के एक गांव में भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। चुनावी दौर में भीड़ देखकर फायदा उठाने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी पहुंच गई। उनके पहुंचते ही युवाओं ने विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस पर युवाओं को नसीहत देते हुए स्मृति ने कहा कि धार्मिक कार्य और भंडारा है। इसमें राजनीति न करें। नहीं तो उन्हें भी बहुत कुछ करना आता है। हालांकि युवाओं ने माइक से जवाब देना चाहा। तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोक दिया।

## सार-संक्षेप

### स्कूली बच्चों ने मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित



मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते बच्चे । अमृत विचार

**अमेठी अमृत विचार।** 20मई को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों की बुलावा टोलियों का गठन किया गया है ।ये टोलियां अध्यापकों के साथ 19 मई तक घर-घर जाकर मतदाताओं को सुबह सात बजे मतदान केंद्र पर पहुंच कर मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं। मंगलवार को कम्पोजित विद्यालय भादर-1 के बच्चों की पहली बुलावा टोली ने घोरहा गांव का भ्रमण कर मतदाताओं से घर -घर मुलाकात की। टीम का नेतृत्व प्र अ संजीव कुमार ने किया ।टीम के साथ शिक्षा मित्र लालती देवी, रसोइया रिपु मौर्य और नीतू कश्यप भी मौजूद रहीं।

### मेंहदी, रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



मेंहदी प्रतियोगिता में मेंहदी रचे हांथ । अमृत विचार

**अमेठी अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं। मंगलवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज संग्रामपुर की छात्राओं द्वारा रंगोली, मेंहदी तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर जनसामान्य से आगामी 20 मई को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा रैली निकालकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

### दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये के मोबाइल चोरी

**अमेठी,अमृत विचार।** थाना इन्हौना क्षेत्र के कस्बा इस्लामगंज चौराहे पर स्थित एक दुकान का शटर तोड़कर बेखौफ चोरों द्वारा लाखों रुपये के मोबाइल के साथ नकदी पार कर दी ।पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा है। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव रस्तामऊ निवासी शाहरुख पुत्र इस्लामगंज चौराहे पर मोबाइल की दुकान संचालित करते हैं वह रोजाना की भांति सोमवार को दुकान बंद कर घर चले गये मंगलवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा मिला और दुकान के अंदर रखे कई दर्जन मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री नदारद मिली। सूचना मिलने के घण्टों बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल किया ।थानाध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जांचोपरांत मुकदमा दर्जकर लिया जायेगा।

## नोटों के कतरन से भरी बोरी बनी चर्चा का विषय

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मार्ग उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सड़क किनारे पड़ी नोटों की कतरन से भरी एक बोरी लोगों में चर्चा का विषय बनी है। इसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। चुनावी भागदौड़ के बाद आराम फरमा रही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच करना मुनासिब नहीं समझा। नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मरी कंपनी मोड़ के पास नोटों की कतरन से एक प्लास्टिक की बोरी पड़ी होने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसमें 10 से लेकर 500 तक के नोटों की कतरन भरी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक बोरी तीन दिनों से पड़ी है। मंगलवार को चर्चा सुनकर बड़ी संख्या में इसे देखने के लिए लोगों को भीड़ जमा रही। इनमें कुछ लोग कतरन निकाल भी ले गए।

# इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाएगी : किशोरी

गौरीगंज अमेठी

**अमृत विचार।** जिस तरह से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे है। गांधी परिवार के संदेश को घर-घर पहुंचा रहे हैं, यह काबिले तारीफ़ है। मैं कार्यकर्ताओं के इस समर्पण भाव से अभिभूत हूं। इनका अहसान कभी नहीं भूल सकता।

यह उद्गार अमेठी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने मंगलवार को व्यक्त किए। श्री शर्मा मंगलवार को अपने चुनाव अभियान के दौरान गौरीगंज कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निसंदेह कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहा है, और कांग्रेस पार्टी के संदेश को घर-घर पहुंचा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कांग्रेस के चुनाव की बागडोर अमेठी की जनता ने संभाल रखी है। गांधी परिवार के संदेश को जनता ने सिर आंखों पर लिया है। यह लगाव एक सदी पुराना है जिसे बनाए रखने के प्रति जनता प्रतिबद्ध है। इसका मुख्य कारण गांधी परिवार का अमेठी की जनता के साथ सच्चा रिश्ता है। किशोरी लाल ने कहा कि कार्यकर्ता अपना जोश बनाए रखें, और मतदान पूर्ण होने तक पूरी मुस्तैदी के साथ परिस्थितियों पर कड़ी नजर रखे। ताकि किसी भी तरह के षड्यंत्र को कामयाब न होने दिया जाए। अमेठी की जनता का सम्मान, कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत का सम्मान और अमेठी का चौमुखी विकास ही मेरा मुख्य ध्येय है। किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि जिस तरह से गांधी परिवार ने अमेठी से चुनाव मैदान में उतार कर उन्हें मान सम्मान दिया है उसके लिए मैं ताउम्र गांधी परिवार का ऋणी रहूंगा।

## बच्ची से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत एक पिता ने अपनी बच्ची के साथ युवक पर छेड़छाड़ की नियत से उसे जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं शिकायत पर पुलिस जांच के बाद कर्रवाई करने की घुट्टी देकर मामले को टरकाने में जुटी है

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार शाम चार बजे उसकी बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी उसी गांव के एक युवक ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे जबरन अपने साथ ले जाने लगा। बेटी के शोर मचाने पर परिजन दौड़े तो युवक बेटीको पीटकर भाग निकला। बताया इसमें उसकी बच्ची को चोटें भी आई। शिकायत के बाद भी पुलिस मामले को टरकाने में जुटी हैं। पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया हैं। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं।

# वाहन की टक्कर से गुब्बारा बेचने वाले की गई जान

- घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थाना अंतर्गत फेरी लगा कर गुब्बारा बेचने वाले युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसके सिर पर गहरी चोटें आई। साथी उसे अस्पताल पहुंचाते इससे पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

कानपुर देहात जिला के गजनेर थाना क्षेत्र के गोदेपार गांव निवासी राजेश (26) पुत्र ओमप्रकाश लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर बबलू सिंह के मकान में अपने आधा दर्जन साथियों के साथ किराये पर रहता था। सभी अलग-अलग फेरी लगा कर चूड़ी व अन्य समान बेचने का काम करते थे। राजेश भी फेरी लगा कर गुब्बारा बेचता था। सोमवार को वह अपने गांव में वोट डालने गया था। जहां से देर रात करीब 12 बजे लौटते समय वाहन से उतर कर सड़क पार कर रहा था।

तभी बारासगवर थाना क्षेत्र के लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर करनाईपुर गांव के सामने तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जानकारी पर उसके साथी पहुंचे लेकिन इससे पहले उसकी मौत हो गई।

इसकी खबर उसके घर पहुंचते पत्नी मीरा और तीन भाई बेहाल हो गए। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव अपने गांव लेकर चले गए। वहीं रात होने की वजह से टक्कर मारने वाले वाहन का पता नही लग सका।

## आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता गंजमुरादाबाद ,अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत पोहपी खेड़ा में रविवार को एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। मंगलवार को पुलिस ने गांव के एक युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की इसके बाद परिजन माने। बता दे पोहपी खेड़ा गांव निवासी मोहनलाल (40) पुत्र रामखेलावन का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला था। परिजनों का आरोप था हत्या कर शव लटकाया गया था। इसी से नाराज परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया। मंगलवार को पिता रामखेलावन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा मोहनलाल बीती 11 मई को खरबूजा बेचने बेहटा की बाजार गया था। तभी उसके और गांव के ही सियाराम पुत्र उमराय व उसकी पत्नी सीमा बेटी मधु से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते शाम को गांव के नन्हके व पड़ोसी गांव रामदीन खेड़ा निवासी रामभजन मोहनलाल को अपने साथ ले गए थे। उन्होंने बेटे को मार कर उसका शव फंदे पर लटका दिया गया। बताया कि करीब 10 बजे नन्हके उसके घर बाइक खड़ी करने आया था।

## वर्ग पहेली-70



**बाएं से दाएं**

1. 1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।
2. 1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।
5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।
6. 1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ। 9. रवेवाला, दानेदार।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।
3. 1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।
4. 1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक
5. 1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।
7. 1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।
8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना: किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।

### वर्ग पहेली -69 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | | 2 इ | | 3 जी | |
| ल | | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| | 5 उ | | र | | जा | |
| | प | | जें | | ग | |
| 6 अ | धि | शा | सी | | ता | |
| गि | | | | | | |
| 7 या | र | बा | श | | 8 ब | च |

## सुडोकू-149

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | 5 | | | 6 | | |
| | 2 | | 6 | | | | | |
| 6 | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | 1 | | | 7 | | 9 | |
| | | 6 | 2 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |

### सुडोकू -148 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 15 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 15 .25 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** - आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं और किसी को इस बारे में पता नहीं है तो लोगों को इसके बारे में पता चलने की संभावना है। उनके द्वारा आपके प्रेम संबंधों में खटास उत्पन्न करने की कोशिश भी की जाएगी।

**वृष** - आज आपकी उम्र चालीस वर्ष से कम है तो आपका शारीरिक स्वास्थ्य तो उत्तम रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव होने की आशंका है। कोई चिंता आपको घेरे रह सकती है। ऐसे में योग अवश्य करें। सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा।

**मिथुन** - आज उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे लोगों को थोड़ा आराम मिलेगा तथा वे अपना ज्यादातर समय रचनात्मक कार्यों में दे पाएंगे। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को अपने मित्र पक्ष की ओर से विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

**कर्क** - आज आप पहले से किसी के साथ रिलेशन में हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास कम होने की आशंका है जिससे आपसी मतभेद और बढ़ जाएंगे। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** - आज पिछले कुछ दिनों से आपके व्यापार में जो मंदी चल रही थी वह आज लाभ में बदल जाएगी। आपको बस चौकन्ना रहने की आवश्यकता है जिससे आप विभिन्न क्षेत्रों से लाभ अर्जित कर सकते हैं। साथ ही खर्चे कम होंगे जिससे बचत ज्यादा होगी।

**कन्या** - आज आप स्कूल में हैं तो आप अपने भविष्य के लिए तैयारियां शुरू कर देंगे। नई चीजों को सीखने पर बल देंगे, जो आगे चलकर कॉलेज व उच्च शिक्षा में बहुत काम आएगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**तुला** - आज विवाहित लोगों को अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा व दोनों का एक दूसरे के प्रति विश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे।

**वृश्चिक** - आज परिवार के सभी सदस्य आपसे संतुष्ट दिखाई देंगे व किसी के मन में कोई गलत भावना नहीं होगी। पड़ोसियों के साथ कुछ नया करने का विचार कर सकते हैं जिससे समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

**धनु** - आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को अपने सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। आप अपना कौशल अपनी रुचि के क्षेत्रों में दिखाएंगे, जो आगे चलकर आपके काम भी आएगा। महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**मकर** - आज परिवार में कुछ बातों को लेकर आपसी मतभेद अवश्य हो सकते हैं, लेकिन वे आपकी सूझ-बूझ से आसानी से सुलझ जाएंगे। इस दौरान माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि उनके अस्वस्थ होने की आशंका है।

**कुंभ** - आज विवाहित लोग अपने पार्टनर को खुलकर समय देंगे जिससे दोनों के बीच आपसी रिश्ता और अधिक मजबूत बनेगा। आपको अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

**मीन** - आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन थोड़ा आशंकित रहेगा व भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। ऐसे में अपने ऊपर मायूसी को हावी न होने दें व संयम बनाए रखें। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जुआरी - सुबह : 10 .28
इंसानियत - दोपहर : 03 .21

**&pictures**
नो प्रॉब्लम - सुबह : 11 .15
चुप - रात : 08 .00

**Sony Pix**
क्लैश ऑफ द टाइटन्स - सुबह : 10 .59
कैप्टेन फिलिप्स - रात : 08 .43

**Zee Cinema**
लवशुदा - सुबह : 10 .10
पुकार - रात : 07 .00

**Colors Cineplex**
रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट - सुबह : 09 .44
गब्बर इज बैक - शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च ।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# लिट्टे की चुनौती

केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। यानि वर्तमान में भी लिट्टे भारत के समक्ष चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। वास्तव में लिट्टे पर प्रतिबंध बढ़ाया जाना जरूरी था क्योंकि वह अपनी विघटनकारी और अलगाववादी गतिविधियों को जारी रखे हुए है। सरकार के मुताबिक इससे भारत की अखंडता और संप्रभुता को खतरा है। लिट्टे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। गौरतलब है कि लिट्टे श्रीलंका का हिंसक व अलगाववादी संगठन है लेकिन भारत में इसके समर्थकों से सहानुभूति रखने वालों और एजेंटों का उद्देश्य सभी तमिलों के लिए एक मात्र भूमि तमिल ईलम की स्थापना करना है जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा है। यह गैर-कानूनी गतिविधि के दायरे में आता है। सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत लिट्टे को गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। दरअसल, 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद भारत में लिट्टे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब से हर पांच साल में लिट्टे पर प्रतिबंध को बढ़ाया जाता रहा है। लिट्टे के प्रमुख वी.प्रभाकरन की हत्या के बाद इस संगठन को 2009 में श्रीलंका में सैन्य हार का सामना करना पड़ा था। लिट्टे अपनी हार के लिए भारत को जिम्मेदार मानता है। लिट्टे इंटरनेट पोर्टल में लेखों और अन्य सामग्रियों के जरिए श्रीलंकाई तमिलों के बीच भारत विरोधी भावना को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लिट्टे अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों को जारी रखने के लिये सोशल मीडिया का भी प्रयोग कर रहा है। यदि उसका प्रचार जारी रहता है तो भारत में कई अति महत्वूपर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 2009 में लिट्टे प्रमुख वी. प्रभाकरन की हत्या के बाद लिट्टे का आतंक खत्म तो हो गया लेकिन श्रीलंका और भारत समेत दुनिया के अन्य देशों में फैले इसके समर्थक अभी भी चुनौती बने हुए हैं। इसके बचे हुए नेता दुनिया के कई देशों में फैले हुए हैं जो एक बार फिर इस संगठन को खड़ा करना चाहते हैं। जिनसे लगातार सतर्क रहने की जरूरत है।

# अमित शाह कैसे बने मोदी के विश्वासपात्र


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की।

अमित शाह अपने से जुड़े किसी विवाद पर सफाई देने में देरी नहीं करते। वे तुरंत सारी बात साफ कह देते हैं। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि अगर एनडीए सत्ता में आई तो अमित शाह देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भाजपा में 75 साल से अधिक उम्र के बाद किसी नेता को कोई पद नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह को अक्सर भारत का "दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति" कहा जाता है। वह एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता और चतुर राजनीतिज्ञ हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने में उनकी खास भूमिका थी। उनकी असाधारण सफलता का रहस्य क्या है? इस बारे में उनके कुछ करीबी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति उनकी गहरी निष्ठा, स्नेह, और कड़ी मेहनत को श्रेय देते हैं। वे प्रधानमंत्री के सबसे खासमखास सहयोगी और विश्वासपात्र नेता हैं।

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। अमित शाह ने दशकों में भाजपा के लिए कई चुनावी जीत और वोट जीतने वाली नीतियां तैयार की हैं। चाहे वह ग्राम परिषद हो या संसद, वे चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं। अमित शाह के लिए, हर चुनाव किसी युद्ध को जीतना जैसा होता है। मोदी और शाह की वजह से ही भाजपा 1984 के चुनाव में दो सीटों से 2019 में 303 सीटों पर पहुंची।

अब दस साल हो गए, अमित शाह को राष्ट्रीय राजनीति में आए हुए। उनके व्यक्तित्व, उनके स्वभाव और उनके लक्ष्य के बारे में बहुत सारी बातें जनमानस के पटल पर आ चुकी हैं। आधुनिक चाणक्य, घनघोर मेहनती, अद्भुत संगठनकर्ता जैसी तमाम उपमाएं भी उन्हें मिल चुकी हैं। परंतु उनके बारे में बहुत कुछ कहे जाने के बाद भी अमित शाह खुद बहुत कुछ नहीं कहते। संभवतः भारतीय राजनीति में वे अकेली शख्सियत हैं, जिनका काम पहले बोलता है, वह खुद बाद में बोलते हैं।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं, व्यक्ति के लिए समर्पित राजपुरूष नहीं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं।

2014 से पहले दिल्ली में उन्हें कम ही लोग जानते थे। 2014 के मई में लोकसभा का चुनाव परिणाम जब आया और उत्तरप्रदेश के 80 लोक सभा सीटों में भाजपा 71 सीटों पर बाजी मार गई, तब पहली बार लोगों को यह पता चला कि कोई चुनावी चौसर का महारथी गुजरात से आया है, नाम उसका है अमित शाह। ऐसा नहीं था कि 2014 से पहले वह भाजपा में नए थे। वह 1997 से ही चुनावी राजनीति में हैं और 2014 से पहले गुजरात के गृहराज्यमंत्री से लेकर दर्जनों पद संभाल चुके थे। पर दिखावे को उन्होंने तब भी नहीं अपनाया और अब भी उससे दूर हैं।

संभवतः जून 2014 में राजस्थान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक में तय किया गया कि अमित शाह को केवल एक चुनाव के लिए दिल्ली भेजे जाने के बजाय स्थाई रूप से उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई बड़ा दायित्व दिया जाए। उन्हें यह दायित्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मिला।

उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए अमित शाह एक आदर्श राजनेता और बेहद सक्षम गृहमंत्री हैं, जो बार्डर स्टेट में हैं या फिर नक्सली सक्रियता से परेशान हैं। अमित शाह भी अपने विपक्षी मुख्यमंत्रियों के अच्छे कामों की तारीफ करने में कोई कोताही नहीं बरतते। उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को नक्सल पर अंकुश लगाने और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह को खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के मामले को अच्छे से हैंडिल करने के लिए अमित शाह ने खुले मंच से तारीफ की।

2009 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश भर में कुल मतदान के 18.80 प्रतिशत वोट मिले थे। मोदी के 2014 के राष्ट्रीय राजनीति में अवतार लेने के बाद भाजपा का वोट प्रतिशत 31 हुआ । लेकिन अगले पांच साल में भाजपा की सदस्यता और वोट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। 2019 के आम चुनाव में 37.36 प्रतिशत वोट मिले। यह वह समय था जब प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी पूरे पांच साल रहे और अमितशाह भाजपा के अध्यक्ष रहे। दोनों की जोड़ी ने भारत को लगातार दूसरी बार बहुमत वाली सरकार तो दी ही साथ ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य के दौरान तक अमितशाह खाटी कार्यकर्ता बने रहे। उनको मिलने जाने वाले पार्टी के कार्यकर्ता और नेता आज भी यह कहते हैं कि अमित भाई जिस तन्मयता से लोगों की बातें सुनते हैं और कम शब्दों में उसकी मीमांसा कर अपना पक्ष रखते हैं वह बिरले ही कोई और करता है।

राज करना जैसे शब्द अमित शाह के कोष में नहीं है। काम करना उनका नैसर्गिक स्वभाव है। इसलिए जो काम दूसरों के लिए पर्वत की तरह भारी होता है, अमित शाह के लिए वही काम आसान हो जाता है। कौन कह सकता था कि सैकड़ों वर्षों से जिस राम मंदिर के निर्माण का आंदोलन चल रहा था, उसका फैसला कोई सरकार में बिना किसी हो हल्ला के कर सकती थी। जिस तीन तलाक के मुद्दे को भारतीय राजनीति मे अछूत माना जाता था, उसे कोई सरकार डंके की चोट पर उठा सकती है और सदन के दोनों सदनों से एक विधेयक के जरिए तीन तलाक को समाप्त भी कर सकती है। किसी को यकीन था क्या कि किसी दिन कश्मीर से धारा 370 हट भी सकती है। पर यह सब हुआ। इसके लिए प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा तो अमितशाह की कुशल रणनीति को श्रेय दिया जाना चाहिए।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं। वह जो तय करते हैं उससे डिगते नहीं। संगठन और सरकार के बीच समन्वयक की उनकी भूमिका आज भी वैसी ही है। इसीलिए पार्टी और सरकार के फैसले में कहीं भी विरोधाभास नहीं होते। अमित शाह अपने ढंग के अकेले नेता हैं।

## प्रसंगवश

# जनांदोलन ने घुटने टेक दिए

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे । सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला ? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए।

आजादी का आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन तक ही सीमित न रहे , इसके लिए महात्मा गांधी ने देश में ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन को हमेशा आजादी से जोड़ कर देखा था। किंतु आजादी का आंदोलन अंग्रेज हटाओ तक पहुंचकर कर कुर्सी के किस्से में बदल गया और आजादी के बाद गांधी के ग्राम स्वराज , सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन के सपने बिखर गए, फिर जेपी ने भी जब समग्र क्रांति का नारा दिया तब भी उनके सोच में संसद के साथ ही जनता के बीच मोर्चा जमा हुआ था। लेकिन समग्र क्रांति का आंदोलन इंदिरा हटाओ तक पंहुच कर कुर्सी के किस्से में बदल गया ।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1948 में जब गांधी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, गांधी चले गए और 1978 में जब जेपी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, जेपी चले गए। यूपी और बिहार में जेपी के अनुयायी गद्दी पर बैठे, समग्र क्रांति का क्या हुआ ? समग्र क्रांति का सपना बिखर गया। यही बात फिर हुई, भ्रष्टाचार के विरोध में जनांदोलन उठा और लोकपाल की बात आई। लोगों का सपना था कि देश भ्रष्टाचार-मुक्त होगा ।

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे । सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला ? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए। जन-आंदोलन ने कुर्सी के सामने फिर से घुटने टेक दिए। कुर्सी का किस्सा जिन्दाबाद । जन-आंदोलन बेचारा कुटा-पिटा-लुटा , बार-बार ठगा हुआ । ये जितने वाद हैं , वे सब छलकपट के वाद हैं , अव्वलवाद है किस्सा कुर्सी का। कुर्सीवाद ।

# जीने का आधार सुरक्षित कर ही विकास की सोचें


डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी
शिक्षक, गोरखपुर

जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता भी बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है।

आज कोई भी दावा नहीं कर सकता है कि जिस हवा में हम सांस लेते हैं, वह स्वच्छ है। कोई सबसे पवित्र नदी से भी फिल्टर किए बिना पानी नहीं पी सकता है और कोई यह गारंटी नहीं दे सकता है कि हमारा भोजन रसायनों से रहित है।

घर में रहने के लिए हम कई नियम बनाते हैं। हम रसोई में खाना बनाते हैं, बाथरूम में नहाते हैं और शयन कक्ष में सोते हैं। हम इसमें अदला-बदली नहीं करते। पृथ्वी हमारा और बड़ा घर है। क्या हमें पृथ्वी पर रहने के लिए भी ऐसे ही नियम नहीं बनाने चाहिए? लेकिन अभी तक हमें किसी ने ऐसे नियम नहीं सिखाए। वे किसी भी स्कूल या कॉलेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, न ही आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए किन्हीं दिशा निर्देशों में उन्हें शामिल किया गया है।

पृथ्वी पर रहने का हमारा पहला नियम यह होना चाहिए कि अगर पारिस्थितिकी तंत्र में सीमित संसाधन हैं तो हमारा उपभोग भी सीमित ही होना चाहिए। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और जनसंख्या में बढ़ोतरी के बावजूद हमारे ग्रह का आकार नहीं बढ़ रहा है। हमारे विकास के साथ पानी, मिट्टी और खनिजों की मात्रा भी नहीं बढ़ रही है और न ही प्राकृतिक संसाधन बढ़ सकते हैं। मनुष्य मौजूदा परमाणुओं के अलावा एक भी नया परमाणु और नहीं बना सकता। अगर हमारी आमदनी निश्चित हो तो हमारे खर्च भी तय होने चाहिए। पृथ्वी पर भी हमारे समक्ष कुछ उपभोग - सीमा होनी चाहिए। लेकिन हम आए दिन इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यदि हम केवल पिछले तीन दशकों की तुलना करें, तो जनसंख्या 2 अरब बढ़ गई है, वाहन एक अरब बढ़ गए हैं, बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। लेकिन पृथ्वी का आकार बिल्कुल नहीं बदला है।

जीडीपी वृद्धि की पहली आवश्यकता भी लगातार बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है। मैं लोगों से अक्सर पूछता हूं कि लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने ये क्यों कहा था कि 'दुनिया में हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं?' इसका उत्तर किसी को पता नहीं है।

अर्थ ओवरशूट डे ऐसा पैरामीटर है, जो मनुष्य के पारिस्थितिकी-पदचिह्न की तुलना में पृथ्वी की जैविक-क्षमता को मापता है। इसके मुताबिक 2023 में, मनुष्यों के पारिस्थितिकी पदचिह्न पृथ्वी की क्षमता से 70 प्रतिशत अधिक हो गए थे। यानी हम 1.7 पृथ्वियों के बराबर संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन पृथ्वी तो एक ही है। हम उससे अधिक उपभोग कैसे कर सकते हैं, जो पृथ्वी हमें स्थायी रूप से प्रदान कर सकती है? अगर आप लंबे समय तक अपने शरीर को उसकी क्षमता से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो वह जर्जर होने लगता है। इसी तरह से पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र का भी विघटन हो रहा है।

हवा, पानी, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसी के संकेत हैं। वर्तमान में हमारा विकास पर्यावरण के ह्रास की कीमत पर हो रहा है। सभी गैर-आवश्यक वस्तुएं जो मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य नहीं हैं- जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन हवा, पानी और मिट्टी जैसी सभी आवश्यक वस्तुओं का भारी क्षरण हो रहा है। हवा, पानी, मिट्टी की कीमत पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था को बढ़ाना आधुनिकता है या मूर्खता? विवेकशील बनें। पहले अपने जीने के आधार को सुरक्षित रखें और फिर विकास की सोचें। खपत को सीमित करना ही एकमात्र विकल्प है। कोई भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें इस पर काबू पाने में मदद नहीं कर सकती। उपभोग बढ़ाने के लिए अधिक उत्पादन करना होता है, अधिक संसाधनों का उपयोग करना होता है और अधिक पैसा खर्च करने होते हैं। लेकिन उपभोग को सीमित करने के लिए हमें उन कार्यों को करने से बचना होगा, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता है। उपभोग को सीमित करना आसान है, क्योंकि इसके लिए किसी चीज की आवश्यकता नहीं है। यह तुरंत किया जा सकता है। अपने बच्चों के लिए एक रहने योग्य ग्रह छोड़कर जाएं।

## सोशल फोरम

# मंदिर क्यों जाते हैं

आधुनिक काल में परंपराओं के पुनर्गठन और आदतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। ये एक-दूसरे से अभिन्न रुप से जुड़ी हैं। इस प्रक्रिया ने नई छलांग नव्य आर्थिक उदारीकरण के दौर में लगाई। इसने धर्म के प्रति समाज की भावनाएं बदलीं। धर्म और परंपरागत संस्कारों का पुनर्गठन किया। अब भगवान की मूर्ति पूजा, मंदिर जाना, नदी स्नान आदि इवेंट और जश्न के रुप में मनाए जाते हैं। जश्न मनाने की संस्कृति सैलिब्रिटी संस्कृति है। सैलीब्रिटी कल्चर कृत्रिम प्रस्तुति की संस्कृति है। धर्म क्या है ? मंदिर क्यों जाते हैं ? पूजा क्यों करते हैं ? पूजा कैसे करनी चाहिए ? पवित्रता किसे कहते हैं ? आदि सवालों पर हमने सोचना बंद कर दिया है।


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

अब सारी चीजें पॉपुलर कल्चर और सैलीब्रिटी कल्चर से प्रभावित हो रही हैं। अब धर्म का नहीं सैलीब्रिटी कल्चर का अनुकरण करने लगे हैं। मंदिरों में हम जो विभिन्न तिथियों पर कार्यक्रम देखते हैं और खास दिन अचानक बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हैं या फिर दैनंदिन रुप में मंदिर जाने वालों को देखते हैं तो वे क्यों जाते हैं ? कौन सी चीज है जो उनको प्रेरित करती है ?

वे असल में अपनी भावनाओं की सर्जनात्मक अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। विभिन्न रुपों में अपने दुख-सुख-आनंद आदि को अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। मंदिर जाना, वस्तुतः अभिव्यक्ति का प्राचीनतम सार्वजनिक मानवीय कर्म है। मंदिर जाना ,नदी स्नान करना आदि प्राचीनतम सार्वजनिक अभिव्यक्ति के रुप हैं।

अभिव्यक्ति के लिए सार्वजनिक स्पेस जरुरी है। इसने आधुनिक काल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रत्येक क्षेत्र में, प्रत्येक नागरिक के लिए विकास किया। जिस तरह धर्म अधिकार है, उसी तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी जनता का अधिकार है। यही वजह है धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानवाधिकार है। मंदिर जाने वाले सामूहिक तौर पर आनंद लेते हैं। कहने के लिए मंदिर जाना धार्मिक गतिविधि है। लेकिन असल में यह मानवाधिकार है।

-फेसबुक वॉल से

# लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से कम मतदान एक गंभीर मुद्दा


डॉ.भारत
पंजाब विवि, चंडीगढ़

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है।

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 और 13 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे-चरण के बाद 379 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सीटों पर मतदान चुनाव पहले चार-चरणों में समाप्त हो चुका हैं। शेष 164 सीटों पर चुनाव बाकी तीन-चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडी गठबंधन का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई कम से कम 101 सीटों को कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों में इंडी गठबंधन के सहयोगियों को दे दी है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है। जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडी गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर विकलांग 'मजबूर सरकार' के लिए हो?

लोकसभा चुनाव -2024 के वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण में क्रमशः 64.58 और 67.25 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों का औसत 66.17 प्रतिशत आता है जो कि बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है, जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं। परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को जगाने और उन्हें मत देने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है... भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल?

मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा।

# विश्वसनीयता बनाए रखने को प्रयास जरूरी


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

बात 2019 के चुनाव की है। मेरी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी की थी। भरपूर ट्रेनिंग के बाद अंततः वो दिन भी आ गया। जब हमें चुनाव सामग्री और सामान ले अपने बूथ की तरफ प्रस्थान करना था। चुनाव सामग्री के साथ हमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और विविपैट दिया गया। हमे ट्रेनिंग में बताया गया था कि पूरे सिस्टम को लेने के बाद आपको उसे चेक करना है कि उसकी बैटरी वगैरह सही है या नहीं। सिस्टम सही होने पर ही ले जाना है अन्यथा शिकायत दर्ज करनी है।

हमे जो विविपैट दिया गया था। उसका डोर टूटा हुआ था। यानी जहां से हाथ डाल हम पर्चियों को निकालेंगे उसी डोर का एक कब्जा टूटा हुआ था। मैंने खराब विविपैट को लेने से मना कर दिया और इसे बदलने के लिए कहा। इस पर वहां बैठे व्यक्ति ने कहा कि पहले इसे ठीक कर आपको देते हैं अन्यथा दूसरा देंगे क्योंकि इसके सीरियल नंबर की एंट्री आपके साथ हो चुकी है। उस व्यक्ति ने एक दूसरे आदमी को बुलाया और इसे ठीक करने के लिए कहा। दूसरे व्यक्ति ने एक नया डोर मंगवाया और उसे थोड़ा बेंड कर दोनों तरफ लगे होल में उसके बाहर निकले हिस्सों को फंसा दिया। डोर अब बिल्कुल सही हो गया था और बंद करने पर सील लगाने वाले होल भी सेट बैठ रहे थे। मैं विविपैट लेकर मतदान के लिए तो चला गया। लेकिन उसके डोर को सेट करने का दृश्य मेरी आंखों के सामने घूमता रहा। मैं यही सोच रहा था कि जिस तरह इसे लगाया गया, क्या उसी तरह खोला भी जा सकता है। क्योंकि सील तो नीचे लगी होती है।

खैर आज मशीन से चुनाव पर बहुत लोग संदेह करते हैं। और इसे फूल प्रूफ नहीं मानते। इसे लेकर सबसे पहले बीजेपी ने ही सवाल उठाए थे। उसके बाद देश की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर संदेह जाहिर किया। कुछ लोगों का मानना है कि परिणामों से छेड़छाड़ नही हो सकती। कुछ इसके विपरीत कहते हैं, फिर से बैलेट पेपर से चुनाव की बात भी करते हैं। लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए बैलेट पेपर एक समय खाने वाली प्रक्रिया है और इससे बाहुबलियों की बन आएगी। आज जरूरत लोगों के संदेह निवारण की है और इसके लिए चुनाव आयोग को ज्यादा पारदर्शिता लाने की जरूरत है। अभी जिस तरह चुनाव के बाद दिए गए आंकड़ों में 5 से 6 प्रतिशत का अंतर हो गया। उससे भरोसा घटता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में बाकायदा एक याचिका भी लगाई गई है कि आंकड़े 48 घंटे के अंदर दिए जाने चाहिए। क्योंकि पहले चरण के आंकड़े 11 दिन बाद और दूसरे चरण के 4 दिन बाद दिए गए। चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास करने की जरूरत है। जिसमे सभी विविपैट की पर्चियों का मिलान की एक प्रमुख मांग भी है।

## एक नजर

### व्यय प्रेक्षक ने नामांकन कक्ष का किया निरीक्षण

**संवाददाता, मिर्जापुर, अमृत विचार :** व्यय प्रेक्षक श्री सांकेत काले ने नामांकन कक्ष पहुंचकर निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने नामांकन कक्ष में नामांकन प्रक्रिया को देखा तथा जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन से मुलाकात की। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### आग लगने से तीन मड़हे जलकर हुए राख

**जौनपुर, अमृत विचार :** जिले के खेतासराय क्षेत्र के कनवरिया गांव में मंगलवार की भोर में बांकेलाल पाल के मड़हे में आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तीन मड़हा जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी यह पीड़ित को मालूम नहीं हो पाया। मड़हे में मवेशी बंधे थे। अचानक आग लगने पर घर के सदस्यों ने मड़हे से मवेशियों को बाहर निकाला। शोर सुनकर कर ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए जुट गए। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की।

### रुधौली में दबंगों की पिटाई से दो बहनें घायल

**खेतासराय, अमृत विचार :** क्षेत्र के रुधौली गांव में सोमवार की रात्रि पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने दो बहनों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों का पीएचसी सोंधी में मेडिकल जांच कराया। सिर में गंभीर चोट होने से डाक्टर ने एक्स-रे जांच के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रात में किसी बात को लेकर पट्टीदारों में विवाद हो गया। इस पर पूर्णमासी के परिवार वालों को पिटाई कर दी गई। जिसमें पूर्णमासी की दो बेटियां 17 वर्षीय साधना और 19 वर्षीय आरती घायल हो गईं।

# पीएम मोदी की जनसभा कल, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

## भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जीआईसी ग्राउंड पर बनाएंगे माहौल

**संवाददाता, प्रतापगढ़**



तैयारियों का जायजा लेते डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पांचवें चरण के लिए कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र में 20 मई व प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा। भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीआईसी मैदान पर आ रहे हैं। अभेद्य सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। वह पांच चक्रीय सुरक्षा में रहेंगे।

शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में 16 मई को आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभेद्य सुरक्षा घेरे में रहेंगे। जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा कवच रहेगा। पांच चक्रीय सुरक्षा प्लान इस कदर अभेद्य है कि परिंदा भी पर न मार सकेगा। भाषण के समय प्रधानमंत्री एसपीजी के घेरे में रहेंगे तो एसपीजी स्नाइपर्स से लेकर एटीएस कमांडो, स्पेशल एसआई टीम और अंतिम घेरे में स्थानीय पुलिस मौजूद रहेगी। सुरक्षा में लगे अफसर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे मैदान और हैलीपैड की पल-पल की गतिविधियों पर आंखें गड़ाए रहेंगे। स्थान तय होने के बाद से ही मंडल से लेकर जिलास्तर तक के अधिकारी सुरक्षा की रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। इसमें प्रधानमंत्री के आगमन, उनका गाड़ी में बैठना, मंच पर पहुंचना, वहां से वापस लौटना, फिर गाड़ी में सवार होना और हैलीपैड स्थल तक जाने के साथ रूट डायवर्जन और पार्किंग को लेकर रिहर्सल किया जा रहा है।

पीएम की सुरक्षा में एसपीजी, स्नाईपर्स, कमांडो, पीएसी और स्थानीय पुलिस रहेगी। सभास्थल की 100 से 200 मीटर की परिधि में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। मंडलायुक्त प्रयागराज, एडीजी भानु भाष्कर समेत आला अधिकारियों ने पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड व जीआईसी का भ्रमण कर जायजा लिया। डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल ने मंगलवार को व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते रहे।

सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर गहराई से नजर रखने को कहा। एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि पीएम की सुरक्षा अभेद्य रहेगी। एसपीजी के अलावा चार स्तर पर सुरक्षा टीम तैनात रहेगी। सुरक्षा के जरूरी प्रबन्ध लगभग पूर्ण कर लिए गए हैं।

### महिला अस्पताल में बनाया गया सेफ हाउस

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने महिला अस्पताल में सेफ हाउस बनाया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में तीन टीमें बनाई है। प्रत्येक टीम में चार डॉक्टर सहित सात स्टाफ होंगे। प्रधानमंत्री 16 मई को जीआईसी में चुनावी जनसभा करेंगे। इसके लिए महिला अस्पताल में सेफ हाउस बनाया गया है ।इसमें दो वार्ड आरक्षित किए गए हैं। ट्रीटमेंट वार्ड तथा पोस्ट ट्रीटमेंट वार्ड। स्वास्थ्य विभाग की एक टीएम हेलीपैड पर रहेगी, दूसरी सभा स्थल पर तथा तीसरी प्रधानमंत्री की फ्लीट के साथ। इसके साथ ही सभा स्थल पर पहुंचने वाले लोगों के इलाज के लिए भी स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी एम शुक्ला ने बताया कि। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयारहै। बनाई गई तीन टीमों में चार डॉक्टर सहित सात कर्मचारी रहेंगे।

### मनिगढ़ा में निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार :** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मनिगढा में मंगलवार को ग्राम पंचायत सचिव विजय कुमार ने ग्रामीणों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया है कहा कि एक जून को होने वाले मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर पंहुचकर अपने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने जनप्रतिनिधि को चुनी। बैनर के स्लोगन देश हित में है अभियान आओ चलें करें मतदान लोकतंत्र की है पहचान मत मतदाता और मतदान जन जन की पुकार है वोट देना अधिकार है ।मतदाता जागरूकता रैली पूरे गांव में में निकली गई ।इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव विजय कुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

# 1902 बूथों पर लगेंगी दो ईवीएम

**संवाददाता, प्रतापगढ़**



जीआईसी में मतदान कार्मिकों को चुनाव संबंधी टिप्स देते सीडीओ नवनीत सेहारा।

**अमृत विचारः** प्रतापगढ़ लोकसभा के लिए 26 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में निर्वाचन कार्मिकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने पर एक-एक बूथ पर अब दो-दो ईवीएम लगाई जाएंगी। इससे मतदान कर्मियों को चुनाव कराने में अधिक परिश्रम करना होगा।

कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई और प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को चुनाव होना है। प्रतापगढ़ लोकसभा में उम्मीदवारों की संख्या 26 है, जबकि एक ईवीएम में केवल 15 उम्मीदवारों का ही जिक्र रहता है। 16 नंबर पर नोटा का बटन होता है। चुनाव कराने के लिए 11 हजार 49 ईवीएम की व्यवस्था की गई है। इसमें बैलेट यूनिट 4087, कंट्रोल यूनिट 3391 व 3571 वीवीपैट है। इन सभी मशीनों का रेमडाइजेशन हो चुका है। इसमें 10 हजार 90 ईवीएम से लोकसभा चुनाव कराया जाना है। चुनाव में इस्तेमाल किए जाने वाले तीन हजार 276 कंट्रोल यूनिट, तीन हजार 276 बैलेट यूनिट और तीन हजार 538 वीवीपैट को अलग से रख दिया गया है। ईवीएम पर्याप्त संख्या में होने से निर्वाचन अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। ईवीएम प्रभारी एवं एक्सईएन आरईएस सुजीत राय ने बताया कि ईवीएम पर्याप्त संख्या में है। प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने पर प्रतापगढ़ लोकसभा के 1902 बूथ पर दो-दो ईवीएम लगाई जाएंगी।

# समझकर करें प्रत्याशी का चयन: राजा भैया

**कुंडा, प्रतापगढ़**



बेतीं कोठी पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राजा भैया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने मंगलवार को बेतीं कोठी पर हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सामने अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने सोंच समझकर प्रत्याशी का चुनाव करें। कोई प्रत्याशी ऐसा नही की मैं जिम्मेदारी लूं की वह आपके लिए उपलब्ध रहेगा। नोटा का बटन न दबाने और मतदान जरूर करने की अपील की।

पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए राजा भइया ने कहा कि 30 नवंबर 2018 को पार्टी का गठन हुआ था। उसके छह माह बाद ही पार्टी द्वारा कौशम्बी व प्रतापगढ़ सीट पर लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी उतार दिया। जनसमर्थन के साथ लोगों का प्यार और स्नेह मिला। विधान परिषद में किसी पार्टी का एक भी उम्मीवार नही जीता था, लेकिन जनसत्तादल के उम्मीदवार अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने अपनी जीत दर्ज करायी थी। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों व आम लोगों की राय भी ली। बैठक में भदोही से आए विनोद सिंह फौजी, कौशम्बी के शिव त्रिपाठी, अश्वनी सिंह, हीरागंज के आशीष पांडेय, पूर्व प्रमख विवेक त्रिपाठी, लवाना प्रभाकर सिंह, प्रधान काशी यादव, डीहा सुरेश पांडेय, बाबागंज अमन मिश्र, दिनेश सिंह, शिव प्रसाद मिश्र, अरविंद शुक्ल, नसीम सेख आदि ने अपना विचार रखा।

### केंद्रीय मंत्री के साथ बेतीं पहुंचे भाजपा प्रत्याशी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के साथ मंगलवार को कौशाम्बी भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया से मिलने के लिए बेती कोठी पहुंच गए। मुलाकात में कुंवर रघुराज प्रताप सिंह ने केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। लगभग आधे घंटे तक बातचीत के बाद भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर व केंद्रीय मंत्री क्षेत्र में जनसम्पर्क के लिए निकल गए। हालांकि मुलाकात का नतीजा कुछ भी नहीं निकला।

# निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद बालक की गई जान

**पट्टी, प्रतापगढ़**

**अमृत विचार :** ढकवा में मीरपुर रोड पर स्थित प्रतीक हॉस्पिटल में सुल्तानपुर के थाना करौदी कला ग्राम सभा सगर्दे के निवासी कलपू धोबी ने चार वर्षीय नाती शिवांश को हार्निया के इलाज के लिए डा. पंकज पाल को दिखाया। उन्होंने तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी।

आरोप है कि 20 हजार रुपये नकद जमा करके सोमवार को दोपहर बच्चे का ऑपरेशन कर दिया गया। शाम छह बजे उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे रेफर कर दिया गया। अस्पताल के एक कंपाउंडर के साथ बच्चे को बदलापुर के एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया। जहां के चिकित्सक ने बताया कि बच्चे की मृत्यु कुछ देर पहले हो चुकी है। परिजनों द्वारा करौदी थाने में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। थानाध्यक्ष करौदी कला उपेंद्र सिंह ने बताया कि चिकित्सक पंकज पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। इधर, घटना की जानकारी पर सीएमओ डा. जीएम शुक्ल के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डा. आजाद अहमद के नेतृत्व में जांच के लिए टीम पहुंची और नर्सिंग होम को सील कर दिया।

# सड़क हादसे में ग्राम रोजगार सेवक की मौत

**संवाददाता, प्रतापगढ़**



ज्योत्सना।



प्रशंसिका।





देवेंद्र सिंह। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात के भदोही गांव निवासी 42 वर्षीय देवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र स्व.अवधेश सिंह रोजगार सेवक थे। 15 वर्षीय बेटी ज्योत्स्ना सिंह हनी व आठ वर्षीय प्रशंसिका सिंह गौरी को आइंस्टीन पब्लिक स्कूल से मंगलवार दोपहर स्कूल में छुट्टी के बाद स्कूटी से लिवाकर घर जा रहे थे।

बड़नपुर गांव में कटरा मेदनीगंज मार्ग पर पंचायत भवन के पास सामने से आई कुंडा फायर स्टेशन के वाहन (बोलेरो) ने जोरदार टक्कर मार दी। तेज रफ्तार में बोलेरो ने गलत दिशा में जाकर टक्कर मार दी। देवेंद्र स्कूटी समेत बोलेरो में फंस कर करीब 500 मीटर घसीटने के बाद बोलेरो रुकी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल अवस्था में देवेंद्र और घायल बेटियों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। ज्योत्स्ना व प्रशंसिका के दाहिने पैर में फ्रैक्चर व गंभीर चोट लगी है, उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद चालक राकेश मिश्र और बोलेरो पर बैठे द्वितीय अग्निशमन अधिकारी सौरभ सक्सेना मौके से हट गए। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सिटी सूर्य प्रताप सिंह, एसओ कोतवाली देहात विनीत उपाध्याय ने बोलेरो को कब्जे में लेकर थाने ले गए। हादसे की खबर पाकर अस्पताल पहुंची बीसी सखी पत्नी रोशनी सिंह दहाड़ मारकर रोती रही। देवेंद्र अपने पीछे मां, पत्नी दो बेटियां व डेढ़ वर्षीय बेटा छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### परिवार को आर्थिक मदद व पत्नी को मिले नौकरी

ग्राम रोजगार सेवक संघ पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के लोग हादसे की जानकारी पर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल पहुंचे। मृतक देवेंद्र प्रताप सिंह के स्वजनों से मिलने के बाद जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। संघ के लोगों ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंप कर मृतक के परिवार के भरणपोषण के लिए 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद, बालिग होने तक बच्चों की पढ़ाई और देखभाल का खर्च, पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग की है। जिलाध्यक्ष अनिल यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, लवलेश यादव, सतीश शुक्ला, ललित, कृष्णकांत मिश्र, लोकेश पटेल, इरशाद अहमद, संतोष पटेल, सुरेंद्र यादव समेत ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पढ़ाई के लिए डांटने पर हेड कांस्टेबल के पुत्र ने दी जान

**नैनी, अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत प्रयागपुरम मोहल्ले में हेड कांस्टेबल के किशोर पुत्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चीनी मिल के पास कॉलोनी प्रयागपुरम नैनी निवासी हेड कांस्टेबल दयाशंकर शुक्ला थाना धूमनगंज में तैनात हैं। उनके निजी आवास में अंकित शुक्ला (17) ने अपने कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर पंखे में रस्सी से फंदा बनाकर उससे झूल गया।

### प्रत्याशी ने नहीं दिया चुनाव खर्च का ब्यौरा

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार पर खर्च करने के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह अव्वल रहे है। निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक रविकांत गुप्ता और डॉ. वी नवीन कुमार के समक्ष सर्किट हाउस में पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं भाजपा सहित अन्य प्रत्याशियों ने भी अपना ब्यौरा दिया है। इलाहाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे बीजेपी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने प्रचार में हुए खर्च का पूरा लेखा-जोखा नहीं दिया है। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह प्रचार के लिए सबसे ज्यादा खर्च कर चुके हैं। सभी 14 प्रत्याशियों को अपने चुनाव के खर्च का लेखा-जोखा जमा करना था।

### संदिग्धहाल में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार :** बरसठी थाना क्षेत्र के सरसरा गांव की एक महिला ने संदिग्धहाल में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मायके वालों ने प्रताड़ित कर मार डालने का आरोप लगाया है। अजोरा बिंद (29) पत्नी विनोद बिंद की शादी को दस साल हो गए। दोनों से दो बच्चे भी हैं। पति विनोद ने घटना के संदर्भ में बताते हुए कहा कि अभी 12 को अपनी बहन के घर चकिया में मेरी पत्नी अजोरा और बच्चे साथ गए थे। कल घर पर वापस आए और रात को खाना खाकर बच्चो के साथ सोए। इसके बाद कब फांसी लगा ली पता ही नहीं चला।

### पुलिस ने गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार :** यूपी-एमपी बार्डर पर स्थित मध्य प्रदेश के हनुमना थाना प्रभारी राजेश पटेल ने सोमवार की देर शाम बाइक से बोरी में 32.30 किलोग्राम गांजा लेकर जा रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी हनुमना राजेश कुमार पटेल मय हमराह एसआई गोविंद प्रसाद तिवारी, राकेश सिंह, नितिन शुक्ल, दिवाकर सिंह, संजीव यादव के साथ मुखबिर की सूचना पर बाइक से बोरी में गांजा लेकर जा रहे आरोपित हनुमना थाना क्षेत्र के दुबगवां निवासी रामबली पटेल को बढैया स्कूल के पास से गिरफ्तार किया।

### पति को किया सुपुर्द-ए-खाक फिर प्रेमी के साथ हुई फरार

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** पति की मौत के बाद घर और रिश्तेदार शव को कब्र में दफनाने पहुंचे और दूसरी तरफ पत्नी अपने प्रेमी संग भाग निकली। घटना के बाद युवक की मौत पर पड़े पर्दे को उठाने के लिए पुलिस ने कब्र खोदवाकर युवक के शव को बाहर निकलवा लिया। पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गयी है। पूरी कहानी पति-पत्नी के प्रेमी की बताई जा रही है। घरवालों ने लड़की के प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विसरा को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है।

### पौधशाला का निरीक्षण कर काम पूरा करने के दिए निर्देश

**हलिया, मिर्जापुर, अमृत विचार :** प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर ने सोमवार की देर शाम हलिया रेंज के अंतर्गत पौधरोपण के लिए पौधे तैयार करने के लिए बनाई गई पौधशाला पहुंचकर निरीक्षण किया जहां पर मौके पर पौधे तैयार करने के लिए श्रमिकों द्वारा थैले में मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग ने वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र को फटकार लगाते हुए तीन दिन के अंदर पौधशाला के कार्य को पुरा कराने का निर्देश दिया है जिससे आगामी माह जुलाई में होने वाले पौधरोपण के लिए पौधे तैयार किए जा सके।

### जनसंपर्क कर लोगों में बढ़ा रहे भरोसा

**संवाददाता, मिर्जापुर, अमृत विचार :** 79-मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से अपना दल कमेरावादी पार्टी के उम्मीदवार दौलत सिंह पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को जिले में व्यापक जन संपर्क अभियान चलाया गया। भीषण गर्मी में तपती धूप में अपना दल (कमेरा वादी) कार्यकर्ताओं ने मड़िहान विधान सभा क्षेत्र के भागौती देई, एकली, रामपुर ढबहीं, ममनियां, बैरमपुर, शेखवा, सरिया व बाराडीह, लालपुर सहित विभिन्न ब्लाकों के दर्जनो गांवों में डोर टू डोर लोगों से जन संपर्क किया ।तथा लोगों में कार्यकर्ताओं ने विश्वास की लकीर खींचने का काम किया। जगह जगह जनसंवाद कार्यक्रम अन्तर्गत गांवों में वर्षों से अधूरी कार्यों के चलते उपजी विभिन्न समस्याओं से सांसद प्रत्याशी दौलत सिंह पटेल अवगत हुए ।इस दौरान कहा कि जिस प्रकार कमेरा वादी कार्यकर्ता घर घर जाकर जन संपर्क कर रहे है उससे विपक्षी पार्टियों की नीद उठ चुकी है। जन संपर्क में जिलाध्यक्ष अपनादल कमेरा श्याम बहादुर पटेल, संदीप सिंह, अशोक सिंह, सत्यनारायण सिंह, ओमनाथ गुप्ता, जीवन गौड़, गेना लाल मौर्य, मनीष पांडे, रोहित सिंह, संतोष पाण्डेय, राज सिंह संजो कुमार, संजय कन्नौजिया, जगदीश तिवारी, प्रदीप उपाध्याय, आसिफ अंसारी, कैलाश बिंद, राधा रमन पटेल, शमशेर बहादुर, पंकज पटेल, मनीष कुमार, नीरज प्रजापति, जीत लाल सहित पदाधिकारी शामिल रहे।

# मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग का लिया जायजा

**संवाददाता, प्रयागराज**



मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों के बीच मंगलवार को मतदान कर्मिंयों को मतदान प्रक्रिया की दी जा रही ट्रेनिंग का निरीक्षण करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के लिए बनाये गये अतिरिक्त फैसिलिटेशन सेंटर का किया निरीक्षण किया और निर्देश दिया। प्रेक्षक सामान्य डा. टीएमटी बी माहेश्वरी, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के साथ मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज व मैरी लूकस स्कूल एण्ड कॉलेज में 14 मई से शुरु हुए मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर सभी प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त करने वालर मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की बारीकियों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने पर किसी प्रकासर की कोई गलती नही हो पायेगी। जिससे बेहतर ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न करा सकेगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिको को पूरे मनोयोग एवं तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा।

# सीबीएसई की टॉप सूची में संस्कार ग्लोबल का दबदबा

**संवाददाता, प्रतापगढ़**



संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में परीक्षा परिणाम देख खुशी जताते मेधावी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिले की टॉपर सूची में संस्कार ग्लोबल स्कूल का एक बार फिर दबदबा कायम रहा। हाईस्कूल में शुभी शर्मा 493 ( 98.6 ) अंको के साथ अव्वल रही।

इंटरमीडिएट में मोहन सिंह ने 486 (97.20) अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया है ।शिक्षकों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर बधाई दी है। हाईस्कूल में शुभी शर्मा ने 98.6 प्रतिशत, वरुण सोनी 96.2, सक्षम राव 95.6, अभिनव कुमार 95.4, कृष्ण कुमार सिंह 95.4, युवराज सिंह 95.2, निखिल यादव 95 प्रतिशत, निखिल कुमार 94.6, साक्षी सिंह 94.2, हर्षवर्धन मिश्रा 94 प्रतिशत, जयश शर्मा 94 प्रतिशत, श्रेया शर्मा 94 प्रतिशत, अर्जित राज 93.8, रौनक कन्नौजिया 93.8, श्रेयश मिश्रा 93.8 ने अंक हासिल कर टॉप टेन सूची में जगह बनाई है। जबकि इंटरमीडिएट में मोहन सिंह 486 (97.2), वेदांत गुप्ता 96.6, आयुष गुप्ता 96 प्रतिशत, अखिलेश कुमार शर्मा 95.4, सुहानी गुप्ता 94.6, वंश विक्रम सिंह 94.4, जाह्नवी शुक्ला 94.4, श्रेया पांडेय 94.2, राज सोमवंशी 93.8, सिद्धार्थ 93.8, आदर्श पांडेय 93.4, कृतिका त्रिपाठी 93.2 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप टेन सूची में स्थान बनाया। चेयरपर्सन डा. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





ईआरपी के सुचारू संचालन के लिए बैठक करतीं कुलपति। अमृत विचार

### विभागाध्यक्ष समय से सूचनाओं को कराएं अपलोड: प्रो. वंदना

**संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार :** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सोमवार को ईआरपी के सुचारू रूप से संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई . कुलपति प्रो वंदना सिंह ने समन्वयकों द्वारा किये जा रहे कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष समय से अपने विभाग की सूचनाओं को अपलोड कराये। इससे जहां कार्य में पारदर्शिता आएगी वहीं बहुत सारे काम तेजी से होंगे जिसका लाभ सभी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि ई-फाइल के लिए एक टीम बनाकर कार्य करें इससे कार्य में तेजी आएगी और फाइलों की ट्रैकिंग भी आसानी से होगी। विश्वविद्यालय के अलग-अलग क्षेत्र के कोड निर्धारित करने के लिए निर्देश दिए। उपकुलसचिव अमृतलाल ने बताया कि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के अवकाश ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी हो गई है इसे शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा।

### फांसी का फंदा लगाकर किशोरी ने दी जान

**चुनार, मिर्जापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के खम्हवा जमती गाँव में सोमवार को सायंकाल कमरे के अंदर फासी के फंदा लगाकर किशोरी ने अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी गवरी फंटा थाना क्षेत्र के सूडा गांव निवासी पद्दु कि 14 वर्षीय पुत्री राधा ने सोमवार को कमरे में फासी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।घटना की सूचना पुलिस को सूचना मिलने पर कोतवाल नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम खम्हवा जमती गोलकी पहाड़ी के पास अब्दुल गफ्फार की मुर्गी फार्म है जिसमें छोटेलाल पुत्र झूठा लाल निवासी सुंडा थाना गवरी फंटा जिला लखीमपुर खीरी नौकरी करता था और साथ में अपने भतीजी राधा पुत्री पद्दू निवासी उपरोक्त रहती थी। सोमवार को कमरे में फांसी लगा ली जिससे मौत हो गई। मृतक किशोरी तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी भाई एक है जो लेवर का काम करता है।

# असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**संवाददाता, चुनार (मिर्जापुर)**



**अमृत विचारः** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा जी मोड जंगल में पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अभिनंदन द्वारा लोकसभा सम्मान निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराधी की रोकथाम अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई और अवैध शस्त्र के विरुद्ध जारी अभियान में निर्देश दिए गए थे ।निर्देश का पालन करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में चुनार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी।

चुनार कोतवाल नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखवीर द्वारा दुर्गा जी मोर जंगल में अवैध तमंचे का निर्माण की सूचना प्राप्त हुई उक्त सूचना पर थाना चुनाव पुलिस टीम द्वारा दुर्गा जी मोर से शक्तेशगढ़ जाने वाले मार्ग के जंगल में बने एक कमरे से शनि सोनकर पुत्र मोहन सोनकर निवासी सरैया सिकंदरपुर थाना चुनार जनपद मिर्जापुर को गिरफ्तार किया गया मौके से शास्त्र निर्माण में उपयूक्त भट्टी लोहे की आरी, पेशकश, हथौड़ी, छेनी प्लास लोहे की छोटी बड़ी- नाल 5अदद लोहे की पाइप 2 अदद, स्क्रू 20 अदद स्प्रिंग, 3 अदद सडसी, लोहे की फुकनी, लोहे का गुटका व टार्च सहित 1400 नगद रुपया अन्य सामग्री बरामद करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को भेजा जेल।

पूछताछ करने पर अभियुक्त शनि सोनकर ने बताया कि अवैध तमंचा बनाकर बिक्री व मरम्मत करता हूं तमंचे की बिक्री साथ-साथ हजार रुपए में भेजता हूं और अपनी जरूर की चीजे पूरा करता हूं ।गिरफ्तार करने वाली टीम चुनार कोतवाल नरेंद्र कुमार सिंह उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक हरिकेश चैकी पर चकगम्भीरा, हेड कांस्टेबल नगेंद्र कुमार सिंह विवेक राय रहे।

# भविष्य के डॉक्टरों ने चुनाव पर भी की दिल की बात

## किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों ने बेबाकी से रखें चुनावी मुद्दे

- आने वाली सरकार से आस, शिक्षा, चिकित्सा और मिले रोजगार
- लोकसभा चुनाव को लेकर एमबीबीएस छात्रों ने उठाए मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 20 मई को चुनाव है। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। हर तरफ चुनावी चर्चा का माहौल है। आने वाले समय मे देश की बागडोर किसके हाथों में होगी, इसकी जोरों पर चर्चा है। हर चुनाव में युवाओं की अधिक भागीदारी मानी जाती है।

अमृत विचार ने इसी कड़ी में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों से उनके मुद्दे जाने।



जिस पर एमबीबीएस के छात्रों ने कहा कि आने वाली सरकार ऐसी हो जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की गारंटी दे। छात्रों का कहना है कि देश की आर्थिक मजबूती में युवाओं का बड़ा योगदान होता है। उनकी काबिलियत के अनुसार यदि रोजगार मुहैया हो तो आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी सुधरेगा।

पेपर लीक होने जैसी घटनाएं हर हाल में रुकनी चाहिए। निजी कॉलेजों की मनमानी पर अंकुश लगाना भी जरूरी है। साथ ही सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल पर टिप्पणी भी की।

### जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए


विनीत मौर्य

छात्र विनीत ने कहा सरकारों को जमीन स्तर पर योजनाओं को लेकर हकीकत को परखना चाहिए। जैसे फ्री अनाज, पीएम आवास योजना में घपला हो जाता है। कोटेदार अनाज कम देता है और गांव का मुखिया अपने करीबी को पीएम आवास दिला देते हैं। ऐसे में सरकार को जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए कि जो योजना हमने लागू की है।

### आने वाली पीढ़ी को मजबूत करें


अनिमेश श्रीवास्तव

अमृत विचार से संवाद के दौरान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र अनिमेश श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के बाद शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव आया है। लेकिन बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। हम लोग दूर दराज यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। पढ़ाई के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### वादे नहीं होते पूरे


निशांत गोस्वामी

छात्र निशांत गोस्वामी ने बताया कि सरकारें वादे तो करती हैं लेकिन पूरा नहीं करती हैं। युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेपर लीक होना है। सालों साल छात्र तैयारी करते हैं। लेकिन पेपर लीक हो जाता है। इस व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए और भी कई तरह कि छात्रों के लिए चुनौतियां हैं। चिकित्सा क्षेत्र में बड़े बदलाव की जरूरत है।

### हर क्षेत्र में हुआ सुधार


तरुण कुमार

छात्र तरुण कुमार ने कहा कि देखा जाए तो बीते 10-12 सालों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। हर क्षेत्र में सुधार हुआ है। लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार हैं। सरकार को युवाओं की चुनौतियों को कम करने की योजना पर काम करना चाहिए। आज बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

# इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, भरा जोश

## बोले, हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए

राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है।

मोदी ने कहा कि हमारे बूथ पर पिछली बार जितने वोट मिले थे उसका हिसाब लगा लीजिए। इस बार वो रिकॉर्ड तोड़ना है। इसी कड़ी में उन्होंने मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है, तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। ऐसे में इस बार भी जनता का यह प्यार, यह उत्साह, यह आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ ईवीएम में भी दिखाई देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह धारा 370 हटाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था, इस सपने को हमने पूरा किया है। मेरे जीवन की सबसे बड़ी घटना जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर में बड़ी संख्या में मतदान होते देखना है। अगर श्रीनगर कर सकता है तो क्या काशी नहीं कर सकता है। इसीलिए 370 कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। मेरी इच्छा है कि हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए। यह मेरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### बिना रुके-झुके और थके मोदी ने किया है कार्य : योगी

- रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित



**राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने 10 वर्षों तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आत्मनिर्भर व विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। काशी में उनके नामांकन पर दुनिया कौतूहल व आश्चर्य से निगाह लगाई थी। यह विचार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रकट किए। योगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि काशी को नए रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर होना है, क्योंकि काशीवासियों से जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से मार्गदर्शक के रूप में प्रधानमंत्री का जुड़ाव प्रेरणादायी है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में इन नेताओं की रही मौजूदगी

कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय मंत्री व चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मछलीशहर के सांसद व प्रत्याशी बीपी सरोज, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, काशी के जिलाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अपनी ढपली अपना राग



भाजपा हिंदुस्तान की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। कोई भी बता दे कि हमने चुनावी घोषणा पत्र की बातें पूरी न की हों। हमारी कथनी-करनी में कभी अंतर नहीं रहा है। **– राजनाथ सिंह**



हम अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में फेंक देंगे। शहीदों के नाम पर हम भेदभाव नहीं होने देंगे। मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी। **– राहुल गांधी**



मुलायम के लिए पहले समाज के वर्गों की चिंता प्राथमिकता से रही है और अखिलेश के लिए सत्ता सर्वोपरि है। मोदी ने सबका साथ-सबका विकास को सिद्ध करके दिखाया। **– मोहन यादव**



किसानों की आय दोगुनी छोड़िए। न खाद मिली, मिली तो चोरी हुई। ताली थाली बजवाकर वैक्सीन लगवा दिया। किसानों को नैनो यूरिया दिलवा दी, जिसका कोई लाभ नहीं। **– अखिलेश यादव**

### इलेक्शन बायस्कोप



चुनावी मौसम में जनसभा अथवा रैली चाहे एनडीए की हो या इंडी गठबंधन की, उमड़ रही भीड़ देखते बनती है। ऐसी भीड़ को देखकर कतई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि पलड़ा किस दल का भारी है। राहुल-अखिलेश की मंगलवार को झांसी में आयोजित एक संयुक्त रैली में भीड़ का यह दृश्य नजर आया। -अमृत विचार

### वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके मोदी : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा-स्वास्थ्य और देश की तरक्की के लिए कोई हाथ नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी व चित्रा निषाद बाथम, सुबोध श्रीवास्तव और प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने कहा कि मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके हैं। कांग्रेस नेता मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि 2014 में नामांकन भरते समय मोदी ने गंगा की सफाई व काशी के लिए बड़े-बड़े वादे किये थे। वाराणसी में बंदरगाह बनाने व इससे हजारों लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था। आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया गया। इन गांवों में पानी, सड़क, शौचालय, सबको आवास जैसे कई बढ़-चढ़ कर वादे किए गए, पर उसे पूरा नहीं किया गया है। वाराणसी के सीवर और नालों की स्थिति ठीक नहीं है। वाराणसी में स्थानीय लोगों की रिपोर्ट है कि मैला ढोने की कुप्रथा के कारण 25 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# आरक्षित सीटों पर महारथियों की भी जुड़ी प्रतिष्ठा

## नेता जुटे अपने-अपने बच्चों के चुनाव प्रबन्धन में

## कई सीटों पर आ सकते हैं चौंकाने वाले परिणाम

## बाराबंकी समेत कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश में 17 आरक्षित सीटें हैं, इन सीटों पर प्रत्याशी हीं नहीं, महारथियों की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। इन सीटों पर भाजपा अपने पूर्व की भांति, 2014 चुनाव जैसा क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं सपा व कांग्रेस ने कद्दावर नेताओं के पुत्रों को प्रत्याशी बनाकर चुनौती बढ़ा दी हैं। पर्दे के पीछे महारथियों के उतरने से कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा समेत एनडीए गठबंधन ने प्रदेश की सभी आरक्षित सीटों पर विजय प्राप्त की थी, और 2019 में अपना दल (एस) के साथ 15 सीटों पर जीत दर्ज की थी। प्रदर्शन को कायम रखने के लिए भाजपा ने अधिकांश आरक्षित सीटों पर मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। मगर, वर्तमान में इन सीटों का राजनीतिक समीकरण बदल गया है।

आरक्षित सीटों की बात करें तो कौशांबी में भाजपा के मौजूदा सांसद शुमार विनोद सोनकर के सामने सपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता इंद्रजीत सरोज के पुत्र युवा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज चुनौती पेश कर रहे है। अपने पुत्र के चुनाव का पूरा प्रबन्धन इंद्रजीत खुद कर रहें हैं। यहीं हाल, मछली शहर सीट का है, भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने मुकाबले में सपा नेता तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज हैं। दोनों ही नेता अपने बच्चों को चुनाव जिताने के लिए रात-दिन एक किये हुए हैं।

इसके बाद बाराबंकी सीट की बात करें तो भाजपा के पहले प्रत्याशी व मौजूदा सांसद उपेंद्र रावत की वजह से चर्चा में आई थी। सांसद को टिकट देते ही एक वीडियो वायरल होने पर, भाजपा बैकफुट पर आ गई और प्रत्याशी बदलकर राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के तनुज पूनिया मैदान में है, जो कि पूर्व आईएएस और दिग्गज कांग्रेसी नेता पीएल पुनिया के पुत्र हैं। वहीं बसपा के शिव कुमार दोहरे चुनाव को त्रिकोणिय बनाने में जुटे हैं। शाहजहांपुर सीट पर भी भाजपा ने वर्तमान सांसद अरुण सागर उतारा है। इनका मुकाबला सपा की युवा प्रत्याशी ज्योत्सना से है।




पीएल पुनिया


इंद्रजीत सरोज


तुफानी सरोज


सुरेश खन्ना


जितिन प्रसाद


संगीता आजाद

इस सीट पर भाजपा की प्रतिष्ठा जुड़ी है क्योंकि प्रदेश सरकार के तीन मंत्री - वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़ शाहजहांपुर से जुड़े हुए हैं।

नगीना सीट पर भाजपा ने नहटौर के विधायक ओम कुमार को दिकट दिया है, सपा ने मनोज कुमार को मैदान में उतारा है। मगर इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर रावण ने ताल ठोक दी है,इससे सीट पर बदले समीकरण का खुलासा 4 जून को देखने को मिलेगा। आजमगढ़ अंतर्गत लालगंज सीट पर भाजपा की वर्तमान विधायक नीलम सोनकर का मुकाबला बसपा की डॉ. इंदू चौधरी और सपा के दरोगा प्रसाद सरोज है। यह सीट वर्तमान सांसद संगीता आजाद के लिए प्रतिष्ठा का विषय है, क्योंकि चुनाव के पहले पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया है, भाजपा को पूरी उम्मीद है, इसके आने से यह सीट भी उनके खाते में आ जाएगी। इसके अलावा इटावा सीट को हथियाने के लिए सपा ने जितेंद्र दोहरे को मैदान में उतारा है, सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर भाजपा ने प्रो. रामशंकर कठेरिया और बसपा ने सारिका सिंह बघेल को उतार कर चुनौती दी है। इसी प्रकार अन्य हर एक आरक्षित सीट पर समीकरण बदले-बदले मिल रहें हैं, भाजपा एक-एक सीट को बचाने के लिए कील कांटा मजबूत करने में लगी है, वहीं इंडिया गठबंधन ने एक-एक सीट पर कई-कई दिग्गज नेताओं को लगाकर भाजपा के मिशन 80 को धराशायी करने का मंसूबा बना रखा है।

### बंट जाते हैं वोट

राजनैतिक विश्लेषक का मानना है कि आरक्षित सीटों पर सभी उम्मीदवार अनुसूचित जाति के होते हैं। इसके चलते अनुसूचित जातियों के वोट यहां बंट जाते हैं। ऐसे में दूसरी जातियों के वोट निर्णायक हो जाते हैं। इसलिए गैर-अनुसूचित जातियों के वोटों को लेकर राजनीतिक पार्टियां अलग रणनीति बनाती हैं। क्योंकि सवर्ण जाति के मतदाताओं के पास विकल्प कम होते हैं।

### ये 17 सीटें आरक्षित

नगीना, बुलन्दशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराईच, जालौन, मोहनलालगंज कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछलीशहर, बांसगांव और रॉबर्ट्सगंज

# मुस्लिम और अनुसूचित वर्ग के मतों से बदलेगा चुनावी समीकरण

## प्रमुख दलों के प्रत्याशी लगा रहे बड़े वोट बैंक में सेंध, फेंक रहे जाति का पासा

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, बाराबंकी में राजनीतिक घमासान तेज होता चला जा रहा है। बड़े नेताओं की ताबड़तोड़ रैली की वजह से राजनीतिक लड़ाई बेहद दिलचस्प होती जा रही है। यहां अब तीनों प्रमुख दलों की निगाह अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिक गई है। इस वर्ग के यहां करीब 48 प्रतिशत से अधिक मतदाता है ,जो यदि एकजुट होकर किसी पार्टी के पक्ष में मतदान करते हैं तो जीत- हार के समीकरण काफी हद तक बदले जा सकते हैं। इसके लिए तीनों दलों के रणनीतिकार राजनीति की बिसात पर जातीय पासा फेंकने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे । हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो आना आने वाला भविष्य तय करेगा।



बाराबंकी संसदीय सीट लगातार दो बार से भाजपा के कब्जे में है। यहां भाजपा के लिए जहां हैट्रिक लगाने की चुनौती है ,तो वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव उसके अस्तित्व की लड़ाई से जुड़ी हुई है। बसपा भी अपना खोया हुआ जनाधार वापस लाने के लिए बेताब दिख रही है। लगातार दस सालों से भाजपा के कब्जे में रहने वाली इस सीट व भाजपा के वर्चस्व को ढहाने के लिए विपक्षी दल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा के टिकट से प्रियंका रावत के खिलाफ यहां से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.पीएल पुनिया तो सपा ने रामसागर को अपना प्रत्याशी बनाया था। लेकिन मोदी लहर के आगे कोई टिक न सका और विरोधी दलों को पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को तो इंडी गठबंधन ने तनुज पुनिया को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां बसपा ने शिव कुमार दोहरे को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। अब तक के समीकरणों में तीनों प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ते दिख रहे हैं। सबकी नजर इस समय अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिकी है । उन्हें साधने के लिए सभी अपने अपने मोहरे फिट कर रहे हैं। कांग्रेस से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया पिछड़ा वंचित और मुस्लिम को अपना परम्परागत वोट बैंक बता कर इन मतदाताओं को एक सूत्र में बांध कर इस बडे. वोट बैंक पर अपना एकाधिकार बताने का काम कर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी सबका साथ सबका विकास का नारा दे मतदाताओं के बीच गहरी पैठ बनाने में जुटी हैं ,और सरकार द्वारा इन वर्गों के लिए चलाए जाने वाली योजनाओं को अपनी सभी जनसभाओं में गिना कर इस वोट बैंक को अपनी ओर खींचने की कोशिश में हैं।


राजरानी रावत


तनुज पुनिया


शिव कुमार दोहरे

बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे इस वर्ग के मतदाताओं को अपना वोट बैंक बताने से नहीं चूक रहें। बसपा प्रत्याशी भी पिछड़ा ,मुस्लिम मतों को जोड़ने की जुगत में है। सियासत दारों का कहना है कि सभी प्रत्याशी और उनके खेवनहार अपनी- अपनी सियासी शतरंज पर अपने तरीके से पासे फेंक रहे हैं। अब देखना यह है कि इन तीनों वर्ग के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने के लिए की गई कसरत 20 मई को होने वाले चुनाव में किस पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करती है। मुस्लिम वंचित और पिछडी. जातियों ने जिस पार्टी की ओर अपना रुख किया उसे पार्टी के प्रत्याशी का सियासी समीकरण के साथ जीत - हार का परिदृश्य ही बदल जाएगा ।

### वर्गवार मतदाताओं की सम्भावित स्थिति




### चुनावी चक्कर

**शाह बोल रहे भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक समीक्षक भले ही अपनी-अपनी गणित लगाने में जुटे हों, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह की गणित साफ है। इन दिनों चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह बता रहे हैं कि अब तक हुए मतदान में ही भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है। शाह के मुताबिक, 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है और इन 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। अब आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। वह रैली में आने वाले लोगों से सवाल करते हैं कि बताओ कि 400 पार कराओगे क्या। जोर से बोलो कराओगे क्या। इसी सवाल के साथ वह जिस राज्य में होते हैं वहां की सीटों की संख्या बताते हुए आगे जोड़ते हैं कि यहां इतनी सीटें जीताओगे क्या। गृह मंत्री अपने उद्बोधन में ईवीएम के बारे में आ रहीं विपक्ष की शिकायतों का भी संज्ञान लेते हैं। कहते हैं, जो चुनाव हार रहे हैं वहीं ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। शाह साफतौर पर यह भी कह रहे हैं कि किसी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। सब के सब जेल जाएंगे। अमित शाह के अनुसार, राहुल बाबा को 22 जनवरी को राम लला के अभिषेक में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया था। लेकिन, उन्हें अपने वोट बैंक का डर था और वे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। जो कि 70 साल के संघर्ष के बाद आयोजित किया गया था।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 930
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राजमा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |

# यात्री वाहनों की मजबूत मांग से बिक्री 1.3% बढ़ी

## यात्री कारों की बिक्री में 23% की आई गिरावट, दोपहिया 31% और तिपहिया वाहनों की बिक्री में 14.5% का इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3% बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,79,329 इकाई रही, जो अप्रैल, 2023 की 1,48,005 इकाई से 21% अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री 23% घटकर 96,357 इकाई रह गई, जो अप्रैल, 2023 में 1,25,758 इकाई थी। पिछले महीने वैन की बिक्री 15% बढ़कर 12,060 इकाई हो गई, जो अप्रैल, 2023 में 10,508 इकाई थी।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31% बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी। बाइक बिक्री 34% बढ़कर 11,28,192 इकाई रही जो अप्रैल, 2023 में 8,39,274 इकाई थी। स्कूटर की थोक बिक्री सालाना आधार पर 25% बढ़कर 5,81,277 इकाई हो गई जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 4,64,389 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 14.5% बढ़कर 49,116 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 42,885 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी खंडों ने अप्रैल, 2023 की तुलना में अप्रैल, 2024 में वृद्धि दर्ज की है।




### पीएचएफ ने किया ईवी ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली।** पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक कार्गो वाहनों की खरीद के लिए ऋण उत्पादों को शामिल करके अपने इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाया है। कंपनी ने कहा कि अब इनमें इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन और प्रयुक्त ई-रिक्शा ऋण शामिल है। नए शामिल किये गये इलेक्ट्रिक वाहन उत्पाद मौजूदा इलेक्ट्रिक रिक्शा, ई-लोडर और अन्य एल3 ईवी ऋण उत्पादों के अतिरिक्त हैं जो पहले से ही उपलब्ध हैं। कंपनी अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण और ई-वाहनों मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी- दुपहिया वाहनों के वित्तपोषण की पेशकश करती है। कंपनी के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा पीएचएफ लीजिंग ससटेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत में इसका मतलब इलेक्ट्रिक वाहनों से है।

# कीमतों में गिरावट से भारत का पाम तेल आयात 34 % बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अप्रैल में भारत के कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 % रही

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में गिरावट से अप्रैल में भारत का पाम तेल आयात सालाना आधार पर 34.11% बढ़कर 6,84,000 टन पर पहुंच गया है।

एसईए ने कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52% थी, जिसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। इसमें कहा गया है कि गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात अप्रैल में 26% बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,50,189 टन था। एसईए ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी से सोयाबीन तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति टन गिर गईं, जबकि सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने 15 डॉलर प्रति टन कम हो गई। पाम तेलों में आरबीडी पामोलीन का आयात बढ़कर 1,24,228 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,12,248 टन था। सीपीओ (कच्चा पाम तेल) का आयात पहले के 3,93,856 टन से 36% बढ़कर 5,36,248 टन हो गया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात 3,990 टन से छह गुना होकर 23,618 टन हो गया। नरम तेलों में, सोयाबीन तेल का आयात 2,62,455 टन से बढ़कर 3,85,514 टन हो गया। हालांकि, सूरजमुखी तेल का आयात 2,49,122 टन से घटकर 2,34,801 टन रह गया। एसईए ने कहा, एक मई तक भारत के पास 22.45 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 86500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55150-55350 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,600 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,450 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 83,000 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,300 |
| चांदी पक्की | 828 (अनुमानित) |

# शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 328 अंक और चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

- खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 328 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं निफ्टी 22,200 अंक के स्तर से ऊपर चला गया। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई सेंसेक्स 328.48 अंक यानी 0.45% की बढ़त के साथ 73,104.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 510.13 अंक तक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 113.80 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,217.85 अंक पर बंद हुआ। धातु और वाहन शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

# खुदरा वायदा, विकल्प कारोबार में तेजी चिंता का विषय: सीतारमण

**मुंबई, एजेंसी**



- 10 में से नौ निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में होता है नुकसान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

उन्होंने शेयर बाजार बीएसई में कार्यक्रम में कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी न केवल बाजार के लिए बल्कि निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी को लेकर भी आने वाले समय में समस्याएं पैदा कर सकती है। सीतारमण ने कहा कि पारिवारिक बचत में एक पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। हम उसे सुरक्षित रखना चाहते हैं। बाजार नियामक सेबी के अध्ययन से पता चला है कि 10 में से नौ खुदरा निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में नुकसान होता है। वित्त मंत्री ने बीएसई से कड़े अनुपालन और मजबूत नियामकीय मानकों के जरिये निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए सेबी के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि बीएसई और एनएसई को प्रणालीगत जोखिम को कम करना चाहिए तथा बाजार की स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए।

# घटिया आयोडीन युक्त नमक मामले में टाटा केमिकल्स से हटा जुर्माना

**नागपुर।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2016 में महाराष्ट्र के बुलढाणा में खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा जारी उस आदेश को रद कर दिया है, जिसमें टाटा केमिकल्स लिमिटेड और अन्य कंपनियों पर घटिया आयोडीन युक्त नमक बनाने व बिक्री करने के लिए जुर्माना लगाया गया था।

न्यायमूर्ति अनिल एल. पानसरे ने अपने आदेश में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को भविष्य में ऐसे मामलों में प्रक्रियात्मक अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उचित सलाह या परिपत्र जारी करने का भी निर्देश दिया। टाटा केमिकल्स लिमिटेड व अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य से जुड़े मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 71 (6) के तहत 13 अक्टूबर, 2016 के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। कोर्ट ने फैसले में मामले में कई गंभीर विसंगतियों और प्रक्रियात्मक खामियों को रेखांकित किया।



## एक नजर

### आचार संहिता बन गई है मोदी संहिता: तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली।** टीएमसी ने आदर्श आचार संहिता के मोदी आचार संहिता में बदलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए कदम उठाए। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को एक पत्र सौंपने के बाद टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और सागरिका घोष ने मीडिया को संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की।

### एसआईए ने द. कश्मीर के तीन जिलों में छापेमारी की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में बिहार के एक व्यक्ति की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में एसआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) के अधिकारियों ने तड़के अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने कहा, एसआईए द्वारा यह छापेमारी 17 अप्रैल को बिजबेहरा के जबलीपोरा में रेहड़ी-पटरी लगाने वाले राजा साह की हत्या के बारे में बिजबेहरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में की गई ताकि इस हत्या के पीछे की बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके।

### त्रिपुरा की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा उग्रवादी फरार

**अगरतला।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) का एक सदस्य त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले में स्थित केंद्रीय कारागार से फरार हो गया। सिपाहीजला के जिलाधिकारी नागेश कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्य स्वर्ण कुमार के केंद्रीय कारागार से फरार होने की जानकारी मंगलवार सुबह तक हुई जब कैदियों की हाजिरी लगाई जा रही थी। उन्होंने बताया, दक्षिण त्रिपुरा के संतीरबाजार इलाके में हुई हत्या के मामले में उसे दोषी ठहराया गया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। वह केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर पिछले महीने हुई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हरपाल सिंह के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फतेहाबाद का निवासी है।

# चौथे चरण के बाद राजग को 270 सीटें: शाह

## उत्तर 24 परगना के बोनगांव की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने ईवीएम पर टीएमसी प्रमुख को घेरा

**बोनगांव, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के बाद भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 338 लोकसभा सीटों में से 270 सीटें हासिल कर ली हैं तथा एक जून को चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक 400 से अधिक सीटें हासिल हो जाएंगी।



शाह ने उत्तर 24 परगना में मतुआ समुदाय के गढ़ बोनगांव में केंद्रीय मंत्री एवं मौजूदा सांसद शांतनु ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ईवीएम को दोष देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी की आलोचना की। उन्होंने बंगाल के मतदाताओं से 42 में से 30 से अधिक सीटें भाजपा के लिए सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा, ममता दीदी आप तब खुश थीं जब आपने ईवीएम वोटिंग के जरिये सत्ता हासिल की और मुख्यमंत्री के रूप में अपने तीन कार्यकाल पूरे किये, लेकिन अब आप आसन्न हार की आशंका के कारण उन्हीं इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को दोष दे रही हैं। उन्होंने कहा कि चिटफंड घोटाला, शिक्षक नियुक्ति घोटाला, नगर निकाय नियुक्ति घोटाला, मवेशी और कोयला तस्करी घोटाले के किसी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी को जेल जाना होगा।

### सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं ममता

**बनगांव।** शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के बारे में झूठ फैला रही हैं तथा वह अपने घुसपैठियों के वोट बैंक को खुश करने के लिए मतुआ समुदाय और दलितों को नागरिकता देने का विरोध कर रही हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को सीएए के तहत नागरिकता मिलेगी।

### जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 हटाने के परिणाम दिख रहे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 निरस्त करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदान होने के एक दिन बाद गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की है। श्रीनगर में 2019 के लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाह ने एक्स पर लिखा, मतदान प्रतिशत के जरिए भी अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है और इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध किया था।

# मालीवाल मामले पर आप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- दोषी पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केजरीवाल के निजी सहायक पर मालीवाल ने बदसलूकी करने का लगाया है आरोप

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को सीएम आवास पर पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से बदसलूकी की। मालीवाल के केजरीवाल के निजी स्टाफ पर हमले का आरोप लगाने के एक दिन बाद सिंह ने मंगलवार को कहा कि आप प्रमुख केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा ने मांग की कि संजय सिंह के बयान पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि यह निंदनीय घटना है और आप मालीवाल के साथ है।

कल सुबह मालीवाल केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। वह ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थीं, तो विभव ने उनसे दुर्व्यवहार किया। केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है और कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह का यह बयान कि पार्टी इस मामले में कार्रवाई करेगी, काफी शर्मनाक है। किसी महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए थी।

### मालीवाल की सुरक्षा को लेकर आयोग चिंतित : रेखा शर्मा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने आप राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं, उन पर ऐसा कौन सा दबाव है कि वह आगे आकर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पा रही हैं। साहसी बनिये स्वाति, बोलिए।

# मुंबई में होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या हुई 14

**मुंबई, एजेंसी**

- घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर गिर गई थी 100 फुट लबी होर्डिंग
- मृतकों के परिवार को दिया जाएगा पांच -पांच लाख रुपये मुआवजा

मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी।

सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह छेड़ा नगर स्थित पेट्रोल पंप पर तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से 31 लोगों को राजावाड़ी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ चलाए जा रहे बचाव अभियान के लिए दो टीम तैनात की हैं।

### जीआरपी की जमीन से होर्डिंग हटाएगी बीएमसी

**मुंबई।** बीएमसी मुंबई के पूर्वी हिस्से छेड़ा नगर में हुए हादसे के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग मंगलवार को हटाना शुरू कर देगी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निकाय ने जीआरपी की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग को हटाने की योजना तैयार की है। इससे पहले बीएमसी ने कहा था कि उसने पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगाने के लिए मैसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

### मुख्यमंत्री शिंदे ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने कहा है कि होर्डिंग गिरने की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और शहर में लगे सभी होर्डिंग का ऑडिट कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, अवैध और खतरनाक होर्डिंग को तत्काल हटाया जाएगा। शिंदे ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार इसकी जांच कराएगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

# साइबर अपराध करने वालों की तुरंत करें शिकायत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गृह मंत्रालय ने हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की दी सलाह

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन पर करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो , नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार की ओर से नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम डॉट गो व डॉट इन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए।

# टीएमसी विधायक से धक्का मुक्की में चार महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद संदेशखालि में प्रदर्शन

- बरहमाजूर इलाके में सड़क पर टायर डालकर लगाई आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में लोगों ने स्थानीय विधायक समेत टीएमसी नेताओं से कथित तौर पर धक्का-मुक्की करने के आरोप में चार महिलाओं की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताते हुए मंगलवार को बागडीपाड़ा इलाके में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने हाथों में लाठियां लेकर रात भर पहरेदारी की। संदेशखालि में लोगों के समूह ने सोमवार को बरहमाजूर इलाके में टायरों में आग लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने भाजपा के नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए कथित वीडियो के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं को सोमवार को अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि में कथित वीडियो के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया और यौगलत सूचना फैलाने के लिए टीएमसी के स्थानीय विधायक सुकुमार महता का घेराव किया।

# एचडी रेवन्ना यौन शोषण से जुड़े अपहरण मामले में जेल से हुए रिहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की विशेष अदालत ने अश्लील वीडियो कांड से जुड़े हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले में फंसे होलेनारासीपुरा से जनता दल (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश के बाद मंगलवार को उन्हें परप्पाना अग्रहारा जेल से सशर्त रिहा कर दिया गया। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट के दिए शर्त के अनुसार वह देश से बाहर नहीं जा सकते और पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि अपहृत महिला ने पुलिस या मजिस्ट्रेट को दिए बयानों में रेवन्ना का उल्लेख नहीं किया था।

# आंबेडकर, भगत सिंह के नामों के दुरुपयोग वाली याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध वाली अर्जी पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत फायदे के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नामों का दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर करते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार को विस्तारित कर किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रतीकों या स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों की तस्वीरों एवं नामों का दुरुपयोग अपने फायदे के लिए नहीं करने देना चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने संबोधन के दौरान पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि यह न्यायालय एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन गया है। पीठ ने कहा कि याचिका में चुनिंदा तरीके से किसी को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायालय की अनिच्छा को भांपकर याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका वापस ले ली।

# चुनावी बॉण्ड: जांच की याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय से चुनावी बॉण्ड को लेकर जांच कराने संबंधी जनहित याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का मंगलवार को अनुरोध किया। याचिका में चुनावी बॉण्ड योजना में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट समूहों और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से जुड़े बदले में लाभ पहुंचाने के कथित मामलों की एसआईटी द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका को सुनवाई के लिए जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति खन्ना ने भूषण से कहा, यह प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय के विचारार्थ है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को केंद्र सरकार द्वारा लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया थ।

## आज का मुकाबला

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
पंजाब किंग्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प, लैंगर और गंभीर भी दौड़ में

**कोच की खोज**

नई दिल्ली, एजेंसी


वीवीएस लक्ष्मण


जस्टिन लैंगर


गौतम गंभीर

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं।

**वीवीएस लक्ष्मण :** अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे । 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं । उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

**गौतम गंभीर :** पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं। विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

**जस्टिन लैंगर :** एशेज और टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने कहा वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

# पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करेंगे रॉयल्स

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।

दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल



तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

# जीत के साथ दिल्ली ने खत्म किए लीग मैच

## अरशद की जुझारू पारी के बावजूद 19 रनों से हारी सुपरजाइटंस, अभिषेक और स्टब्स ने लगाए अर्धशतक


अभिषेक पोरेल
58
रन


जीत के बाद जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 | 0 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | 0 | -0.423 |

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद (57) और अभिषेक पोरेल (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 64वें मैच लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हरा दिया है।

209रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक एक के बाद एक अपने चार विकेट गवां दिये थे। क्विंटन डिकॉक (12), कप्तान के एल राहुल (5), मार्कस स्टॉयनिस (5) और दीपक हुड्डा (शून्य) और उसके आयुष बदोनी (6) रन पर आउट हुये। ऐसे संकट के समय निकोलस पूरन और कुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अरशद खान ने जमकर खेलते हुए 33 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन 27 गेंदों में सर्वाधिक (61) रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन ही बना सकी और मुकाबला 19 रन से हार गई।

इससे पहले अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मक्गर्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद अभिषेक पोरेल और शे होप ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच 92 रनों की साझेदारी हुई। पोरेल ने 33 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में कप्तान रिषभ पंत 23 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 208 का स्कोर खड़ा किया।

**61** रन की शानदार पारी खेलकर निकोलस पूरन ने रोमांचक बनाया मुकाबला

**दिल्ली 208/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क कैच नवीन बो अरशद खान | 0 | 2 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल कैच पूरन बो नवीन | 58 | 33 | 5/4 |
| शाही होप कैच राहुल बो रवि बिश्नोई | 38 | 27 | 3/2 |
| ऋषभ पंत कैच दीपक हुड्डा बो नवीन | 33 | 23 | 5/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 57 | 25 | 3/4 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 14 | 10 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** अरशद 3-0-45-1, मोहसिन 4-0-29-0, नवीन 4-0-51-2, रवि बिश्नोई 4-0-26-1, क्रुणाल 2-0-20-0, दीपक 1-0-9-0, युद्धवीर 2-0-28-0

**लखनऊ 189/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डिकॉक कैच मुकेश बो इशांत | 12 | 8 | 2/0 |
| केएल राहुल कैच मुकेश बो इशांत | 5 | 3 | 1/0 |
| मार्कस स्टॉयनिस स्टंप पंत बो अक्षर | 5 | 7 | 1/0 |
| दीपक हुड्डा पगबाधं बो इशांत | 0 | 0 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच अक्षर बो मुकेश | 61 | 27 | 6/4 |
| आयुष बदोनी कैच गुलबदीन बो स्टब्स | 6 | 9 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या स्टंप पंत बो कुलदीप | 18 | 18 | 2/0 |
| अरशद खान नाबाद | 58 | 33 | 3/5 |
| युद्धवीर सिंह कैच होप बो खलील | 14 | 7 | 1/1 |
| रवि बिश्नोई रन आउट मैकगुर्क | 2 | 2 | 0/0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 2 | 4 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, गुलबदीन 1-0-12-0, रासिख 3-0-30-0

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना



**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए मंगलवार सुबह एंटवर्प, बेल्जियम के लिए रवाना हो गई। भारत वर्तमान में शीर्ष स्तर पर नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रिलया के बाद पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम का 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम ओर अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। लंदन में एक से नौ जून तक जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

### मनिका करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर

**नई दिल्ली।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गई और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था।

### तोक्यो में खेलकर खुशी थी पर पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी : दीक्षा

**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह अधिक संतुलित और स्थिर हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी। इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरूआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे।

### मनु और विजयवीर 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल के फाइनल में

**भोपाल।** ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता विजयवीर सिद्धू ने चौथे और आखिरी ओलंपिक चयन ट्रायल में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीत ली। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 42 स्कोर किया। विजयवीर ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ओएसटी टी4 में फाइनल में 34 स्कोर किया। अभिंद्या पाटिल (35) दूसरे और सिमरनप्रीत कौर बरार (30) तीसरे स्थान पर रही। ईशा सिंह और रिदम सांगवान चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरूषों की रैपिड फायर स्पर्धा में विजयवीर ने पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला के बाद बढत बना ली।

### गौरव सेमीफाइनल में, शिवा एलोरडा कप से बाहर



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63 .5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

# क्वार्टर फाइनल में इगा का मुकाबला कीज से

रोम, एजेंसी



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवीं जीत है।

रोम में दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी। जिन्होंने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में हराया। मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन भी देखने को मिला। पोलैंड की स्वियातेक 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अमेरिका की कोको गॉफ और हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। गॉफ ने पॉला बेडोसा को हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को शिकस्त दी।

### बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

**रोम।** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की युगल जोड़ी माटेओ अर्नाल्डी और फ्रांसेस्को पासारो की जोड़ी को हराकर इटालियन ओपन 2024 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी की क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत दर्ज है। उन्होंने 52 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी और पासारो की जोडी को 6-2, 6-2 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का मुकाबला सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी से होगा। बोलेली और वावसोरी ने की जोड़ी क्रिस्टोफर यूबैंक्स और जॉन पीयर्स को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची है।

# अच्छा है इंपेक्ट प्लेयर नियम : शास्त्री

चेन्नई, एजेंसी



मौजूदा आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं। पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है। कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है।

शास्त्री ने कहा जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है, लेकिन समय के साथ, जब आप स्कोर देखते हैं- 200 और 190 रन- और फिर कुछ खिलाड़ियों ने उस अवसर का अधिकतम लाभ उठाया, तो लोग इसके बारे में अपनी सोच पर फिर विचार करने लगेंगे। शास्त्री ने नियम का समर्थन करते हुए कहा कि खेल को समय के साथ विकसित होना होगा। उन्होंने कहा इंपेक्ट प्लेयर (नियम) अच्छा है। आपको समय के साथ विकसित होना होगा।

### इंपेक्ट प्लेयर नियम हटने से बड़े स्कोर नहीं बनेंगे : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म होने के बाद भी आईपीएल मुकाबलों में बड़े स्कोर बनते रहेंगे। इंपेक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच के दौरान किसी भी समय टॉस के दौरान घोषित मूल एकादश में से किसी एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। जैसे कि रोहित शर्मा ने इसे ऑलराउंडर के लिए नुकसानदायक बताया है क्योंकि उन्हें गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिलता जबकि गांगुली जैसे कुछ अन्य इसे अच्छा बता रहे हैं।

# चैंपियंस लीग के करीब पहुंची एस्टन विला

बर्मिंघम, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट में दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियंस लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गई।

एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष चार में रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालीफाई करना तय हो जाता। एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट में पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने आत्मघाती गोल दागा। योरी टिलेमैन्स ने जल्द ही स्कोर 1-1 कर दिया। लीवरपूल ने हालांकि कोडी गेप्को और जेरेल क्वानशा के गोल से 3-1 की बढ़त बनाई। लीवरपूल की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैदान पर उतरे डुरेन ने 85वें और 88वें मिनट में गोल दागकर एस्टन विला के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। एस्टन विला की टीम अभी पांचवें स्थान पर चल रहे टोटेनहैम से पांच अंक आगे है। विला को अभी एक जबकि टोटेनहैम को दो मैच खेलने हैं। लीग की शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाती हैं। लीवरपूल की टीम एस्टन विला से 14 अंक आगे तीसरे स्थान पर है।


गोल के बाद खुशी मनाते एस्टन विला के खिलाड़ी।

### रियल सोसीदाद को हराकर बार्सीलोना दूसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना स्पेनिश लीग में सोमवार को यहां रियल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहले हाफ में सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट में गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई। राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना की टीम 35 मैच में 76 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गिरोना के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं।

### गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी, नीलामी रोकना चाहते हैं उत्तराधिकारी

**पेरिस।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आएंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डी' 'ओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमैजिन एज लाइट' प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे। इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल की थीम है- मेनी वेज टू बी एन आइकन। इसका मतलब है, एक आइकन बनने के कई तरीके। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। इससे पहले ऐश्वर्या राय कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।कांस के रेड कारपेट को फैशन वर्ल्ड में काफी अहम माना जाता है। यहां वॉक करने वाले सेलेब्स फिल्मों के प्रमोशन के साथ नए डिजाइनर्स के आउटफिट्स भी शोकेस करते हैं। इसके साथ ही फ्रांस को भी अपनी संस्कृति को पेश करने का मौका मिलता है। ऐश्वर्या राय बच्चन वर्ष 2002 से अब तक तकरीबन हर साल कांस में शामिल होती आई हैं।

# ड्यून प्रोफेसी में काम करेंगी तब्बू

**मुंबई।** बॉलीवुड की अभिनेत्री तब्बू अमेरिकन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि लाइफ ऑफ पाई और द नेमसेक जैसी इंग्लिश फिल्मों में काम करने के बाद तब्बू अब अमेरिकी टीवी की दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रहीं हैं। तब्बू को पॉपुलर अमेरिकन फिक्शन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में एक बड़ी भूमिका मिली है। कहा जा रहा है कि तब्बू इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सीरीज का पहला भाग 2019 में आया था, जिसका टाइटल था ड्यून : द सिस्टरहुड। प्रीक्वल सीरीज ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन द्वारा लिखित नॉवेल सिस्टरहुड ऑफ ड्यूनसे प्रेरित है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## जागरूकता रैली



बीएसएफ के जवानों ने युवाओं के साथ उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर जल संरक्षण, शिक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिल रैली निकाली। • एजेंसी

## मुंबई में इंजीनियर से 3.7 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने जानकारी दी।

एक निजी कंपनी में कार्यरत वाशी के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने 17 फरवरी 2024 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर में निवेश करने संबंधी लिंक देखा था। नवी मुंबई साइबर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि इंजीनियर ने लिंक पर क्लिक किया और शेयर में निवेश करने से अच्छा लाभ कमाने की जानकारी प्राप्त की। लिंक पर संपर्क करने के लिए मोबाईल नंबर भी दिया गया था। बाद में, पीड़ित ने ठगी करने वालों में से एक के साथ व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया था।

## दिल को दुरुस्त रखने में मददगार डार्क चॉकलेट, इसके हैं कई हेल्थ बेनिफिट्स

चॉकलेट का सेवन हर बार नुकसानदेह नहीं, बल्कि कई बार फायदेमंद भी हो सकता है, जैसे कि प्योर डार्क चॉकलेट का सेवन। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपको हार्ट प्रॉब्लम से बचा सकते हैं। लोग अक्सर चॉकलेट को हेल्थ के लिए खराब मानते हैं, क्योंकि इसमें हाई कैलोरी, शुगर और फैट्स हैं, जो वजन बढ़ाने से लेकर डायबिटीज के खतरे तक को बढ़ाता है। लेकिन प्योर डार्क चॉकलेट खाना आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, खासतौर पर हार्ट से बचाता है। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार कोकोआ से बने डार्क चॉकलेट को कम मात्रा में खाने से आपको एंटीऑक्सीडेंट और खनिज भी मिल जाते हैं और हार्ट डिजीज से बचने में मदद मिलती है। लेकिन इसका फायदा आपको तभी होगा जब आप बिना शुगर वाली डार्क चॉकलेट का सेवन करें। यहां डार्क चॉकलेट मिलने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

### हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है

सप्ताह में 3 बार कम मात्रा में चॉकलेट खाने से हृदय रोग का खतरा 9 प्रतिशत तक कम होता। डार्क चॉकलेट में मौजूद यौगिक एलडीएल के ऑक्सीकरण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के साथ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता, जिससे ब्लॉकेज सहित कई गंभीर हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है।

### थकावट दूर होती है

अगर आप बहुत जल्दी थक जाते हैं। तो अपने खाने में चॉकलेट को शामिल करें, इससे थकावट दूर होती है और सांस लेने की तकलीफ में आराम मिलता है।

### धमनियां रहती हैं स्वस्थ

डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट रक्त संचार को बढ़ाने के साथ व्हाइट ब्लड सेल्स को ब्लड वेसल्स की दीवारों से चिपकने से रोकती है। इससे आर्टीज में कोलेस्ट्रॉल जम नहीं पाता है और अटैक का रिस्क भी कम होता है।

### बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है

डार्क चॉकलेट में 70% कोकोआ होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है। कई पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जैसे कि पॉलीफेनोल्स, फ्लैवेनॉल्स और कैटेचिन आदि। डार्क चॉकलेट में मौजूद पॉलीफेनोल्स एलडीएल यानी कि बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

### ब्लड प्रेशर होता है कंट्रोल

कोकोआ में बायोएक्टिव कंपाउंड धमनियों में रक्त के प्रवाह में सुधार कर सकते हैं और रक्तचाप को भी कंट्रोल करता है। फ्लावोनॉल्स एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस तरह से हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क को कम कर के हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में बाढ़ से करीब 40 हजार बच्चे बेघर

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को आयी मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ आने से करीब 40 हजार बच्चे बेघर हो गये। ग्लोबल चैरिटी सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में चैरिटी के कंट्री डायरेक्टर अरशद मलिक ने कहा बच्चे सहमे हुये हैं, कई ने अपना सब कुछ खो दिया है। न केवल उनका घर और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हुआ, बल्कि वो भी जगह नष्ट हो गयी जहां वे खेलते थे। उन्होंने अपने आसपास उन सभी को भी खो दिया है, जिनसे वे परिचित थे। अब उनकी दिनचर्या पहले जैसी नहीं रही।

### मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का सह-अध्यक्ष पद छोड़ेगीं

**न्यूयॉर्क।** मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने और उनके पूर्व पति बिल गेट्स ने इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की थी और उसे पिछले 20 वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े परोपकारी संगठनों में से एक बनाया। मेलिंडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा गहन चिंतन और विचार के बाद मैंने बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा देने का फैसला किया है, फाउंडेशन में मेरा आखिरी दिन सात जून होगा।

### ड्यून प्रोफेसी का हिस्सा बनीं अभिनेत्री तब्बू

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री तब्बू निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की लोकप्रिय सीरीज ड्यून प्रोफेसी में अभिनय करेंगी।



वेरायटी की खबर के मुताबिक तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका में नजर आएंगी। यह किरदार बेहद बुद्धिमान, तेज-तर्रार, खूबसूरत और साहसी सिस्टर का है। ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून पर आधारित है। पहले इसका शीर्षक ड्यून : द सिस्टरहुड था। निर्माताओं ने अभी तक ड्यून : प्रोफेसी के प्रीमियर की तारीख की घोषणा नहीं की है।

### ब्रिटेन को लेजर हथियारों से युक्त छह नए जहाज मिलेंगे

**लंदन।** ब्रिटेन की नौसेना को छह नए मल्टी-रोल सपोर्ट जहाज (एमआरएसएस) मिलेंगे। यह जहाज ड्रोन लॉन्च करने में सक्षम और ड्रैगनफायर लेजर से लैस होंगे। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के हवाले से खबर दी है। रिपोर्ट में सोमवार को कहा गया कि नए जहाजों का निर्माण शुरू हो गया है। इन जहाजों में हेलीकॉप्टरों के लिए एक हैंगर भी होगा।

# चाबहार पोर्ट डील पर बौखलाया अमेरिका, दे दी भारत को चेतावनी

## कहा- भारत विदेश नीतियों पर खुद फैसला करे, ईरान से व्यापार बढ़ाया तो बैन का खतरा

वाशिंगटन, एजेंसी

• भारत को 10 साल के लिए मिला चाबहार पोर्ट

भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने वॉर्निंग दी है। अमेरिका ने कहा है कि ईरान से व्यापार करने की वजह से भारत पर पाबंदियों का खतरा रहेगा। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान चाबहार पोर्ट की डील पर सवाल किया गया।

इस पर पटेल ने कहा हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा।

भारत ने सोमवार को ईरान के चाबहार पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था। भारत और ईरान कई वर्षों से चाबहार पर काम कर रहे हैं। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान व सेंट्रल एशिया से व्यापार का नया रूट मिल जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी। यह पोर्ट एक तरह से भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए ऑप्शनल रास्ता मुहैया कराएगा। भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी।



### इसलिए चाबहार पोर्ट भारत के लिए जरूरी

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था। पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था। हालांकि, दोनों देशों में सीमा विवाद के चलते भारत को पाकिस्तान के अलावा भी एक विकल्प की तलाश थी। चाबहार बंदरगाह के विकास के बाद से अफगानिस्तान माल भेजने का यह सबसे अच्छा रास्ता है। भारत अफगानिस्तान को गेंहू भी इस रास्ते से भेज रहा है। अफगानिस्तान के अलावा यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशियाई देशों के भी रास्ते खोलेगा। इन देशों से गैस और तेल भी इस पोर्ट के जरिए लाया जा सकता है। चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट की तुलना में भारत के रणनीतिक पोर्ट के तौर पर देखा जा रहा है। ग्वादर को बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन विकसित कर रहा है। भारत इस पोर्ट के चीन और पाकिस्तान पर भी नजर रख पाएगा।

### ईरान पर अमेरिका ने लगा रखे है प्रतिबंध

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान पर लगभग सभी व्यापार प्रतिबंध लगा चुका है। अमेरिकी सरकार ने देश में ईरान की सारी संपत्तियों को भी ब्लॉक कर रखा है। साथ ही अमेरिका ने सहयोगियों देशों को भी ईरान की सहायता करने और हथियार की ब्रिकी करने से रोक रखा है। अमेरिका ने ये पाबंदियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकारों का उल्लंघन और आतंकी संगठनों को समर्थन देने की वजह से लगाई हैं। इसी के साथ ईरान वह देश है जिसपर अमेरिका ने सबसे ज्यादा प्रतिबंध लगाए हुए हैं। पिछले महीने ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका ने ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, ईरान रक्षा मंत्रालय और ईरानी शासन से जुड़ी मिसाइलें और ड्रोन प्रोडक्शन वाली कंपनीज पर कार्रवाई की थी।

## संरा में फिलिस्तीन की सदस्यता का भारत ने किया समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को रेखांकित करते हुए कहा है कि सीधी एवं सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा। भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना चाहिए तथा इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से पुनर्विचार करे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को कहा कि अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फिलिस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में पुनर्विचार करेगी और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा। शुक्रवार को एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई, जहां संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने को पिछले साल मई में यूएई ने पेश किया था।

## यूएन में कार्यरत भारतीय सेना के पूर्व अफसर की गाजा में मौत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

• संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया

गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं। काले ने सेना की 11वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स में अपनी सेवाएं दी थीं। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

**संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताया दुख :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और जांच का आह्वान किया।



वैभव अनिल काले (फाईल फोटो)।

### साढ़े चार लाख लोगों ने गाजा का राफा शहर छोड़ा

**गाजा/तेल अवीव।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि तटीय पट्टी के दक्षिण में भारी लड़ाई से बचने की कोशिश में एक सप्ताह के भीतर लगभग 4,50,000 लोगों ने गाजा के राफा शहर को छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने एक्स पर लिखा राफा में सड़कें खाली हैं क्योंकि परिवार सुरक्षा की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

## यौन उत्पीड़न के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रोफेसर गिरफ्तार

**कन्नूर (केरल)।** केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफसर को एक युवती का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के एक मनोरंजन पार्क की है।

कासरगोड में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाने वाले आरोपी इफ्तिकार अहमद बी को युवती की शिकायत के आधार पर सोमवार को यहां विस्मय मनोरंजन पार्क में रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। घटना उस समय हुई, जब 22 वर्षीय शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य मनोरंजन पार्क के वेव पूल में समय बिता रहे थे।

## पीओके में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत



इस्लामाबाद, एजेंसी

• मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ हुई झड़प

पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई व छह घायल हो गए।

मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

## केरल में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में मंगलवार तड़के एक सड़क हादसे में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार आज तड़के तीन बजे एंबुलेंस के बिजली के खंभे से टकराने से उसमें आग लग गई। जिससे एक महिला मरीज की जलकर मौत हो गयी।

उसे तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी इसलिए उसे उलियारी के मालाबार मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुलोचना को एस्टर एमआईएमएस अस्पताल ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार चालाक ने नियंत्रण खो दिया जिससे एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकरा गयी और फिर पास की एक इमारत में जा घुसी।

## व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम

वाशिंगटन, एजेंसी

• व्हाइट हाउस के आयोजनों में लगातार शामिल किया जा रहा है भारतीय लोकप्रिय व्यंजन

व्हाइट हाउस में आयोजित होने वाले समारोहों के मेन्यू में भारत का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगातार जगह पा रहा है। पिछले साल भी कई मौकों पर इसे मेन्यू में शामिल किया गया था।

सोमवार को विरासत माह के जश्न के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रोज गार्डन में आयोजित किए गए समारोह में मेहमानों को गोलगप्पा भी खिलाया गया। इस समारोह में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति समेत कई एशियाई अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी लोगों ने शिरकत की। अभी तक व्हाइट हाउस के लिए समारोहों के मेन्यू में समोसा ही देखने को मिलता था लेकिन अब गोलगप्पे को भी कई मौकों पर मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।



व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने बताया कि पिछले साल जब मैं यहां आया था तो उस समय भी गोलगप्पा/पानीपूरी मेन्यू में शामिल था। इस साल भी मैं उसका स्वाद चखने को उत्सुक था और तभी अचानक एक वेटर पानीपूरी/गोलगप्पा लेकर आया।

### सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा से गूंजा व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के व्हाइट हाउस में वार्षिक एशियाई अमेरिकी, नेटिव हवाई और पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस समेत कई एशियाई और अमेरिकी वहां मौजूद थे। व्हाइट हाउस में इस खास उपलक्ष्य पर मरीन बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई। सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूद भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने इस देशभक्ति गीत की धुन को दो बार बजाया।

## डीएचएफएल घोटाला : सीबीआई ने धीरज वधावन को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

• 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी

सीबीआई ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि वधावन को सोमवार रात को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डीएचएफएल के पूर्व निदेशक और उनके भाई कपिल को इस मामले में पहले 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने 15 अक्टूबर, 2022 को कपिल और धीरज सहित 75 प्रतिष्ठानों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें विशेष अदालत ने तीन दिसंबर, 2022 को इस आधार पर जमानत दे दी थी कि जांच अधूरी है और दायर आरोप पत्र टुकड़ों में पेश किया है।

इस आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

**खगोल विज्ञान** — कम ही लोग जानते हैं उपग्रह आकाशगंगाओ के बारे में

## व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं उपग्रह आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आकाशगंगाओं से हर कोई परिचित है, लेकिन उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते हैं। जिनका अस्तित्व अब तक सीमित माना जाता है, लेकिन हाल की खोज बताती है कि इनकी संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक है।

जापान की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है और इनकी वास्तविकता का पता लगाया है। उपग्रह आकाशगंगाओं की अपनी अलग दुनिया है। इनके बारे में अभी तक हुई खोजबीन बेहद कम हैं। जिस कारण ब्रह्मांड में अपना अलग स्थान रखने वाली उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे अधिक लोगों को जानकरी नही है। पूर्व में माना जाता था कि इनकी संख्या मात्र 9 है, जबकि नई खोज बताती है कि यह ब्रह्मांड के एक बढ़े हिस्से में हो सकती हैं। फिलहाल 61 उपग्रह आकाशगंगा हाल में खोजी गई हैं।

जिनमें बड़े और छोटे मैगेलैनिक बादल के उपग्रह आकाशगंगा शामिल हैं। यह खोज 1.4 मिलियन प्रकाश वर्ष के भीतर दायरे में कई गई है। जापान की सुबारू दूरबीन के जरिए यह खोज की गई है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि फिलहाल उन्होंने आकाश के केवल 3 प्रतिशत भाग में ही खोज की है।

हमारी आकाशगंगा की परिक्रमा करने वाली अधिकांश उपग्रह आकाशगंगाएँ नवागंतुक हैं, जो छोटे बड़े मैगेलैनिक बादल में सिमटी हैं और इन्हें नवागंतुक माना जाता हैं। इनका विस्तार निरंतर जारी है। इनकी ऑर्बिट के बारे में निश्चित पता अभी नही लग पाया है। बहरहाल यह जानकारी जुटाने के लिए सुबारू दूरबीन से डेटा एकत्र का कार्य चल जिसका पता जल्द लग जाएगा। हवाई के मौना केआ में सुबारू टेलीस्कोप एक 8.2 मीटर व्यास की टेलीस्कोप है ।



उपग्रह आकाशगंगा की तस्वीर।

### बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है

उपग्रह आकाशगंगा सीमित आकार लिए एक छोटी आकाशगंगा है, जो आकाशगंगा की परिक्रमा करती हैं। इन्हें बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है। यह मेजबान आकाशगंगा की गुरुत्वाकर्षण के आकर्षण के भीतर बंधी हुई कक्षाओं में यात्रा करती है। इनकी विस्तृत जानकारी के लिए अधिक शोध किए जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हाल में हुई खोज से इस दिशा में खोज का दायरा बढ़ेगा। जिसमें दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक शामिल होंगे।

## मोदी के लिए खाना पकाने की ममता की पेशकश पर विवाद

कोलकाता, एजेंसी

• भाजपा ने राजनीतिक एजेंडा करार दिया, माकपा ने इसे टीएमसी व भाजपा के बीच सहमति बताया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए खाना पकाने की पेशकश पर अलग-अलग राजनीतिक दलों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। जहां भाजपा ने इसे राजनीतिक एजेंडा करार दिया, वहीं माकपा ने इसे टीएमसी-भाजपा के बीच सहमति बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान को लेकर उन पर तंज कसते हुए ममता ने सोमवार को कहा था कि अगर वह (मोदी) चाहें तो मैं उनके लिए खाना पकाने को तैयार हूं लेकिन वह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि मोदी उनके हाथ का पका खाना खाएंगे या नहीं। मोदी ने पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर ऐसे समय में मछली खाने को लेकर कटाक्ष किया था, जिस दौरान हिंदू मांसाहार के सेवन से परहेज करते हैं। भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा ममता बनर्जी, मोदी जी को अपने हाथ की बनी मछली और चावल खिलाना चाहती हैं। अच्छा प्रस्ताव है। लेकिन उससे पहले वह अपने विश्वस्त फिरहाद हकीम को सुअर का मांस खिलाइये? इससे तीन उद्देश्य पूरे होंगे, पहला धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा मिलेगा, दूसरा लोगों को मालूम पड़ेगा कि कोई भी चीज घर से शुरू होती है और तीसरा पकौड़े की भी प्रशंसा हो जाएगी।